दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 350 | जयपुर | गुरूवार, 24 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## सोने-चांदी के रेट ऑल टाइम हाई पर पहुंचे

### 10 ग्राम सोने की कीमत पहुंची 80800, चांदी 1700 रुपए महंगी हुई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई अस्थिरता का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। दीपोत्सव का पर्व शुरू होने से पहले ही भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बुधवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 500 रुपए और चांदी की कीमत में 1700 रुपए की तेजी आई है। इसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़ाकर 80 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। जबकि 1 किलो चांदी की कीमत एक लाख 2000 के रिकॉर्ड स्तर पर आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार भारतीय बाजार में दीपोत्सव तक सोने और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। सर्राफा व्यापारी अमित अग्रवाल ने बताया- वैश्विक अस्थिरता की वजह से लगातार भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में इजाफे का सिलसिला जारी है। जो दीपावली तक जारी रहेगा। इसकी वजह से 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर 85 हजार रुपए जबकि 1 किलो चांदी की कीमत बढ़कर एक लाख 5000 रुपए के ऑल टाइम हाई स्तर को भी छू सकती है। हालांकि इसके बाद कीमती धातुओं की कीमत में मामूली गिरावट आने की संभावना भी बनी रहेगी। जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80 हजार 800 रुपए पर आ गई है। जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 75 हजार 600 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 61 हजार 200 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 49 हजार रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 2000 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

## जयपुर-दिल्ली हाईवे पर बस-ट्रॉले की टक्कर में तीन की मौत, 46 लोग घायल



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली-बहरोड़ ( नि.स. )।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रॉले से बस टकरा गई। बस ड्राइवर सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें 2 महिलाएं शामिल हैं। 46 बस यात्री घायल हुए हैं। गंभीर स्थिति में 17 घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि बस यात्री अजमेर से दिल्ली राधास्वामी के सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। हादसा कोटपूतली में कंवरपुरा स्टैंड पर बुधवार सुबह करीब 5 बजे हुआ।

### आगे चल रहे ट्रॉले से बस टकराई

कोटपूतली थाना अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया- नेशनल हाईवे पर स्लीपर बस अजमेर से रवाना होकर दिल्ली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कंवरपुरा स्टैंड के पास आगे चल रहे ट्रॉले से जा टकराई। सभी घायलों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर रूप से जख्मी श्रद्धालुओं को जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर कलेक्टर, एडीएम, एसपी समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारी हॉस्पिटल पहुंच गए।

### ड्राइवर ट्रॉला लेकर भागा

थाना अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया- हादसे के बाद ड्राइवर ट्रॉला लेकर फरार हो गया। पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी करवाई है। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि बस में कुल 49 लोग सवार थे। सभी यात्री अजमेर और आसपास के हैं। सत्संग के लिए अजमेर से चार बसें एक साथ निकली थीं। इसमें से एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मृतकों में अलवर निवासी माया, ब्यावर निवासी सुनीता साहू और बस के ड्राइवर जयपुर निवासी विशाल शर्मा शामिल हैं। हॉस्पिटल को पूरी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में दरबार मूव की बहाली में जुटी अब्दुल्ला सरकार

### अगली कैबिनेट बैठक में फैसला संभव; 152 साल पुरानी परंपरा को दोबारा शुरू करने की तैयारी

**जम्मू ( एजेंसी )।** उमर अब्दुल्ला की सरकार जम्मू-कश्मीर में 150 साल पुरानी दरबार मूव परंपरा को फिर से बहाल करने की तैयारी में है। इसके दोबारा शुरू करने के पीछे तर्क है कि इस परंपरा के बंद होने से जम्मू में कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। जम्मू को दरबार मूव की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर और जम्मू के बीच राजधानी को ट्रांसफर स्थानांतरित करने से संबंधित 152 साल पुराने दरबार मूव को एलजी मनोज सिन्हा ने जून 2021 में समाप्त कर दिया गया था। दरबार मूव परंपरा को 1872 में जम्मू-कश्मीर के डोगरा राजवंश के महाराजा रणबीर सिंह ने शुरू किया था। गर्मी आने पर वे जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर शिफ्ट कर देते थे। और जब सर्दियां आती थीं तब जम्मू शिफ्ट कर देते थे।



### 5 साल बाद मोदी-जिनपिंग की द्विपक्षीय बातचीत, दोनों नेताओं ने 50 मिनट चर्चा की

# आतंक पर दोहरे रवैये की जगह नहीं : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**कजान ( एजेंसी )।** रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत हुई। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बाइलेटरल मीटिंग हुई। मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति रहे ये हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। मुझे यकीन है कि हम खुले मन से बातचीत करेंगे और हमारी चर्चा सकारात्मक होगी।

जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को अपने मतभेदों को सही तरीके से संभालना चाहिए। भारत और चीन को अपने संबंधों को सामान्य बनाए रखने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए। तभी दोनों देश अपने विकास के टार्गेट को पूरा कर पाएंगे। कजान में आज ब्रिक्स समिट का दूसरा दिन है। पीएम मोदी दो मीटिंग में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ब्रिक्स देशों को आतंकवाद के खिलाफ एक साथ लड़ना होगा। इस पर दोहरा रवैया नहीं होना चाहिए। यूएनएससी में रिफॉर्म करना जरूरी है। एक अन्य स्पीच में पीएम ने कहा, ब्रिक्स नए स्वरूप में विश्व की 40% मानवता और लगभग 30% इकोनॉमी का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले 2 दशक में संगठन ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। मुझे उम्मीद है कि ब्रिक्स वैश्विक चुनौतियों के लिए और अधिक प्रभावी माध्यम बनकर उभरेगा। पीएम ने कहा कि हम युद्ध नहीं, डायलॉग और डिप्लोमेसी का समर्थन करते हैं और जिस तरह हमने मिलकर कोविड जैसी चुनौती को परास्त किया। उसी तरह हम भावी पीढ़ी के सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करने में पूरी तरह सक्षम हैं।



### मोदी-जिनपिंग ने पेट्रोलिंग समझौते का स्वागत किया

मोदी-जिनपिंग की बातचीत के बाद भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिस्री ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि दोनों नेताओं की 5 साल बाद बातचीत हुई है। दोनों देशों के नेताओं ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग समझौते का स्वागत किया है।

### मोदी-जिनपिंग के बीच बातचीत खत्म

प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच 5 साल बाद द्विपक्षीय बातचीत खत्म हो गई है। यह बातचीत ब्रिक्स की मीटिंग से अलग हुई। दोनों नेताओं के बीच करीब 50 मिनट तक बातचीत हुई।

### ब्रिक्स 40% मानवता और 30% इकोनॉमी का प्रतिनिधित्व करता है

पीएम मोदी ने संबोधन के दौरान नए देशों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नए स्वरूप में विश्व की 40% मानवता और लगभग 30% इकोनॉमी का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले 2 दशक में संगठन ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं।

## प्रियंका ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन भरा

### बोलीं- 35 साल पिता, मां, भाई के लिए कैंपेन किया, पहली बार अपने लिए समर्थन मांग रही

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो के बाद वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। प्रियंका ने नामांकन से पहले कहा- जब मैं 17 साल की थी, तब मैंने पहली बार पिता के लिए 1989 में कैंपेन किया था। तब से इन 35 साल के दौरान मां, भाई के लिए वोट मांगें। अब पहली बार खुद के लिए समर्थन मांग रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड देश का



ऐसा क्षेत्र है जहां से 2 सांसद हैं। एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। दोनों वायनाड के लिए काम करेंगे। प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

### प्रियंका की स्पीच की बातें...

**सत्ता में आए लोगों ने नफरत का इस्तेमाल किया:** जो लोग सत्ता में हैं, उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए नफरत का इस्तेमाल किया। उन्होंने अलगाव पैदा किया। यह वह राजनीति नहीं है जिस पर हमारा राष्ट्र बना था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारा स्वतंत्रता आंदोलन समानता और हर धर्म के प्रति सम्मान से प्रेरित था।

**हम सत्य और न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं:** ईसा मसीह हमें विनम्रता के बारे में सिखाते हैं। बुद्ध की शिक्षाएं हमें अहिंसा का मार्ग दिखाती हैं। राष्ट्रवाद की इन्हीं वैल्यूज के लिए आज हम लड़ रहे हैं। हम सत्य, न्याय और समानता के लिए लड़ रहे हैं। इन्हीं मूल्यों ने मेरे भाई को प्रेम और एकता के लिए पूरे भारत में चलने के लिए प्रेरित किया।

## जयपुर-देवली हाईवे पर हादसे वाले 5 ब्लैक स्पॉट

### 3 जगहों पर बनेंगे फ्लाइओवर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर से टोंक-देवली के लिए बने 4 लेन हाईवे पर मौजूद 5 ब्लैक स्पॉट को ठीक करने का काम अगले साल से शुरू होगा। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने इन पांच ब्लैक स्पॉट में से 3 पर फ्लाई ओवर, जबकि दो पर सर्विस लेन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य ने बताया- जयपुर जिले की सीमा में दो जगहों पर, जबकि टोंक जिले की सीमा में तीन जगहों पर इस हाईवे पर ऐसे कट और मोड़ हैं। जहां रोड एक्सीडेंट ज्यादा होते है। इन एरिया को एनएचएआई ने ब्लैक स्पॉट की सूची में शामिल किया है।

## बबीता फोगाट बोलीं-साक्षी किताब के चक्कर में ईमान बेच गईं

### कहा- विनेश विधायक बनीं, बजरंग को पद मिला; दीदी तुमको कुछ न मिला

बढ़ता राजस्थान

**चरखी दादरी।** हरियाणा की रेसलर साक्षी मलिक ने ऑटोबायोग्राफी विटनेस के लॉन्च में कहा था- बीजेपी नेता बबीता फोगाट ने उन्हें भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन के लिए उकसाया था। उन्होंने ही इसकी परमिशन दिलाई थी। बबीता फोगाट बृजभूषण को हटाकर खुद डब्ल्यूएफआई की अध्यक्ष बनना चाहती थीं।

बबीता फोगाट ने साक्षी के आरोपों का जवाब दिया है। बबीता ने सोशल मीडिया पर लिखा- खुद के किरदार से जगमगाओ, उधार की रोशनी कब तक चलेगी किसी को विधानसभा मिला, किसी को मिला पद, दीदी तुमको कुछ न मिला, हम समझ सकते है तुम्हारा दर्द। किताब बेचने के चक्कर में अपना ईमान बेच गई। बता दें कि विनेश कांग्रेस में शामिल होकर हरियाणा की जुलाना सीट से रूबरू बन चुकी हैं। बजरंग पूनिया को कांग्रेस ने ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का वाइस चेयरमैन बनाया है।

### बबीता के विस्तृत बयान की 3 बातें...

#### 1. बबीता बोलीं- साक्षी के आरोप बेबुनियाद

बबीता फोगाट ने साक्षी के आरोपों के बाद उनका जवाब भी दिया है। उन्होंने कहा कि साक्षी मलिक बेबुनियाद आरोप लगा रही हैं। वह (साक्षी) कल यह भी कह सकती हैं कि यौन शोषण के आरोप भी बबीता ने लगवाए हैं। इसके बाद वह यह भी कह सकती हैं कि शोषण ही बबीता ने किया है। वह बार-बार बेबुनियाद आरोप लगा रही हैं। वह यह भी कह सकती हैं कि राष्ट्रीय मेडलों को गंगा में बहाने का प्लान भी बबीता ने बनाया था। देश के प्रधानमंत्री के घर के बाहर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवॉर्डों को जमीन पर रखने का प्लान भी बबीता ने दिया था।

#### 2. कांग्रेस से जोड़ा साक्षी का कनेक्शन

बबीता ने कहा- साक्षी को स्पष्ट करना चाहिए और बताना चाहिए कि प्रियंका गांधी वहां (धरना स्थल पर) खाना किसके लिए भेजती थीं दूसरी बार परमिशन किसने दिलाई? ये तथ्य भी सामने रखने चाहिए। दीपेंद्र



हुड्डा, भूपेंद्र हुड्डा वहां धरने के अंदर क्या कर रहे थे? उन्हें बताना चाहिए।

उन्हें किताब लॉन्च करने के लिए भी बबीता फोगाट के नाम की जरूरत पड़ गई। मेरे नाम के बिना तो उनकी किताब भी लॉन्च नहीं हो रही थी। मुझे लगता है कि उन्हें मेरे नाम से ज्यादा प्यार है।

#### 3. मेरे पास कोई पद होता तो वह मैं साक्षी को दे देती

डब्ल्यूएफआई पद पर बैठने के आरोप पर बबीता ने कहा- मेरे पास कोई पद नहीं है और मुझे चाहिए भी नहीं। साक्षी मलिक तो खुद एक इंटरव्यू में कह चुकी हैं कि वह डब्ल्यूएफआई की अध्यक्ष बन सकती हैं। फिर आरोप मुझ पर लगाने का क्या मतलब?

श्री त्र्यबकेश्वरायनम:
श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित
श्री. उमेश यशवंत शिखरे
चि. श्रीहरी उमेश शिखरे
मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने
पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वरर, जि. नासिक

हमारे यहां कालसर्प शांति, नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सभी धार्मिक किये जाते है।
बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है।
यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान, ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी, कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# डीजीपी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में योगदान के लिए 45 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पुलिस महानिदेशक और राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (आरपीआईडीसीएल) के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने कहा कि पुलिस विभाग के तहत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सतत फोकस जरूरी है। साहू बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आरपीआईडीसीएल के तहत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निगरानी और रखरखाव के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉरपोरेशन द्वारा बनाई गई बिल्डिंग के लीक से हटकर डिजाइन और कार्यों में क्वालिटी के लिए एडीजी हाउसिंग तथा आरपीआईडीसीएल की प्रबंध निदेशक बिनीता ठाकुर और निगम की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना कर उनको बधाई दी। कार्यक्रम में डीजीपी ने निगम में निर्माण कार्यों के प्रबंधन एवं देखरेख से जुड़े अधिकारियों सहित 45 पुलिस कार्मिकों नगद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीजीपी ने दानाराम गेंवा, उप महाप्रबंधक (तकनीकी), रमेश कुमार, उप महाप्रबंधक जयपुर, धनराज नायक सहायक महाप्रबंधक और अनिल कुमार साहू, सहायक महाप्रबंधक (विद्युत) जयपुर को 10-10 हजार रुपए की नगद राशि के साथ प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने अर्जुन लाल जाट, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, गजेन्द्र सिंह, प्लाटून कमाण्डर, सातवीं बटालियन आरएसी, भरतपुर, राजेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस आयुक्तालय जयपुर को पांच-पांच हजार रुपए नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार गीता रावत, कांस्टेबल चतुर्थ बटालियन आरएसी चैनपुरा जयपुर, अजय कुमार त्वीनवाल, कांस्टेबल, पुलिस आयुक्तालय सौरभ उपाध्याय कांस्टेबल, एम.बी.सी. बांसवाड़ा, रामसिंह, कांस्टेबल, पांचवी बटालियन आरएसी, जयपुर, सुमन महिला कांस्टेबल, सीकर, सीताराम, कांस्टेबल, सातवीं बटालियन आरएसी भरतपुर, भूराराम, कांस्टेबल तृतीय बटालियन आरएसी, बीकानेर, धन्नाराम, कांस्टेबल, तृतीय बटालियन आरएसी, बीकानेर, मनोज, हैड कांस्टेबल, महाराणा प्रताप बटालियन, प्रतापगढ़, जसवंत, हैड कांस्टेबल, आरपीटीसी जोधपुर, मोहनसिंह, कांस्टेबल, चित्तौड़गढ, ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबल, झुन्झुनू, तुलसीराम चौहान कांस्टेबल, चतुर्थ आरएसी जयपुर, अनिता महिला कांस्टेबल, 716 चतुर्थ आरएसी चैनपुरा, जयपुर, मदन लाल कांस्टेबल, उदयपुर, देवीलाल कांस्टेबल, महाराणा प्रताप बटालियन आरएसी (आईआर) प्रतापगढ़, रामनिवास कांस्टेबल, नागौर, आजोदया महिला कांस्टेबल, नागौर, रमेश कांस्टेबल, पुलिस आयुक्तालय जोधपुर, ईश्वर कांस्टेबल, झुन्झुनू, सुगनी महिला कांस्टेबल, बीकानेर, जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल, बीकानेर और कौशल्या कांस्टेबल, तृतीय आरएसी बीकानेर को 2-2 हजार रुपए नगद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



## गरीब बच्चों को पुस्तक सामग्री वितरित की



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश पाठक समाज सेविका आलिया माहेश्वरी कार्यकारणीय अध्यक्ष मॉडल साक्षी मॉडल प्रियंका मीणा सभी मिलकर पंखशाला एनजीओ जोक डायरेक्टर कविता सक्सेना में के नेतृत्व में बुधवार को उनके पाठशाला में गरीब बच्चों को पुस्तक सामग्री वितरित की गई। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश पाठक ने बताया कि अध्यक्ष कविता पंखशाला एनजीओ के द्वारा करीब 15 सालों से इन गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। आगामी 28 अक्टूबर को संगठन और आलिया माहेश्वरी प्रियंका मीणा साक्षी सहित अन्य लोगों के द्वारा इन बच्चों को दीपावली के उपलक्ष में मिठाई और पटाखे वितरित की जाएगी।

## राजकॉम्प मामला : छत्रपाल के फर्जीवाड़ों के साथ काली कमाई से खरीदी सम्पत्ति का पता लगाने में जुटी एसीबी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजकॉम्प के जीएम (तकनीकी) छत्रपाल सिंह के फर्जीवार्डो के साथ काली कमाई से खरीदी गई सम्पत्ति का पता लगाने में जुटी है। एसीबी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नित नए चौकाने वाले खुलासे हो रहे है। 27 साल की नौकरी में छत्रपाल ने 1.49 करोड़ रुपए सैलरी ली, लेकिन एसीबी को को करोड़ों की काली कमाई के सबूत मिले हैं। छत्रपाल ने फर्जी आधार कार्ड बनाकर एक 25 लाख की लग्जरी बाइक भी खरीदी है। लग्जरी बाइक की जांच के दौरान छत्रपाल के फर्जी आधार कार्ड की जानकारी सामने आई है। आरोपी ने यह बाइक हिमाचल प्रदेश से खरीदी थी। इस मामले में एसीबी हिमाचल में मामला दर्ज करवाने की तैयारी में है।

**छत्रपाल ने दूसरी पत्नी और साले के नाम से खरीदी करोड़ों की सम्पत्ति :** छत्रपाल खुद तो करोड़पति बना साथ ही अपनी दूसरी पत्नी के नाम भी करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी। पिछले साल छत्रपाल की दूसरी पत्नी के खातों में एक ही महीने में दूसरे राज्य से 40 लाख भेजे गए थे। ये खाता इन ट्रांजैक्शन के बाद बंद कर दिया गया। आपसी ट्रांजैक्शन के चलते जांच की आंच साले (दूसरी पत्नी का भाई) तक भी पहुंच गई है। छत्रपाल की दूसरी पत्नी अंजू शर्मा भी करोड़पति हैं। छत्रपाल से अंजू शर्मा की शादी 24 अप्रैल 2022 को जयपुर में धूमधाम से हुई थी। शादी से ठीक पहले फरवरी, 2022 को छत्रपाल ने दूसरी पत्नी के नाम से अजमेर रोड पर दो सुपर लग्जरी अपार्टमेंट खरीदे थे। एयर अपार्टमेंट में 12वें और 13वें फ्लोर पर स्थिति दोनों फ्लैट की खरीद करीब 1.40 करोड़ में दिखाई गई है। इन फ्लैटों में लाखों का इंटीरियर भी हुआ है। खास बात यह है कि इसी दौरान इसी अपार्टमेंट की 14 मंजिल पर तीसरा फ्लैट छत्रपाल ने अपने नाम से खरीदा, जिसकी खरीद 87.74 लाख रुपए में दिखाई गई है। ऑनलाइन चेक करने पर एक फ्लैट की कीमत करीब 1.2 करोड़ के आस-पास है। ऐसे में तीनों फ्लैट की अनुमानित कीमत करीब 3.5 करोड़ से भी ज्यादा बनती है।छत्रपाल की दूसरी पत्नी अंजू शर्मा का भाई गाजियाबाद (यूपी) निवासी उमेश शर्मा भी एसीबी की रडार पर है। उमेश शर्मा की फर्म %ला-टेक सॉल्यूशन% सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में चल रही है। इस फर्म का पता छत्रपाल के खुद के नाम पर खरीदे गए फ्लैट का है- एयर अपार्टमेंट, फ्लैट नं. 1401, श्याम नगर, जयपुर है। उमेश की इस फर्म में 50 फीसदी हिस्सेदारी है।

## सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा : पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता की विशेष पहल

### पखवाड़े में 3 लाख 51 हजार से अधिक महिलाओं-बालिकाओं को बनाया सजग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश में 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक संचालित सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े में पुलिस थानों से जुड़ी सैकड़ों सुरक्षा सखियों द्वारा विशेष मुहिम में 3 लाख 51 हजार से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को घर-घर जाकर महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता किया गया है। प्रदेश के एक हजार से अधिक पुलिस थानों के स्तर सक्रिय सुरक्षा सखियों द्वारा घर-घर चलाई गई। अभियान में सुरक्षा सखियों ने गांव-गुवाड़, नुक्कड़-मौहल्लों और प्रमुख स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गत दिनों में गृह विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में महिला सुरक्षा के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किए थे। इसकी पालना में पुलिस मुख्यालय की मॉनिटरिंग में महिलाओं और बालिकाओं में स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से यह अभियान सभी जिलों में संचालित किया गया। सुरक्षा सखी पखवाड़े में प्रदेश के सभी थानों से जुड़ी सक्रिय सुरक्षा सखियों के माध्यम से 2 लाख 36 हजार से अधिक बालिकाओं और एक लाख 15 हजार से ज्यादा महिलाओं को जागरूक किया गया। प्रदेश में पुलिस आयुक्त, रेंज महानिरीक्षक, जिला पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपायुक्त को अभियान में सराहनीय कार्य करने वाली सुरक्षा सखियों आगामी दिनों में रेंज स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

## टारगेट पूरा करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर महिला से ठगे 1.76 लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शिप्रापथ थाना इलाके में टारगेट पूरा करने पर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक महिला से 1.76 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई रामरतन के अनुसार विजय पथ झालाना चौड़ निवासी आयशा कश्यप ने मामला दर्ज करवाया कि 7 सितम्बर को उसके मोबाइल पर एक वाट्सअप मैसेज आया। इसमें घर बैठे मोटी रकम कमाने का लालच दिया गया और इसके लिए टास्क पूरा करने की बात कहीं गई। इस पर महिला ने टास्क पूरा करने के लिए बदमाशों के दिए गए लिंक पर क्लिक किया। महिला उनके जुड गई और कई टास्क पूरे कर दिए। इसके बाद बदमाशों ने महिला को डिजीटल अरेस्ट होने का डर दिखाकर उससे कई बार में 1.76 लाख लाख रुपए खातों में डलवा लिए। महिला से साइबर ठगों ने 6 बार में 1.76 लाख रुपए ठगे है।

## राजस्थान विधानसभा उपचुनाव : अलवर में एक वाहन से 35 लाख रुपये नकद मिले

### अब तक 13.5 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध सामग्री जब्त





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव-2024 के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष और धन-बल के प्रभाव रहित निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को लुभाने वाली अवैध नकदी, शराब, नशीले पदार्थ और अन्य अवैध सामग्री के वितरण पर कड़ी नजर रखी जा रही है. इस क्रम में 7 जिलों में बुधवार तक कुल 13.5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध नकदी सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के लिए 15 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप गठित उड़न दस्तों, स्थैतिक निगरानी टीमों एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने अवैध वस्तुओं के परिवहन पर लगातार कड़ी नजर रखी है। बुधवार तक पकड़ी गई 13.5 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री में 2.5 करोड़ रुपये नकद राशि है। साथ ही इन एजेंसियों के बीच परस्पर समन्वय से 1.1 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब और लगभग 1.5 लाख रुपये कीमत की नशीले पदार्थ पकड़े गये हैं।

**आयोग की ओर से 11 पर्यवेक्षक नियोजित :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के दौरान प्रत्याशियों द्वारा चुनावी खर्च पर नियंत्रण और निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने पर्यवेक्षक नियोजित कर दिए हैं। आयोग ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एक-एक सामान्य पर्यवेक्षक और कुल 4 पुलिस पर्यवेक्षक सहित कुल 11 पर्यवेक्षक नियोजित किए हैं. सभी 7 क्षेत्रों के लिए उड़न दस्तों और स्थानिक निगरानी दल के रूप में 72-72 टीमें निगरानी कर रही हैं। पुलिस तथा आबकारी विभागों ने अंतर्राज्य एवं अंतर्जिला नाके भी स्थापित किए हैं, जिन पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

**दौसा जिले में 2 करोड़ रुपये अवैध नकद राशि**

महाजन के अनुसार, बुधवार को अलवर में एक वाहन से 35 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। आचार संहिता की अवधि के दौरान दौसा जिले में लगभग 2 करोड़ रुपये अवैध नकद राशि की जब्ती हुई है। इस अवधि में अब तक अलवर में लगभग 35 लाख रुपये और डूंगरपुर में 10.5 लाख रुपये अवैध नकद राशि मिली है । सर्वाधिक 9.78 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की फ्रीबीज़ एवं अन्य सामग्री भी जब्त हुई है।

## त्योंहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा की नमूनीकरण और नष्टीकरण की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर द्वितीय।** डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के द्वारा गठित विशेष खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा डॉ. हंसराज भदालिया (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय) के निर्देशन में बुधवार को वाटिका क्षेत्र में विभिन्न खाद्य निर्माता फर्म्स पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। वाटिका के जोधपुर मिष्ठान भंडार से सोहन पपड़ी, श्री माँजी सा जोधपुर मिष्ठान भंडार से मिश्री मावा, श्री भगवान मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, गोविंदम स्वीट्स से मावा और हरजी राम सुवा लाल मावा वाले से मावा के नमूने लिए गए। भांकरोटा स्थित भवानी मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, नारायण मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, बेसन के लड्डू, मूंग के लड्डू और पेठा के नमूने लिए गए। इस दौरान विभिन्न फर्म पर 10 और 30 किलोग्राम चाशनी, 20 किलोग्राम बासी मावा,10 किलोग्राम बासी लड्डू, 15 किलोग्राम मखन बड़ा और बासी घेवर नष्ट करवाये गए। उक्त सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अनवरत चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावटख?री करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु दीपावली पर्व पर, विशेष तौर पर, रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी द्य इस समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता, नंदकिशोर कुमावत और राजेश कुमार नागर शामिल रहे ।

## गोविन्द देव जी को आमंत्रण दे शुरू जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन

### गुलाबी नगर की खूबसूरती देखेंगे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान फोटो फेस्टिवल ओर होटल आई टी सी राजपूताना के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन का तीसरा सीजन आयोजन 17 नवंबर से होटल आईटीसी राजपुताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में भव्य एग्जिबिशन आयोजित होने जा रही है। बुधवार को जयपुर के आराध्य गोविंद देव जी को आमंत्रण दे कर शुरुआत की गई। मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में प्रबन्धक मानस गोस्वामी ने पोस्टर विमोचन किया। विमोचन में फाउंडर डायरेक्टर रेणुका कुमावत,ममता टांक, वर्ल्ड रिकॉर्ड विष्णु टांक,धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडे,सत्येंद्र सिंह,संजय मौजूद रहे।एग्जीबिशन 17 से 20 नवम्बर तक जयपुरवासी देख सकते है। एग्जीबिशन में पुराने और नए जयपुर की तस्वीरे देख सकते है। तस्वीरों में जयपुर के हेरिटेज मॉन्यूमेंट, वॉल, सिटी, मंदिर, फेस्टिवल,शहर की पुरानी, गलियां, कल्चर की बेहद खूबसूरत तस्वीरे देखने को मिलेगी। 30 अक्टूबर तक फोटो की एंट्री ली जा रही हे। जयपुर की तस्वीरें भेज सकते है।

## जेडीए द्वारा आमजन को प्रदान की जाने वाली ऑनलाईन सेवाओं हेतु निर्धारित मानक प्रक्रिया (एसओपी) पर पावर पोईन्ट प्रेजेंटेशन

### समस्त जोन उपायुक्तों एवं जोन में पदस्थापित अधिकारी/कर्मचारियों को पीपीटी के माध्यम से दी गई विस्तृत जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी के निर्देषों पर नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से जविप्रा के ऑनलाईन पोर्टल पर आमजन को प्रदान की जाने वाली सेवाओं हेतु निर्धारित नवीन मानक प्रक्रिया (एसओपी) का पावर पोईन्ट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संयुक्त आयुक्त (सिस्टम मैनेजमेंट) द्वारा अतिरिक्त आयुक्त एलपीसी एस.पी. सिंह की उपस्थिति में बुधवार को दो पारियों (प्रात: एवं सायं) में समस्त जोन उपायुक्तों एवं जोन में पदस्थापित अधिकारी/कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। जेडीसी ने बताया कि नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से जविप्रा के ऑनलाईन पोर्टल पर नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं (यथा लीजहोल्ड, नाम हस्तान्तरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र तथा उप विभाजन/पुनर्गठन) के संबंध में समय-समय पर जारी कार्यालय आदेशों में प्रदत्त व्यवस्था में समयानुरूप आंशिक संशोधन करते हुए एवं नवसृजित सेवा फ्री-होल्ड व लीज होल्ड से फ्री-होल्ड पट्टा के कार्य सम्पादन हेतु नवीन मानक प्रक्रिया (एसओपी) गत दिनों निर्धारित की गई थी, जिसकी पालना जोन उपायुक्त एवं जोन में पदस्थापित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किये जाने हेतु पॉवर पोईन्ट प्रेजेन्टेशन का आयोजन किया गया है। सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आदेश में निर्धारित मानक प्रक्रिया मानक प्रक्रिया (एसओपी) समयसीमा व क्रम की पालना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करते हुए कार्य निष्पादन किया जावेगा तथा उपायुक्त / संबंधित अतिरिक्त आयुक्त द्वारा नियमित समीक्षा की जायेगी। यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा निर्धारित कार्य प्रणाली व समयावधि में कार्यवाही नहीं की जाती है, तो पत्रावली उपायुक्त की प्क् में स्वत: अग्रेषण की व्यवस्था प्रारम्भ की जायेगी। प्रायोगिक रूप से सर्वप्रथम उक्त प्रक्रिया नाम हस्तान्तरण की सेवा के प्रकरणों में लागू की जावेगी एवं तत्पश्चात क्रमिक रूप से अन्य सभी ऑनलाईन सेवाओं में लागू किया जायेगा। इस व्यवस्था से संबंधित जोन उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी कर्मचारी को अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाकर निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित हो सकेगा।

## लो फ्लोर बस को स्लीपर कोच ने टक्कर मारी, तीस लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भांकरोटा थाना इलाके में बुधवार सुबह लो फ्लोर और स्लीपर कोच बस की टक्कर हो गई। हादसे में तीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना भांकरोटा थाना इलाके के रामचंद्र पुरा में बगरू टोल के पास हुई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। घायलों ने पुलिस को बताया कि अचानक से बस रुकने से पीछे से तेज गति से आ रही स्लीपर कोच बस टकरा गई। कई लोगों के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोट लगी। जिन्हें ठिकरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। लो फ्लोर बस चालक विनोद ने बताया कि चलती बस का गियर अटक गया था। इसके कारण बस एकदम से मुख्य सड़क पर रुक गई। पीछे से आ रही स्लीपर कोच की बस ने टक्कर मार दी। लो फ्लोर बस में बैठी तीस से ज्यादा सवारियों को चोट आई। सभी को निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

# राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर सम्मिट के माध्यम से प्रदेश को विकसित बनाने का संकल्प : गहलोत

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024, जिले में हुए करीब 2411 करोड़ के 92 एमओयू

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट कार्यक्रम प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। जिस तरीके से हमारे उद्यमियों ने राजस्थान में निवेश के लिए उत्साह दिखाया है, उसके दम पर हम कह सकते हैं कि औद्योगिक विकास के क्षेत्र में राजस्थान अब नई इबारत लिखने जा रहा है। प्रभारी मंत्री बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित होटल शक्ति पैलेस में जिला प्रशासन एवं रीको, उद्योग विभाग व लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में आयोजित राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकसित राजस्थान के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, प्रदेश के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के साथ राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट सम्मिट के माध्यम से प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है।




प्रदेश सरकार की मंशा है कि उद्योगों व उद्योगपतियों को फैसिलिटेट करें। अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए हम सभी मिलकर प्रदेश को अग्रणी राज्य व देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योग देंगे। प्रदेश सरकार की बजट घोषणाओं से प्रदेश एक छलांग के साथ अपनी कैपिटल को बढ़ाएगा। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के प्रमुख शासन सचिव तथा जिला प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक जय यादव, प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, लघु उद्योग भारती के प्रांतीय सदस्य दौलत तंवर, वासुदेव चावला, ओम सारस्वत, बसंत शर्मा सहित अतिथि मंचस्थ रहे।

उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू जिला रेगिस्तानी इलाका है। जिले में सौर उर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां के लोगों की आजीविका वर्षा पर आधारित है। जिले में मछली पालन, लकड़ी उद्योग आदि भी बड़े पैमाने पर किए जा रहे हैं।

राजस्थान में बदल रहे माहौल को देखकर ये प्रवासी अब यहां निवेश के लिए उत्सुक हैं।

यह हमारे लिए बहुत अच्छी स्थिति है। जिले में निवेश होगा तो लोगों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और जिलेवासियों को रोजगार के बेहतरीन अवसर मिलेंगे।



### एमओयू किए, राइजिंग राजस्थान ब्रॉशर का किया विमोचन

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने लक्ष्मी ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट, सूक्ष्म फाउंडेशन, गांधी विद्या मंदिर, एसबीएम एनर्जी लिमिटेड, ग्रीन डेज, आपणी पाठशाला, राठौड़ ग्रुप ऑफ होटल्स, सरदारशहर एवरग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, मीशिका वुड वर्क्स, विपा इंटरप्राइजेज सहित निवेशकों के साथ एमओयू किए। इसी के साथ जिले में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट और औद्योगिक विकास से संबंधित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया तथा राइजिंग राजस्थान ब्रॉशर का विमोचन किया गया।

# लायंस क्लब भरतपुर ब्रज वृद्धजन सम्मान एवं सेवा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** भरतपुर के लायंस क्लब ब्रज द्वारा स्थानीय एक होटल में वृद्धजन सम्मान, सेवा सप्ताह समापन एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रवीण फौजदार रीजन चेयरपर्सन, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जनक बाबू शर्मा जोन चेयरपर्सन, प्रेम पाल सिंह रीजन एडमिनिस्ट्रेटर, रामकुमार गुप्ता मुख्य वक्ता एवं सतीश मित्तल अध्यक्ष ने गणेश जी के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके की। ध्वज वंदना, 2 मिनट शांति के लिए मौन एवं राष्ट्रगान के उपरांत क्लब सदस्यों के 27 वृद्धजनों का अतिथियों द्वारा माल्यार्पण, शाल, शहद एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया। अध्यक्ष सतीश मित्तल द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण में 2 अक्टूबर 2024 से 8 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किए सेवा सप्ताह के अंतर्गत किए गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं कहा की वृद्धजन बट वृक्ष के समान होते हैं उनके पास बैठने से शांति एवं संघर्षों से लड़ने की प्रेरणा मिलती है। मुख्य वक्ता रामकुमार गुप्ता सहायक प्रांत पाल ने लायस क्लब एवं इसके द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला।

बच्चों द्वारा एवं मातृशक्ति द्वारा नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में योगेश गोयल, विनीत सिंह, नगेंद्र सिंघल, विजय गोयल, संजीव पोद्दार, कृष्ण भगवान गोयल, राजेश्वर सिंह, ओपी सिंघल , ओम प्रकाश गुप्ता, शरद बंसल, राकेश मित्तल, प्रमेद्र गुप्ता, हेमंत बंसल, सुनील गुप्ता, विष्णु मित्तल, मुकुल गोयल, राजेंद्र बंसल आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन विपिन गर्ग एवं के के सिंघल द्वारा किया गया।

# नुमाइश में दुकानदारों के हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार : गुप्ता

## भविष्य में दुकानदारों का न्यूनतम राशि से करे बीमा, समृद्ध भारत अभियान उपलब्ध करायेगा मदद

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** नुमाइश मेले में पिछले दिनों प्रकृति के प्रकोप से मेले में भारी नुकसान हुआ, जिसमें छोटे-बडे दुकानदार सभी प्रभावित हुए। सभी को धन हानि हुई, लेकिन जन हानि से सभी बच गए। चक्रवात से मेले में हुए नुकसान तथा मेला के दुकानदारों की हालत की जानकारी लेते हुए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहाँ कि इस नुकसान का राज्य सरकार को शीघ्र उपलब्ध कराने के साथ ही सुझाव दिया है कि भविष्य में मेले में आने वाले सभी दुकानदारों का



न्यूनतम राशि से बीमा अवश्य कराया जाये । निदेशक सीता राम गुप्ता ने नुमाइश में पहुंचकर दुकानदारों के हुए नुकसान का जायजा लिया और उनकी व्यथा सुनी तो वे द्रवित हो गए और विश्वास दिलाया कि संस्था एवं जन सहयोग से दुकानदारों को पर्याप्त सहायता राशि दी जाएगी ! नुकसान का जायजा लेते समय उनके साथ भूरी सिंह व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान भी थे । इसके अलावा उनके साथ सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी, पुनीत गुप्ता, विष्णु मित्तल, ओमप्रकाश ठाकुर, अनिल गर्ग, मोनू सैन आदि भी थे । गुप्ता ने दुकानदारों की व्यथा सुनते हुए जिला प्रशासन एवं मेले के आयोजक पशुपालन विभाग से मांग की है कि मेला स्थल पर भरे पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए ताकि शेष दिनों में दुकानदार अपना कारोबार कर सकें । श्री गंगा नगर से सर्कस लेकर आये बबलू ने बताया कि वह इस नुमाइश में पिछले 12 वर्षों से आकर अपनी रोजी-रोटी कमा रहा है लेकिन इस वर्ष तेज वर्षा एवं तूफ़ान के कारण पूरा टेंट फट गया जिससे उसे करीब 3 लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

# सीएमएचओ ने किया गिलुण्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

## नवीन भवन का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा/राजसमंद( नि.स. )।** सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने गिलुण्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर वहा दी जा रही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा संस्थान पर उपस्थित मरीजो से फिड बैक लिया। उन्होने क्षेत्र में मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर की गई गतिविधियों को लेकर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राष्ट्रसहना आजाद एवं सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार शर्मा के साथ समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सीएचसी में दवा वितरण केन्द्र में उपलब्ध दवाईयों एवं संस्थान पर उपलब्ध जांचो एवं अब लाभान्वित मरीजो को लेकर



विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संस्थान पर साफ - सफाई एवं स्वच्छता को लेकर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने संधारीत रिकार्ड्स के साथ ही विभिन्न विभागो, लेबर रूम एवं वार्ड्स का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मां वाउचर के लिये लाभान्वित की जाने वाली गर्भवती महिलाओं की ट्रेकिंग कर लक्षित गर्भवती महिलाओं को शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के लिये निर्देशित किया।

उन्होंने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवीन भवन का भी निरीक्षण किया तथा खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गिलुण्ड के प्रभारी अधिकारी को भवन की गुणवत्ता के साथ ही प्रोटोकॉल के अनुसार निर्माण की जांच कर जनहित में आगे की कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया।

# चेकिंग के दौरान कार में मिली 16 किलो चांदी, बिल नहीं मिला

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** झुंझुनूं में वाहन चेकिंग के दौरान एफएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक कार से 16 किलो चांदी बरामद की है। जिसकी बाजार कीमत करीब 12 लाख रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई बुधवार सुबह 11 बजे के करीब देरवाला बस स्टैंड पर की गई। एफएसटी टीम के प्रभारी शौर्य बुरी ने बताया- उपचुनाव को देखते हुए वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान झुंझुनू से सीकर जा रही एक कार को रोककर चेकिंग की तो उसमें चार बैग मिले। खोलकर देखा तो बैग में चांदी भरी हुई थी। मौके पर व्यापारी से आभूषण से संबंधित




कागज नहीं मिले। जिसके बाद जीएसटी टीम को सूचना दी गई। जीएसटी टीम ने मौके पर पहुंचकर कार व चांदी को जब्त कर भवन ले गई।

स्टेट जीएसटी टीम के संयुक्त आयुक्त उमेश जालान ने बताया- कर भवन में लाकर माल का भौतिक सत्यापन किया है। 16 किलो चांदी है। जिसकी बाजार में 12 लाख रुपए के करीब कीमत है। व्यापारी के पास माल का बिल नहीं मिला है। कर चोरी की आशंका है। व्यापारी की झुंझुनू शहर की पुरानी सब्जी मंडी में ज्वेलरी की दुकान है। छोटे छोटे कस्बों में चांदी सप्लाई करता है। पूछताछ की जा रही है।

# बॉलीवुड कलाकार कंगना रनौत ने सपरिवार जेएमबी पर लिया कचौरी का स्वाद

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** बॉलीवुड कलाकार आमतौर पर शूटिंग स्थल पर ही खाने एवं नाश्ते का स्वाद लेते है। वे शूटिंग के दौरान ही आम बाजार में निकलते है लेकिन बॉलीवुड कलाकार एवं हिमाचल प्रदेश के मण्डी लोकसभा क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने आज उदयपुर में अपने ड्राईवर से कचौरी खानें की ईच्छा जाहिर की तो ड्राईवर सीधा सुरजपोल स्थित जगदीश मिष्ठान भण्डार यानि जेएमबी मिष्ठान पर ले आया। जेएमबी के प्रोपायटर राकेश बजाज ने बताया कि शहर में 1964 से मिठाई के क्षेत्र में कार्यरत जेएमबी ने शहर एवं राज्य के अन्य शहरों में अपनी एक अलग पहिचान बनायी है। सांसद कंगना रनौत ने जेएमबी पर आधा घंटा व्यतीत कर विभिन्न प्रकार की मिठाईयों की वैरायटियों की जानकारी ली एवं उनका टेस्ट किया। टेस्ट करने के बाद मिठाई एवं कचौरी की तारीफ की। रनौत उदयपुर में अपने माता-पिता एवं अपनी बहिन के साथ उदयपुर आयी हुई है।

# एलसी वारियर्स ने लेक टाइटन्स, हल्दीघाटी योद्धाज़ ने महाराणा किंग्स को हराया

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर क्रिकेट प्रीमियर लीग के नवें दिन खेले गए पहले मैच में एलसी वॉरियर्स ने लेक टाइटंस को चार विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लेक टाइटंस की टीम एलसी वॉरियर्स की शानदार गेंदबाजी के सामने मात्र 106 रन ही बना पाई। एलसी वॉरियर्स की तरफ से मनीष धनखड़ ने दो विकेट लिये । जवाब में एलसी वॉरियर्स की टीम ने मनीष धनकड़ की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत लक्ष्य को हासिल कर लिया। धनकड़ ने 13 गेंदों में 29 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आयोजक अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि वंडर सीमेंट प्रजेंट्स यूपीएल के रात्रि कालीन मैच में हल्दीघाटी योद्धाज़ ने महाराणा किंग्स को 9 विकेट से हराया । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी महाराणा किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट होकर 143 रन बनाए। हल्दीघाटी योद्धा की तरफ से डॉ नितिन मेनारिया और सम्रादित्य सिंह ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हल्दीघाटी योद्धा ने रोहित राठौर की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत एक विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

# निरन्तर प्रयास सफलता का मूलमंत्र : डॉ. गुगड़



बढ़ता राजस्थान

**परबतसर ( नि.स. )।** हाल ही में शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन के भूगोल व्याख्याता डॉ. भंवरलाल गुगङ का ज्ञान विहार स्कूल, किनसरिया में सम्मान समारोह रखा गया। शाला सचिव गिरधारी लाल मुन्दलिया ने गुगङ का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। जिसमें डॉ. गुगङ ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकट परिस्थितियॉ व्यक्ति को आगे बढने के लिए प्रेरित करती है, हर किसी को अपने समय का सदुपयोग कर अपने सपनों को साकार करना चाहिए, उन्होंने विद्यार्थियों को कहा की आप पहले अपना लक्ष्य तय करे। इस अवसर पर शाला प्रशासक एडवोकेट नरेन्द्र सिंह खोखर ने कहा कि डॉ. गुगङ ने बहुत ही विकट परिस्थितियों में अध्ययन कर सरकारी सेवा में चयनित होकर आज राज्य स्तर पर अपनी जो पहचान बनाई है। उसके लिए विद्यालय परिवार ने उनका सम्मान किया तथा विद्यार्थियों को उनसे सीख लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉक्टर हरिराम मुन्दलिया, प्रधानाचार्य मुकेश बडारडा, अंग्रेजी माध्यम इंचार्ज प्रतिभा शर्मा, भागीरथ मल चुनिया, वसीम अकरम, संदीप सैन, ओमाराम दिवाच, विमला ऑवला, दिनेश प्रजापत, हेमवंत भार्गव आदि उपस्थित थे।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने पेसिफिक मेडिकल कॉलेज और आईआईएम का किया शैक्षणिक भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा/राजसमंद(नि.स.)।** जिला मुख्यालय पर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, राजसमंद के छात्र-छात्राओं ने आईआईएम उदयपुर और पेसिफिक मेडिकल कॉलेज, उदयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा के विभिन्न आयामों और करियर विकल्पों से परिचित कराना था। प्रधानाचार्य घनश्यान मीना ने बताया कि आईआईएम उदयपुर के भ्रमण में 12वीं कक्षा के मानविकी के 34 विद्यार्थियों, 9वीं कक्षा के मानविकी के 31 विद्यार्थी और 9वीं कक्षा के अन्य 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रों को आईआईएम के शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध कार्यों और संस्थान के शैक्षणिक वातावरण के बारे में जानकारी मिली, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरणा मिली।इसके अलावा पेसिफिक मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के शैक्षणिक भ्रमण में कुल 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 12वीं और 11वीं कक्षा के विज्ञान संकाय, साथ ही 10वीं, 9वीं, 8वीं और 6वीं कक्षा के छात्र शामिल थे। प्रधानाचार्य और शिक्षकों के निर्देशन में यह शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

## सम्पादकीय

### चीन सीमा पर हुआ समझौता
### भारतीय सेना अब कर सकेगी निगरानी, 2020 में किया था अतिक्रमण

जब भी दो देशों के बीच सीमा पर तनाव बना रहता है, तो स्वाभाविक रूप से उनका आर्थिक विकास प्रभावित होता है। इसलिए दुनिया भर में प्रयास किए जाते हैं कि पड़ोसी देशों के साथ तनाव का रिश्ता न रहे। मगर अक्सर वर्चस्ववादी नीतियों के चलते कुछ देशों में परस्पर टकराव बना रहता है। भारत और चीन के बीच भी लंबे समय से रिश्ते इसीलिए मधुर नहीं हो पाते कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की मर्यादा का पालन नहीं करता। वह अपनी विस्तारवादी नीति पर कायम है। 15 जून, 2020 को चीनी सैनिकों ने गलवान घाटी के भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया था। दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव हुआ। उसके बाद चीन ने भारत के हिस्से वाले छह क्षेत्रों में अतिक्रमण कर लिया था। तबसे लगातार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष की स्थिति बनी हुई थी। अच्छी बात है कि दोनों देशों के बीच अब अपने सैनिकों को वापस बुलाने और एलएसी पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल करने पर सहमति बन गई है। सोमवार को भारत ने इसकी सूचना जारी की थी, अब चीन ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। चीन ने कहा है कि वह भारत के साथ मिल कर सीमा संबंधी विवाद का हल निकालने का प्रयास करेगा। यह अच्छी बात है कि गलवान में हुए सैन्य संघर्ष के बाद भी चीन बिना किसी हील-हुज्जत के हमेशा बातचीत की मेज पर बैठता रहा। तब से सैन्य अधिकारी स्तर की बीस से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। इसके अलावा विदेश मंत्रियों के स्तर पर भी बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। इन्हीं बैठकों और बातचीत का नतीजा है कि चीन ने भारत के छह में से चार क्षेत्रों देपसांग, गलवान, हाटस्प्रिंग और पैंगोंग से अपनी सेना हटा ली थी। मगर अभी भी दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक में उसका कब्जा बना हुआ था। भारतीय सैनिक उन क्षेत्रों में गश्त करने नहीं जा सकते थे। ताजा समझौते के अनुसार उन दोनों क्षेत्रों को भी खोल दिया गया है। अब भारतीय सेना अपने तय क्षेत्रों में गश्त कर सकेगी। भारत ने इसे चीन का सकारात्मक रुख बताया है। दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए उनकी सेनाओं का परस्पर मेलजोल बढ़ना जरूरी है।

हालांकि चीन के किसी भी रुख पर दावे के साथ कुछ कहना मुश्किल होता है। पूर्वी लद्दाख में उसके ताजा सकारात्मक रुख से निस्संदेह भारतीय सेना का तनाव काफी कम होगा, मगर चीन कब अपना रुख बदल ले, कहना मुश्किल है। भारत के पड़ोसी देशों, पाकिस्तान और श्रीलंका में विकास परियोजनाओं के जरिए उसने अपनी मौजूदगी बढ़ाने में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर ली है। समय-समय पर वह भारतीय हिस्से वाली जगहों को अपना बता कर उनका नाम बदलता और उन्हें अपने नक्शे में दिखाता रहा है। हिंद महासागर में वह अपनी मौजूदगी बनाए रखने और बढ़ाने का लगातार प्रयास करता देखा जाता है। इसलिए उचित ही भारत कोई बड़ा दावा करने से बच रहा है। मगर यह भारत की बड़ी कामयाबी कही जाएगी कि उसने बहुत सावधानी और संयम के साथ चीन को अतिक्रमण वाली जगहों से वापस लौटने को राजी कर लिया।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से अलग 4 वर्षों के बाद भारत चीन व राष्ट्रअध्यक्षों की द्विपक्षीय वार्ता परिणामों पर दुनियाँ की नज़रें

**हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केज़ान रूस 22-24 अक्टूबर 2024 की करें तो, यह अंग्रेजी अक्षरों बीआरआईसीएस से बना है। ब्रिक्स दुनियाँ की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। जैसा कि नाम से अनुमान लगाया जा सकता है, ये देश हैं - ब्राजील, रुस, भारत, चीन और दक्षिण अफीका। ब्रिक्स के विचार की परिकल्पना वर्ष 2001 में की गई थी, जो 2006 में ब्रिक के रूप में सामने आई और 2010 में जब इस समूह में दक्षिण अफीका शामिल हुआ, तो यह ब्रिक्स बन गया। अगस्त 2023 में दक्षिण अफीका में हुए 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लिए गए निर्णय के अनुसार अब समूह में 10 देश शामिल हैं। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए पूर्ण सदस्य के रूप में ब्रिक्स में शामिल हुए हैं।**

क़र विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानीं, गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर करीब करीब सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिसमें भारत उस मंच का सदस्य है या नहीं, उसकी उपस्थिति कों नजरअंदाज नहीं किया जा सकता! जिसका सदस्य है,वहां तो अपनी बौद्धिक क्षमता का आगाज़ करता ही है,परंतु जिसमें सदस्य नहीं है उसमें भी बतौर अतिथि आमंत्रित किया जाता है। अभी हाल ही में इस्लामाबाद पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन में भारत ने उनके घर में ही यानें मेजबानी में पारदर्शिता से खरी-खरी सुनाई। आज हम इस विषय पर इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि कज़ान रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर 2024 शुरू है,भारतीय पीएम 22 अक्टूबर 2024 को कैज़ान पहुंचे जहां उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया गया ।परंतु इस 16 वें शिखर सम्मेलन के बीच जहां एक और रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास -ईरान युद्ध अपने चरम स्तरपर है वहीं भारतीय पीएम के ब्रिक्स से अलग एक द्विपक्षीय बातचीत रूस ईरान तथा विशेष रूप से 23 अगस्त 2024 को चीन के साथ करना इसकी अद्भुत विशेषता को रेखांकित करता है, क्योंकि दुनियाँ जानती है भारत शांति कायम रखने में विश्वास रखता रखता है व उसे इसमें महारत हासिल है, ऐसे वक्त में इन तीनों देशों से अलग-अलग बातचीत करना विशेष बात है, क्योंकि स्वाभाविक ही है युद्ध को रोकने संबंधी बातचीत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जो कि प्रेस रिलीज में नहीं आई है, परंतु इतना हम समझ सकते हैं कि अब वैश्विक शांति की उम्मीद बढ़ गई है ।यानें 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का सकारात्मक आगाज़ होगा व विशेष रूप से 4 वर्षों के बाद चीनी राष्ट्रपति से भारतीय पीएम के द्विपक्षीय वार्ता का सकारात्मक परिणाम का अंजाम मील का पत्थर साबित होगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,16 वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन व भारत की ईरान रूस व चीन से द्विपक्षीय वार्ता का ऐतिहासिक नतीज़े का आगाज़। ब्रिक्स आज दुनिया की 43 प्रतिशत आबादी, दुनिया के 32 प्रतिशत भूमि क्षेत्र, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 35 प्रतिशत और विश्व निर्यात का 20 प्रतिशत कवर करता है। समूह के अनुसार, यह पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग विकसित करने के अवसर प्रदान करता है जो देशों के सतत विकास और वृद्धि में योगदान देता है। साथियों बात अगर हम दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को भारतीय पीएम और रूसी राष्ट्रपति की द्विपक्षीय वार्ता की करें तो,बता दें कि इससे पहले भारतीयपीएम ने मंगलवार को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर पहले रूसी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान पीएम ने रूसी राष्ट्रपति के साथ बातचीत में कहा






कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए और भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है।पीएम ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरुआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहालीका पूर्ण समर्थन करता है। आगे कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ तालमेल और गहरे विश्वास को दर्शाती है।पीएम ने कहा,हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना ??है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। इसके बाद पीएम ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच पेजेशकियन ने पश्चिम एशिया में शांति की आवश्यकता पर बल दिया तथा सभी पक्षों के साथ अपने अच्छे संबंधों के कारण संघर्ष को कम करने में भारत की भूमिका पर जोर दिया। साथियों बात अगर हम 22 सितंबर 2024 को ईरान व भारत की द्विपक्षीय वार्ता की करें तो, पीएम ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस साल जुलाई में वें के ईरान के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की। उन्होंने चाबहार बंदरगाह, लोगों के बीच संपर्क, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों, गाजा की स्थिति, अफगानिस्तान में स्थिरता और सुरक्षा और यूक्रेन संघर्ष सहित कई विषयों पर चर्चा की।भारत और ईरान महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारभारत और ईरान के बीच लंबे समय से सभ्यतागत संबंध हैं। ईरान भारत के विस्तारित पड़ोस में स्थित है और दोनों देशों के आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण समानताएं हैं। भारत और ईरान महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार हैं।भारतीय विदेश मंत्री ने जनवरी 2024 में ईरान का दौरा किया। सितंबर 2023 में ब्रिक्स में शामिल होने के बाद यह उनकी पहली ईरान यात्रा थी।इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता पर गंभीर रूप से चिंतित भारत ने इस महीने की शुरुआत में पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति के बढ़ने पर अपनी चिंता व्यक्त की थी और सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान दोहराया था। इस साल अप्रैल में एक बयान में भारत ने कहा था कि वह इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता पर गंभीर रूप से चिंतित है, जो क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है।इसने तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने,हिंसा से पीछे हटने औरकूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। बैठक में पीएम मोदी और प्रेसिडेंट पेजेश्कियान के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने इसे सार्थक चर्चा कहा है। साथियों बात अगर हम विशेष रूप से भारतीय पीएम और चीन के राष्ट्रपति की द्विपक्षीय वार्ता की करें तोपीएम बुधवार को रूस के कज़ान में ब्रिक्स समिट के दौरान चीनी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक की,यह दोनों नेताओं के बीच पांच वर्षों में पहली औपचारिक मुलाकात थीकज़ान में मंगलवार शाम को एक प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव ने पुष्टि की कि यह बैठक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई, इस बैठक को लेकर यह उम्मीद की जा रही है कि यह दोनों देशों के बीच रिश्तों को सुदृढ़ करने और विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगी।दोनों शीर्ष नेताओं की मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जबकि भारत ने सोमवार को घोषणा की कि दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में अपने गतिरोध को सुलझाने के लिए एक समझौता किया है। विदेश सचिव ने कहा,पिछले कुछ हफ्तों में, भारतीय और चीनी कूटनीतिक तथा सैन्य वार्ताकार विभिन्न मंचों पर आपस में निकट संपर्क में रहे हैं।इन चर्चाओं के परिणाम स्वरूप पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर पेट्रोलिंग व्यवस्थाओं के लिए एक समझौता किया गया है, जिससे सैनिकों की वापसी और 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं का समाधान होगायह समझौता पीएम के कज़ान जाने से पहले की गई घोषणा है, और इसे दोनों देशों के संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। चीन ने भी पूर्वी लद्दाख में उसकी और भारत की सेनाओं के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए नई दिल्ली के साथ समझौता होने की मंगलवार को पुष्टि की,चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा भारत और चीन दोनों देशों की सीमा से संबंधित मुद्दों पर राजनयिक और सैन्य माध्यमों के जरिए निकट संपर्क में रहे हैं,उन्होंने कहा,अब दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंच गए हैं जिसकी चीन बहुत सराहना करता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

**मिथुन**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है। वाहन सुख मिलेगा।

**सिंह**
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या**
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी।

**तुला**
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

**वृश्चिक**
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

**धनु**
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

**मकर**
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

**कुंभ**
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है।

**मीन**
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी चूना राम जाट। इनका जन्म बीकानेर में 24 नबम्बर सन 1984 को हुआ। आज इन्हे सरकार ने पाली जिले की कमान दी हुई है। एक अच्छे आईपीएस ऑफिसर के रूप में इन्हे पूरे राजस्थान में जाना जाता रहा है। अजमेर में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाया गया अभियान पूरे राज्य में मिसाल बना। अपराधियों पर गाज बनकर टूटी इनकी टीम का इन्होनें हमेशा हौसला बढ़ाया है। ऐसे में टीम भी इनके एक ईशारे पर अपराधियों के दांत खट्टे करने का मादा रखती है। इनकी विभिन्न जिलों में एसपी शिप लगातार जारी है। अपनी फोंस के लिए हमेशा अच्छा सोचने वाले पुलिस अधिकारी हैं चूना राम जाट। ये हाल में पुलिस अधीक्षक पाली लगे हुए हैं इससे पहले ये पुलिस अधीक्षक, अजमेर। पुलिस अधीक्षक, अपराध शाखा (जांच) जयपुर। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस मुख्यालय, जयपुर ।पुलिस अधीक्षक, टोंक। पुलिस अधीक्षक, दौसा। कमांडेंट, राज्य आपदा मोचन बल, राजस्थान,जयपुर। सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्ताधिकारी.चतुर्थ, कोटा शहर। वृत्ताधिकारी, अजमेर दक्षिण। प्रशिक्षणाधीन एसयूएनपीए, हैदराबाद में भी रह चुके हैं। हमेशा अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास वाले पुलिस के स्लोगन के साथ खड़े नजर आए हैं।

अजमेर एसपी शिप के दौरान चूनाराम जाट ने एक अनूठी पहल करते हुए बिना सुरक्षा के साइकिल पर सवार होकर शहर में गश्त की। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक किया और यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने करीब 15 किलोमीटर तक साइकिल चला कर शहर की कानून व्यवस्था की जानकारी ली थी। वहीं गश्त के दौरान पटाखे जैसी



श्री चूनाराम जाट ( आरआर-13 )
आई पी एस

आवाज करने वाले बाइकर्स पर भी बड़े स्तर की कार्रवाई की ताकि बाइकर्स शहर में दहशत ना फैला सके। आईपीएस जाट राजस्थान में एक युवा और ऊर्जावान अधिकारी हैं। वह हमेशा कानून व्यवस्था और बेहतर पुलिसिंग के लिए नए तरीके अपनाते हैं। एक जांबाज पुलिस अधिकारी के रूप में पूरे राजस्थान में इन्हे जाना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 24 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- चौथे सिख गुरु रामदास ने अमृतसर शहर की स्थापना 1577 में की, शहर का नाम तालाब अमृत सरोवर के नाम पर रखा गया।
- जेसुइट पादरी एस जे थामस भारत आने वाले पहले अंग्रेज थे, वह पुर्तग़ाली नौका से 1579 को गोवा पहुंचे।
- मुग़ल शासक जहाँगीर ने 1605 को आगरा में गद्दी संभाली थी।
- प्रॉस-ऑस्ट्रिया स्वीडन और फ्रांस के मध्य वेस्टफ़ाली समझौते पर 1648 में हस्ताक्षर हुए थे। जिससे प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक ईसाइयों की रक्तरंजित लड़ाइयों पर विराम लग गया।
- पोलैंड को 1795 में ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस के बीच विभाजित किया गया।
- कलकत्ता और डायमंड हार्बर के बीच पहली टेलीग्राफ लाइन 1851 में शुरु हुई।
- कैलिफोर्निया के जस्टिस स्टीफन जे फील्ड ने 1861 में अमेरिकी राष्ट्रपति लिंकन को पहला अंतरमहाद्वीपीय टेलीग्राफ संदेश भेजा।
- अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क में 25 हजार महिलाओं ने 1915 में मतदान के अधिकार के लिए प्रदर्शन किया।
- ब्रिटिश विदेश कार्यालय ने 1924 में ज़िनोवी का पत्र प्रकाशित किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के एक महीने बाद ही विश्व में शांति कायम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) की स्थापना 1945 में की गई।
- रॉकेट द्वारा पहली बार 1946 में धरती का अंतरिक्ष से चित्र लिया गया।
- जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तानी कबाइलियों ने 1947 में हमला किया।
- बर्नार्ड बारूक ने 1948 में सीनेट युद्ध की जांच समिति के समक्ष एक भाषण में पहली बार 'शीत युद्ध' शब्द का इस्तेमाल किया।
- न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की आधारशिला 1949 में रखी गई।
- उत्री रोडेशिया जांबिया गणतंत्र बना कैनेथ कौंडा वहाँ के पहले राष्ट्रपति 1964 में बने थे।
- बंधुआ मजदूर प्रथा को समाप्त करने के लिए 1975 में एक अध्यादेश लाया गया और अगले दिन से यह प्रभाव में आ गया।
- सुधा माधवन मैराथन में 1982 को दौड़ने वाली पहली महिला एथलीट बनी।
- कोलकाता में एस्प्लेनेड और भवानीपुर के बीच पहली मेट्रो ट्रेन (भूमिगत ट्रेन) 1984 में शुरु।
- दक्षिण कोरिया द्वारा लम्बी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण न करने की घोषणा 2000 में की।
- नासा के 2001 मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने सफलतापूर्वक मंगल ग्रह के चारों ओर कक्षा में प्रवेश किया।
- लंदन में 2003 को आखिरी वाणिज्यिक सुपरसोनिक कॉनकॉर्ड विमान उतरा।
- ब्राजील ने 2004 को अंतरिक्ष में पहला सफल राकेट परीक्षण किया।
- न्यूजीलैंड-भारत 2005 में नया हवाई सेवा समझौता करने पर सहमत।

## विशेष आलेख

# राजस्थान की शान दुर्गो का गौरवशाली इतिहास



अनिल माथुर, जोधपुर



राजस्थान, जिसे 'राजाओं का स्थान' कहा जाता है, अपनी सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। राजस्थान के दुर्ग न केवल राज्य की सुरक्षा और सामरिक महत्व के प्रतीक हैं, बल्कि ये वीरता, साहस, और राजपूत शौर्य के अद्वितीय उदाहरण हैं। इन दुर्गों का इतिहास सदियों पुराना है, और ये आज भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आइए राजस्थान के प्रमुख दुर्गों की विशेषताओं पर नजर डालते हैं-

### आमेर का किला (जयपुर)

आमेर का किला अपनी भव्यता और अद्वितीय शिल्पकला के लिए जाना जाता है। यह किला राजा मान सिंह प्रथम द्वारा 16वीं शताब्दी में बनवाया गया था। किले के भीतर शीश महल और दीवान-ए-आम जैसी संरचनाएं हैं, जो इसकी सुंदरता और वास्तुशिल्प कौशल का प्रमाण हैं।

### मेहरानगढ़ किला (जोधपुर)

जोधपुर का मेहरानगढ़ किला राजस्थान के सबसे बड़े और मजबूत किलों में से एक है। यह किला राव जोधा द्वारा 1459 में बनवाया गया था। इसकी ऊंचाई से पूरे जोधपुर शहर का अद्भुत नजारा देखा जा सकता है। किले के भीतर संग्रहालय में राजपूत योद्धाओं के शस्त्र, वस्त्र और अन्य ऐतिहासिक वस्तुएं प्रदर्शित हैं।

### चित्तौड़गढ़ का किला (चित्तौड़)

चित्तौड़गढ़ का किला राजस्थान का सबसे बड़ा और सबसे प्राचीन किला है, जो 7वीं शताब्दी में बनवाया गया था। यह किला वीरता और बलिदान की कहानियों से जुड़ा हुआ है। यहां रानी पद्मिनी और रानी कर्णावती जैसी वीरांगनाओं की गाथाएं जुड़ी हुई हैं, जिन्होंने जौहर का मार्ग अपनाया था। यह किला राजपूत शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक है।

### कुंभलगढ़ किला (राजसमंद)

कुंभलगढ़ किला अपनी विशाल दीवारों के लिए प्रसिद्ध है, जो दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार है। इसका निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में किया था। यह किला महाराणा प्रताप की जन्मभूमि भी है, जो मेवाड़ के सबसे प्रतिष्ठित राजाओं में से एक थे। किले के आसपास का परिदृश्य और जंगल इसकी सुंदरता को और भी बढ़ाते हैं।

### रणथंभौर का किला (सवाई माधोपुर)

रणथंभौर का किला 10वीं शताब्दी में बनवाया गया था और यह अपने वन्यजीव अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है। यह किला विभिन्न युद्धों का साक्षी रहा है और यहां के जंगल में बाघों की उपस्थिति इसे अनूठा बनाती है। पर्यटक किले के साथ-साथ रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों को देखने का आनंद भी ले सकते हैं।

### जैसलमेर का किला (जैसलमेर)

यह किला अपने सुनहरे रंग के पत्थरों से निर्मित है, जिसके कारण इसे सोनार किला भी कहा जाता है। जैसलमेर का किला थार मरुस्थल के बीच स्थित है और यहां की अद्वितीय स्थापत्य शैली इसे विशेष बनाती है। यह किला जैसलमेर के भाटी राजाओं की शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है।

### राजस्थान के दुर्ग : गौरव और पहचान

इन दुर्गों के निर्माण के पीछे राजपूतों की सुरक्षा व्यवस्था, उनकी साहसिकता और कला प्रेम का विशेष योगदान है। ये दुर्ग न केवल स्थापत्य का अद्भुत उदाहरण हैं, बल्कि राजस्थान की शान, गौरव और उसकी ऐतिहासिक पहचान का हिस्सा भी हैं। आज भी ये दुर्ग विश्व धरोहर स्थलों में शामिल हैं और लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। राजस्थान के ये दुर्ग न केवल स्थापत्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि राज्य के गौरवशाली अतीत और संस्कृति को भी जीवंत रखते हैं। ये किले उस समय की वीरता और बलिदान की कहानियों को संजोए हुए हैं, जो हमें राजस्थान के राजाओं और योद्धाओं की अनमोल विरासत की याद दिलाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय का 7 वां दीक्षांत समारोह मनाया

# 30 को मिली पीएच् डी की उपाधि, 150 विद्यार्थियों का पदक देकर किया सम्मान

## प्रो (डॉ) डी के मोदी ने कहा, उनके शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य, ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना






बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** यहाँ निवाई स्थित डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह बुधवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। डॉ के एन मोदी फाउन्डेशन के चेयरमैन और डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो (डॉ) डी के मोदी ने अपने उदबोधन अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि मोदी फाउन्डेशन के अंतर्गत संचालित सभी शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और विश्व स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराना है।

समारोह में अतिथि एकेटीयू, लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो (डॉ) आर के खाण्डाल और डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो (डॉ) डी के मोदी ने 30 विद्यार्थियों को पीएच् डी की उपाधि प्रदान की और 50 विद्यार्थियों को स्वर्ण, 50 विद्यार्थियों को रजत और इतने ही विद्यार्थियों को कांस्य पदक प्रदान किये।

इस मौके पर जाने माने उद्योगपति शशि कुमार नायर और वृन्दावन के वैदिक संस्कृतज्ञ उदयन शर्मा को पीएच् डी की मानद उपाधि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ जे पी दुबे ने इस मौके पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के हरीश गौतम, धीरज पांडेय, आशीष गर्ग, अनुज तिवारी, अमित शर्मा सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं और शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा विश्नोई ने किया।

**लक्ष्मीबाई शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि :** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही की उप प्रधानाचार्या लक्ष्मीबाई शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उप प्रधानाचार्या लक्ष्मीबाई शर्मा ने अंग्रेजी साहित्य में शोध कार्य पूर्ण करने पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

खबर का असर

## अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देश पर शासन सचिव ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मांगी रिपोर्ट, मामले को गंभीरता से लिया

### पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में अतिरिक्त विकास अधिकारी द्वारा राज्यादेश की पालना नहीं करने का मामला


पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा का मामला

राज्यादेश पर भारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार के आदेश की पालना नहीं करने पर सवाई माधोपुर जिले में चौथ का बरवाड़ा पंचायत समिति में एक अतिरिक्त विकास अधिकारी को मंहगा पड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीण पंचायती राज विभाग विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देश पर विभाग के शासन सचिव ने संबंधित अधिकारियों को आदेशित कर सवाई माधोपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

चौंकाने वाली बात यह है कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अतिरिक्त आयुक्त एवं उपशासन सचिव (द्वितीय) रेखा सामरिया ने आदेश क्रमांक 21520 दिनांक 16 मार्च 2024 को विभागीय आदेश जारी कर जिला परिषद सवाई माधोपुर में कार्यरत अतिरिक्त विकास अधिकारी सीताराम बैरवा का स्थानांतरण पंचायत समिति खंडार ( सवाई माधोपुर) में किया था। इस आदेश में यह भी उल्लेख किया गया था कि यह आदेश सक्षम स्तर पर अनुमोदित है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि संबंधित कार्मिक तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त होकर अपने नव प्रतिस्थापन पर उपस्थिति दर्ज कराएंगे। अन्यथा इससे राज्य देश की अवहेलना मानी जाएगी। लेकिन इस अतिरिक्त विकास अधिकारी को जहां कार्य मुक्त होकर पंचायत समिति खंडार में उपस्थिति देनी थी वहां नहीं जाकर पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा में ही पद स्थापित रहे। बढ़ता राजस्थान में समाचार प्रकाशित होने पर अब राज्यादेश की अवहेलना करने के मामले को विभागीय अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है।

## साइबर फ्रॉड को लेकर पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

### लालच में आकर साइबर ठगों को अपना बैंक खाता किराए पर उपलब्ध नहीं कराए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** साइबर ठगी के लगातार बढ़ते ऐसे मामले जिसमें आमजन अज्ञानता, लालचवश या बैंककर्मी से मिलीभगत कर साइबर क्रिमिनल को बैंक खाता किराए पर उपलब्ध कराते हैं, ऐसे मामलों का संज्ञान में लेते हुए पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राजस्थान हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में महानिदेशक पुलिस राजस्थान उत्कल रंजन साहु के मार्गदर्शन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगानें एवं आमजन में साइबर जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में इन दिनों साइबर ठग गरीब, बेरोजगार एवं आमजन को प्रलोभन एवं लालच देकर उनके बैंक अकाउंट को किराये पर लेकर साइबर अपराध के लिए उपयोग में ले रहे है। ऐसे करने वाले व्यक्ति अज्ञानतावश या लालच में आकर स्वयं भी साइबर अपराधों में लिप्त हो जाते है। यह भी संज्ञान में आया है कि प्रदेश के जिलों में साइबर ठगों द्वारा बैंक खाते मे कमीशन का लालच देकर खाताधारकों के बैंक खाते संदिग्ध लेनदेन के लिए उपयोग में लिये गये है।

**साइबर ठगों को नहीं दे अपने बैंक खाता :** डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने अपील की है कि किसी प्रलोभन, कमीशन व लालच में आकर अपना बैंक अकाउंट किसी भी अन्य व्यक्ति को उपयोग लेने के लिए नहीं दे। ऐसा करने पर साइबर अपराध में लिप्त खाताधारक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**बैंक कार्मिकों की आपराधिक जिम्मेदारी तय होगी :** उन्होंने बताया कि कई बैंक कार्मिको द्वारा जहां ऐसे म्यूल अकाउंट खोले गये, उनकी अपराधिक जिम्मेदारी तय की जाकर विधिक कार्यवाही की गई थी व भविष्य में भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस मुख्यालय से सभी जिलों को विशेष दिशा-निर्देश जारी :** डीजी साइबर अपराध प्रियदर्शी ने बताया कि इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से सभी जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कलेक्टर कार्यालय, पुलिस थानों के सामने पम्पलेट, होर्डिंग्स लगाकर आमजन में सन्देश प्रसारित किया जाए। ताकि साइबर अपराध से अनभिज्ञ लोगों में जागरूकता फैलाई जा सके। उक्त कार्यक्रम में पुलिस मित्र, महिला सुरक्षा सखी, साइबर वॉलिंटियर, सीएलजी सदस्य के साथ-साथ जन सहभागिता ली जा सकती है।

## विप्र फाउंडेशन की बैठक में लिए गए कई निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (कासं)।** विप्र फाउंडेशन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राम नरेश शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा नेता अंकित शर्मा ने बताया कि समाज हित के लिए टोंक में परशुराम सर्किल और छात्रावास बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। देवली उनियारा विधासभा उप चुनावों में युवा साथियों को अधिक से अधिक मतदान कराने का भी निर्णय लिया गया । उनियारा में हो रहे ब्राह्मण अधिवेशन पर भी चर्चा की गई । बैठक में ,महिला मोर्चा अध्यक्ष जूली शर्मा ,विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री सुरेंद्र शर्मा,आनंद तिवाड़ी ,चंद्रमोहन शर्मा सौंप , राहुल देव शर्मा ,राजेश शर्मा अलीगढ़,शहर अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा,बलराम चतुर्वेदी,रॉबिन जेमन,जिला प्रवक्ता राहुल शर्मा उनियारा ,राजेश जी शर्मा उनियारा ,दीपेश शर्मा लवादर,जिला मंत्री कुलदीप शर्मा दुआकला ,योगेश शर्मा ,चंचल पारीक,आनंद शर्मा ककोड़,सत्यनारायण शर्मा पीपलू,नितेश शर्मा लवादर ,शैलेश शर्मा नगरफोर्ट,गौरव शर्मा,महेंद्र शर्मा रुस्तमगंज,अभिषेक शर्मा तारण ,शुभम शर्मा ,कुलदीप शर्मा आशीष शर्मा ,नीरज चतुर्वेदी आदि विप्र युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिपावली त्यौहर को लेकर घरों की साफ-सफाई में जुटे हैं लोग, रंग रोगन के लिए मजदूरों की हुई कमी

### दिपावली त्यौहर के लिए सज गए है बाजार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** दिपावली को लेकर इन दिनों लोग अपने घरों की साफ-सफाई में जुटे हुए है। घरों में लोग रंग रोगन व सफेदी की पुताई करवाने में लगे हैं। त्यौहार को लेकर शहर में कलर पेंट की बिक्री जोरों पर है। दिपावली को लेकर घर घर और दुकानों में कलर पेंट का काम चल रहा हैं। जिससे अहिंसा सर्किल पर खडे रहने वाले मजदूरों में कमी आई है। घरों में महिलाएं साफ सफांई में जुटी हुई हैं। इस बार अधिक बारिश के चलते दुकानों और घरों का पेंट खराब हो गया। जिससे लोगों को घरों और अपने प्रतिष्ठानों पर पेंट करवाना पड रहा हैं। शहर में जगह जगह पेंटर घरों व दुकानों पर रंग रोगन करते दिखाई दे रहे है। दिन में ग्राहकों की भीड के चलते दुकानदार रात में अपनी दुकानों में कलर करवा रहे हैं। काम की अधिकता के चलते मजदूर 800 रुपए से 1000 रुपये तक मजदूरी ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में मजदूर मूंगफली, दलहन, बाजरा व ज्वार आदि फसलों को निकालने तथा सरसों की फसल बुवाई में जुटे हुए हैं।

# कार्तिक माह में दीपदान की है महिमा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** कार्तिक मास में प्रतिदिन भगवान कृष्ण को घी या तिल के तेल से अर्पण करना चाहिए। स्कंद पुराण में कार्तिक मास में भगवान कृष्ण को दीप अर्पण करने की महिमा इस प्रकार बताई गई है आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री के मुताबिक जो कार्तिक मास में भगवान कृष्ण को दीप अर्पण करते हैं उनके लाखों जन्मों के पाप पाल की आधी झपकियाँ मिलती हैं। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास में दीप अर्पण करने से मनुष्य को सूर्य ग्रहण के समय कुरुक्षेत्र में स्नान करने या चंद्र ग्रहण में स्नान करने से एक करोड़ गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता है। यदि कोई मनुष्य कार्तिक मास में भगवान कृष्ण को घी अर्पित करता है तो उसे अश्वमेध यज्ञ करने की क्या आवश्यकता है। आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार यदि कोई मंत्र, पुण्य और पवित्रता से विज़न है, तब भी कार्तिक मास में दीप अर्पण करने से वह सब कुछ सिद्ध कर सकता है। उन्होंने बताया कि जो मनुष्य कार्तिक मास में भगवान केशव को दीप अर्पण करता है, वह सभी यज्ञों को और सभी पवित्र नदियों में स्नान करता है, यह समझा जाता है। आचार्य शास्त्री के अनुसार पितृ कहते हैं जब हमारे कुल में कोई भगवान गणेश को कार्तिक मास में दीप अर्पण करके अपील करेगा तो, उन सुदर्शनधारी भगवान की कृपा से हम सबको मुक्ति मिल जाएगी। मां कामाख्या शोध संस्थान सवाई माधोपुर के अध्यक्ष पंडित ताराचंद के अनुसार कार्तिक मास में दीप अर्पण करके मनुष्य मेरु या मंदार पर्वत के समान विशाल पाप संग्रह को भस्म कर सकता है। तनिक में भी संदेह नहीं है। कार्तिक मास में भगवान केशव को दीप अर्पण करने वाले व्यक्ति को फल प्राप्त होता है जो एक सौ यज्ञ करता है एक सौ तीर्थ यात्राएं करके भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है। पाप कर्मों में बुराई और पुण्यों का विरोधी व्यक्ति, यदि किसी प्रकार से कार्तिक मास में दीप अर्पण करे तो वह भी पवित्र हो जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है. पंडित शास्त्री के अनुसार इस संसार के त्रिलोकों में कोई ऐसा पाप नहीं है जो कार्तिक मास में भगवान केशव को दीप अर्पण करने से नष्ट न हो सके। जो मनुष्य कार्तिक मास में भगवान कृष्ण को दीप अर्पण करता है वह भगवान के शाश्वत दिव्य धाम को जाता है, जो सभी कलशों के पार है। कार्तिक माह में प्रतिदिन भगवान कृष्ण को घी या तिल के तेल का दीपक जलाया जा सकता है।

# फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5 इंदिरा मैदान में 25 को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर आयोजित किया जाएगा। यह अभियान भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दौड़ या यूनिटी रन के साथ सम्पन्न होगा। ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, उपखण्डों और जिला स्तर पर 31 अक्टूबर तक फिट इण्डिया फ्रीडम रन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर शुभम चौधरी के आदेशानुसार 25 अक्टूबर को जिला स्तर पर फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5.0 के तहत दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 अक्टूबर को प्रातः 7:30 बजे इंदिरा मैदान से प्रारंभ होगा। जिला स्तरीय एकता दौड़ का आयोजन इंदिरा मैदान से प्रारंभ होकर, कलेक्ट्रेट के सामने होते हुए पुलिस लाइन से पुरानी ट्रक यूनियन होते हुए वापस पोस्ट ऑफिस के सामने होते हुए इंदिरा मैदान तक किया जाएगा।

इंडिया फ्रीडम रन में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, खिलाडियों, समस्त राजकीय कर्मचारियों, महिलाओ, छात्र-छात्राओं, गांव और शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, एनजीओ, ट्रस्ट, स्वच्छता व स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं, स्थानीय क्लबों, खेल एवं फिटनेस क्लबों, योग केंद्रों, व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों, प्रबुद्धजन आदि भाग लेंगे।

# कृषि/अकृषि एक मुश्त समक्षौता योजना 2024

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** प्रबन्ध निदेशक सवाई माधोपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. ने बताया कि बैंक के अवधिपार एनपीए केसों की वसूली कार्य में आसान करने के उद्देश्य से सहकारी विभाग राजस्थान जयपुर से किसानों के लिए कृषि/अकृषि एकमुश्त समझौता योजना 2024 लागू की है।

इसमें दिनांक 31 मार्च 2020 में अवधिपार हो चुके ऋणी को नियमित करने तथा साख चक्र में पुनः लाने के लिये समझौता योजना 2024 की क्रियान्वयन अवधि को बढाकर दिनांक 31 मार्च 2025 तक किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना में किसानों के अवधिपार ऋणों के अंकित ब्याज दर अथवा 8 प्रतिशत साधारण ब्याज जो भी कम है लिया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत ऐसे ऋणी जिनकी मृत्यु दिनांक 31 मार्च 2023 से पूर्व हो चुकी है। ऐसे मामलों में अवधिपार होने की दिनांक से मृत्यु होने की दिनांक तक 8 प्रतिशत या स्वीकृत ब्याज दर जो भी कम हो और साधारण ब्याज दर से ब्याज वसूला जाएगा। ऐसे ऋणी जो शारीरिक रूप से अक्षम हो चुके हैं उसे अक्षमता का सक्षम राजकीय चिकित्सा अधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । इस योजना में उपभोक्ता ऋण स्वरोजगार ऋण पोप व अन्य राजकीय प्रायोजित योजनाओं में वितरित ऋणों के प्रथम अवधिपार की तिथि को प्रकरण में बकाया + बकाया राशि का आधा ब्याज वसूल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक की शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

टोबैको फी यूथ कैम्पेन 2

# कोटपा एक्ट में चालान-जब्त करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश में संचालित 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के अंतर्गत सभी जिलों में औषधि नियंत्रण अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (कोटपा) अधिनियम तथा ई-सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम-2019 के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार चालान एवं जब्ती सहित विभिन्न आवश्यक कार्यवाही करने के लिए राज्यस्तर से निर्देश प्रदान किए गए हैं। निर्देश सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदान किए गए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान ने टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कोटपा एक्ट के तहत सचित्र चेतावनी का प्रदर्शन, 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों द्वारा बेचान, तम्बाकू उत्पादों का विज्ञापन एवं सार्वजनिक क्षेत्र में धूम्रपान आदि करते पाए जाने पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्राधिकृत अधिकारियों एडीसी, डीसीओ के द्वारा एनफोर्समेंट कार्रवाई की रिपोर्ट केन्द्र सरकार के पोर्टल पर जिला तम्बाकू प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रतिदिन आवश्यक रूप से अपडेट करने के भी निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक राज्य तम्बाकू सेल डॉ. एसएन धौलपुरिया ने टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन की प्रगति के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान दी। वीडियो कांफ्रेंस में अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण पंकज ओझा, औषधि नियंत्रक अजय फाटक, राजाराम शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

जिलों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, डिप्टी सीएमएचओ, औषधि नियंत्रण अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं जिला आईईसी समन्वयक जुड़े।

# कार्तिक स्नान कर धर्म लाभ कमा रही हैं महिलाएं

## सुबह 4 बजे से ही शुरू हो जाती है महिलाओं की दिनचर्या

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कार्तिक मास के चलते शहर व ग्रामीण क्षेत्र में हजारों महिलाएं कार्तिक स्नान और अनुष्ठान में जुटी हुई हैं।

शरद पूर्णिमा के बाद से ही महिलाएं कार्तिक पूर्णिमा तक सूर्योदय से पूर्व तालाब, नदी, कुंओं व जलाशयों पर समूह में मांगलिक गीत गाते हुए जाती हैं। जहां समूह में कार्तिक स्नान कर सूर्योदय तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान में जुटी हुई है। कार्तिक स्नान के चलते महिलाएं मंदिरों में मंगल आरती के दर्शन कर राम नाम का जाप कर रही हैं। कई मंदिरों में महिलाएं कार्तिक मास की कथा सुनती है। कार्तिक स्नान करने वाली महिलाएं पूरे माह व्रत रखती है और कार्तिक मास की कथा सुनने के बाद व्रत खोलती हैं। मंदिरों में कई अनुष्ठानों का आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें महिलाएं बढ-चढकर भाग ले रही हैं।

कार्तिक स्नान के चलते शहर के मायला कुंड, राधादामोदर कुंड, भरकुंआ तालाब पर स्नान करने के बाद महिलाएं प्राचीन गोपीनाथ मंदिर, राधादामोदर मंदिर, चारभुजानाथ मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्याम मंदिर, परमहंस आश्रम व कुंजबिहारी आश्रम सहित कई मंदिरों में महिलाएं दर्शनों के लिए जा रही हैं।




# पुलिस ने 850 लीटर वास नष्ट की



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** दतवास पुलिस ने गांव ललवाडी के जंगल में छापा मारकर करीब 850 लीटर कच्चा वास नष्ट किया है। थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशों पर आबकारी अधिनियम में कार्यवाही करने के लिए एक विशेष टीम का गठन कर विशेष अभियान चलाया गया। बुधवार को गांव ललवाड़ी के जंगल में भट्टी लगाकर कच्ची शराब बनाने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करीब 850 लीटर वास को नष्ट किया। पुलिस ने मौके पर प्लास्टिक के ड्रम में भरी हुई वास व भट्टियों को नष्ट किया गया।

## काहे की बौखलाहट....



जब-जब चुनाव आते हैं तब-तब बागी,बगावत और बौखलाहट जैसे शब्दों की भरमार हो जाती है। मैं अपने आलेख में दोनों को ही रगड़ रहा हूं दोस्तों, टिकट देने वाले को भी और टिकट ना मिल पाने वाले को भी। जी हां टिकट देने की जब बारी आती है तो पार्टी के आलाकमान सभी कार्यक्रर्ताओं व पदाधिकारियों से कहते हैं अपना-अपना बायोडाटा दे दो, कमेटी तय करेगी कि टिकट आखिर किसे देना है। टिकट के दावेदान बेचारे बायोड़ाटा बहुत बढ़िया तैयार करवाते हैं, क्षेत्र में होर्डिग लगवाते हैं,रामलीलाओं में और जागरणों में जाते हैं और ना चाहते हुए भी रामजी या माताजी की आरती में 11 या 21 हजार से निपट कर आते हैं। और छुटभैया नेताओं के रास्ते पर नाचते हैं सिर्फ इसलिए कि एक बार टिकट मिल जाएगी तो फिर तो बेड़ा पार.. बहराल टिकट मिलती भी उसे है जिसे मिलनी होती है तो भाई लोगों ये बायोड़ाटा-बायोड़ाटा का खेल काहे खेलते हो,काहे सामने वाले की फिरकी लेते हो जे तो गलत है ना भईया..। खैर आपकी भी अपनी मजबूरी होगी पार्टी को हर काम के लिए फंड की जरूरत तो होती ही होगी। अब बात कर रहा हूं उन लोगों की जिन्हे टिकट मिलने की पूरी आस थी लेकिन टिकट नहीं मिल पाई। तो उनकी बौखलाहट का दौर,रूठने मानने का दौर ओर तो ओर बगावत का दौर शुरू हो जाता है। अरे भाई टिकट काहे के लिए चाहिए थी? समाज सेवा के लिए ही तो चाहिए थी नहीं मिली तो क्या समाजसेवा कर नहीं पाओगे क्या,पार्टी की सेवा कर नहीं पाओगे क्या? टिकट ही तो नहीं मिला है हाथ और जेब तो आपके खुल्ले ही हैं। अरे सेवा करनी है तो बिना टिकट के भी कर सकते हो भाई जैसे पिछले 25 सालों से आपके कार्यक्रर्ता सेवा करते आ रहे हैं बेचारे कहीं झण्ड़े में ड़ंडा डालकर तो कहीं पोस्टर चिपका कर सेवा कर रहे हैं सेवा के लिए टिकट की कोनहो जरूरत नहीं भाई, सेवा ऐसे ही कर सकत हो। लेकिन सच तो ये है मित्रों यहां बौखलाहट इस बात की है कि अब व्यवस्थाए हो नहीं सकती ये टिकट नहीं बल्कि प्रमाण पत्र है कि अब हम रजि० समाजसेवक हैं। हो सकता हैं मेरी बात कुछ अजीबो गरीब लगे लेकिन सत्य यही है मित्रों यहां भेड पर से बाल कोई नहीं छोडता ना पार्टी ना पार्टीबाज।

**आलेख-रूपक शर्मा**
**दैनिक बढ़ता राजस्थान**

# ग्रेप-2 की पांबदियों के बाद एक्शन मोड में नगर निगम- उल्लंघन करने वालों से वसूला जुर्माना

## अतुल्य अलवर अभियान के तहत आरएएस अधिकारियों ने किया वार्डो का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप-2 की पांबदियां लागू हो गई है। इसका असर अलवर शहर पर भी पडा है। अलवर शहर में ग्रेप-2 की पाबदियों को सख्ती से लागू करवाने के लिए प्रशासन अब एक्शन मोड पर है। बुधवार को नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए शहर के दो स्थानों पर सात दुकानदारों से 6700 रूपए का जुर्माना वसूला। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र नरूका के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक शाखा की ओर से राजस्व निरीक्षक योगेश गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान मंडी मोड के पास और खुदनपुरी रोड पर दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा जलाने की शिकायत पर कार्रवाई की। जिसमें मंडी मोड के पास 3 दुकानों से 3300 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा खुदनपुरी रोड पर 4 दुकानों से 3400 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा खुदनपुरी रोड पर एक दुकान से सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा कार्टन जब्त किया गया। वहीं, बुधवार को नगर निगम आयुक्त जितेंद्र नरूका ने शहर के नंगली सर्किल के पास फास्टफूड की दुकानों का दौरा किया। इस दौरान आयुक्त ने दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कचरा पात्रों में डालने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र नरूका ने बताया कि शहर में लगातार टीम दौरा करके कार्रवाई करेगी। ताकि ग्रेप-2 की गाईडलाईनों की पालना पूरी तरह से हो सके। इसके साथ ही धूल और प्रदूषण वाले क्षेत्रों में लगातार रोडस्वीपर और एंटी स्मॉग गन का उपयोग किया जा रहा है।

अधिकारियों ने किया वार्ड का निरीक्षण, दिए निर्देश:- अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को आरएएस अधिकारियों ने कई वार्डों का निरीक्षण किया और सडक व नालियों की नियमित सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर




द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने वार्ड 56,57,59,60 और 61 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें कार्यवाहक सफाई निरीक्षक उदय सिंह चौधरी और अंकुर अवस्थी को नियमित सफाई कार्य की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। एडीएम द्वितीय डागुर ने नालियों की सफाई का जायजा लिया। वहींए एडीएम शहर बीना महावर ने बुधवार को नगर निगम के सेक्टर 5 कार्यालय में बैठक लेकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने वार्ड 53 और 54 के पार्षद नरेंद्र शर्मा और रामोतार शर्मा से भी बातचीत की और वार्डों का दौरा किया। एडीएम शहर बीना महावर ने शास्त्री पार्क, मेडिकल कॉलोनी, मन्नाका रोड और साहू कॉलोनी में नाली सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा नगर विकास न्यास के उपसचिव सोहन सिंह नरूका ने भी विभिन्न वार्डों को दौरा किया और सफाई कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर चैक किए। इसके अलावा लगातार मॉनिटरिग के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ सहायक अभियंता मुकेश तिवाडी और कनिष्ठ अभियंता मुस्तफा खान मौजूद रहे।

# दस दिन पहले हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

## एक युवक को किया गिरफ्तार, 2 गैस सिलेंडर बरामद



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़( सुभाष यादव )।** कस्बे में दस दिन पहले सैनिक के सूने मकान से चोरी के मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। चोर के पास से दो गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं। थाना अधिकारी महेश तिवाड़ी ने बताया- शहर के पुरानी सब्जी मंडी के पास रहने वाली पूनम यादव पत्नी कृष्ण कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 12 अक्टूबर को बच्चों को परीक्षा दिलवाने के लिए जयपुर गई हुई थी। 13 अक्टूबर को रात 8 बजे घर पहुंची, तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। सामान बिखरा पड़ा था। जिसे संभाला गया, तो रसोई में रखे हुए दो गैस सिलेंडर चोरी पाए गए और नगदी चोरी हो गई।पूनम का पति कृष्ण कुमार भारतीय सेना में कार्यरत है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहर के चौबियान मोहल्ले के रहने वाले आशीष उर्फ दिल्लीवाला पुत्र भगतराज को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी किए गए दोनों गैस सिलेंडर बरामद कर लिए गए हैं। जबकि युवक के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज है।

# बयाना में ब्लॉक स्तरीय फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

## एएसपी एसडीम ने दिखाई हरी झंडी, स्कूली बच्चों ने लगाई दौड़

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर /बयाना(सत्य प्रकाश अग्रवाल)। बयाना में उपखंड प्रशासन की ओर से बुधवार सुबह फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 के तहत एकता दौड़ का आयोजन किया गया। गांधी चौक रोड स्थित पुराने एसडीएम कार्यालय पर एसडीएम दीपक मित्तल और एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। कार्यक्रम में अधिकतर स्कूली बच्चे और सरकारी अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। हालांकि प्रचार प्रसार के अभाव में जनप्रतिनिधियों और आमजन ने कार्यक्रम से दूरी बना ली। इससे कार्यक्रम में लक्ष्य के मुताबिक लोगों की भागीदारी भी काफी कम रही। एसडीएम दीपक मित्तल ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे अभियान के तहत लोगों को शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रहने का संदेश देने के लिए फ्रीडम रन का आयोजन किया गया है। एकता दौड़ का समापन पंचायत समिति कार्यालय पर हुआ।




जहां एईएन नरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों को सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई। इसके लिए रोजाना 30 मिनट योगा प्राणायाम और वर्क आउट करने को कहा। जहां प्रतिभागियों को प्रशासन की ओर से अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर तहसीलदार विनोद कुमार मीणा, पंचायत समिति बीडीओ मातादीन मीणा, नगर पालिका ईओ हनुमान प्रसाद शर्मा, बॉयज स्कूल प्रिंसिपल श्रीधर सिंह गुर्जर, एईएन नरेंद्र सिंह गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र शर्मा, एएओ संजीव नारंग, जेईएन राजेश शर्मा, सफाई निरीक्षक पवन कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी शिवसिंह, भूदेव शर्मा, लवेश मित्तल, अशोक शर्मा, विजयभान गुप्ता, इंदु खत्री, बबीता जैन, हरिराम गुर्जर, मनोज कुमार आदि कई लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की अलवर महिला जिला अध्यक्ष पद पर तुलसी सोनी का मनोनयन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के महिला जिला अध्यक्ष पद पर तुलसी सोनी का मनोनयन किया गया है। एक पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी बात रखी है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के प्रति जागरूकता, समर्पण, संघर्ष, विनय और क्षेत्र के प्रति आपके सराहनीय कर्तव्य से आपकी मानवाधिकार के प्रति सच्ची निष्ठा प्रभावित हो रही है। उमेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा अलवर राजस्थान महिला जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। आपसे अनुरोध है कि भ्रष्टाचार, उत्पीड़न, शोषण, आतंक का भय, आतंकवाद जैसी घटनाओं पर कड़ी नजर रखें और प्रशासन को सूचित कर उनके सहयोग से जनहित और पीड़ितों के हित में न्याय दिलाने में मदद करें और जनता की समस्या का समाधान करें राष्ट्रीय कार्यालय भेजें यदि आप राष्ट्र विरोधी असामाजिक संगठन गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो यह नियुक्ति पत्र तत्काल प्रभाव से अमान्य माना जाएगा और अपराध की जांच के बाद श्रेणी के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी इसलिए श्रीमानए नहीं आपसे केवल आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सच्चे संघर्ष के साथ सच्ची निष्ठा को ध्यान में रखते हुए मानव अधिकारों की बहाली सुनिश्चित करने में पूरे दिल से काम करके मानव जाति के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## टीकाकरण से वंचित न रहे छात्र-छात्राएं डॉ. योगेश

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** बढ़ते हुए मौसमी बीमारियों के प्रकोप की रोकथाम के साथ अन्य बिंदुओं को लेकर खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डीसीओ में क्षेत्र के समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एवं सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए डॉ योगेश ने कहा कि मौसमी बीमारियों के रोकथंबा बचाव हेतु साथ ही एंटी लार्वागत विधि करवाने के कार्यक्रम को स्थाई रूप से मूर्त रूप दें जिससे वर्तमान में मौसमी बीमारी एवं वायरस से निजात पाई जा सके टीकाकरण के सुद्धीकरण के लिए तैयार रहे हैं सरकारी एवं निजी विद्यालयों के एक भी छात्र-छात्रा टीकाकरण से वंचित न रहे विभाग की समस्त योजनाओं को धरातल पर उतर कर क्रियानमंद करें इस अवसर पर कार्यालय के बीपीएम हुकम शर्मा, बीएचएस राजेश कुमार शर्मा,लेखाकार हेमंत शर्मा, बीएनओ प्रवेश शर्मा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने उपचुनाव से संबंधित फीडबैक लिया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने फूल बाग में रामगढ़ उपचुनाव की तैयारी को लेकर सेक्टर प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने रामगढ़ उपचुनाव के लिए बनाए गए सेक्टर इंचार्ज से वन-टू-वन कर उपचुनाव से संबंधित फीडबैक लिया। उन्होंने सेक्टर प्रभारियों से कहा कि डोर टू डोर जनसंपर्क कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को इस उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत मिल सके। उन्होंने कहा कि 2018 के चुनाव में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाई थी ऐसा ही इस उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को कंधे से कंधे मिलाकर काम करना है।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी



का गिरा ग्राफ राजस्थान की सात उपचुनाव वाली सीटों पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करेगा।बैठक में जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र मीणा,संजीव बारेठ, प्रकाश गंगावत, संजय यादव, दीनबंधु शर्मा, गिरीश डाटा, बीपी सुमन, डीसी मीणा, राकेश बैरवा, अंकित कौशिक, इंद्रमल मीना, धारा सिंह, ओम प्रकाश गोलियां, महेंद्र सैनी, सर्वेश सैनी,योगेश मेहता,राकेश चौधरी, रमन सैनी, रिपुदमन गुप्ता सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

## 1500 मी दौड़ में पूजा चौधरी एवं भाला फेंक में कोमल चौधरी ने जीता स्वर्ण पदक


बढ़ता राजस्थान



**भुसावर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** श्री करण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय भुसावर की छात्राओं ने इतिहास रचा है प्राप्त जानकारी के अनुसार 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पूजा चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता वही भाला फेंक प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्र कोमल चौधरी ने स्वर्ण पदक पर निशाना लगाया कृषि महाविद्यालय की ही नेहा ने शॉट पुट में रजत पदक जीतकर स्थानीय महाविद्यालय का नाम रोशन किया है महाविद्यालय के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह ने बतलाया कि वॉलीबॉल बैडमिंटन कबड्डी में कृषि महाविद्यालय भुसावल के खिलाड़ी पहले राउंड जीतकर दूसरे राउंड में प्रवेश कर गए हैं स्थानीय महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने पर कस्बे के गणमान्य नागरिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं प्रबुद्धजनों खेल प्रेमियों द्वारा कृषि महाविद्यालय परिवार की सराहना की है!

## फिट इण्डिया फ्रीडम मैराथन दौड़ का आयोजन

### हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पंचायत समिति भुसावर द्वारा राज्य सरकार के निर्देश अनुसार भुसावर उपखंड अधिकारी के निर्देशन में फिट इंडिया फ्रीडम5.0-2024 का आयोजन किया गया ।

बुधवार 23 अक्टूबर 2024 को प्रात: 7.00 बजे श्री आर्य महिला विद्यापीठ भुसावर से पीएमश्री श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर के खेल मैदान तक आयोजित मैराथन दौड़ को पंचायत समिति विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बुनकर,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश चंद जाटव, कार्यवाहक खंड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामफल मीणा,ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एसबीएम की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पंचायत समिति विकास अधिकारी गिरिराज प्रसाद बुनकर के अनुसार दौड़ में जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों,समाजसेवी ट्रस्ट,स्वच्छता व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओ, व्यापारीयों स्थानीय प्रबुद्धजनों एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय विजेताओं को फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 प्रमाण पत्र से नवाजा जाएगा।

# आरटीई के भौतिक सत्यापन में अधिकारियों की मनमानी

## निजी स्कूल संचालकों ने धरना, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्य प्रकाश अग्रवाल)।** आरटीई के तहत अध्ययनरत छात्रों के भौतिक सत्यापन के लिये निजी स्कूलों में पहुँच रहे अधिकारियों के मनमानी पूर्वक रवैया और राजस्थान सरकार बच्चों की फीस का पुनर्भरण नहीं होने से निजी स्कूल संचालकों में आक्रोश है। पिछले दो-तीन दिनों में ऐसी शिकायतें ज्यादा सामने आयी हैं।

राज्य में निजी स्कूलों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के बयाना ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों के मनमानी पूर्वक रवैये से नाराज विद्यालय संचालकों ने बुधवार को सीबीईओ कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद मौजूद स्कूल संचालकों ने प्रदर्शन कर सीबीईओं की गैरहाजिरी के चलते कार्यालय की खाली कुर्सी पर ज्ञापन रखा। स्कूल संचालकों के अनुसार तीन वर्षों के बाद पोर्टल पर फीस अपडेट किया जाता है, इसके लिये माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर हाईकोर्ट

### सीबीईओ की गैरहाजिरी में ज्ञापन रखा खाली कुर्सी पर



के दखल पर विभागीय निर्देशानुसार एसडीएमसी सदस्य, संस्था प्रधानाध्यापक, अभिभावक और विभाग द्वारा मनोनीत अधिकारियों को मिलाकर फीस निर्धारण कमेटी सृजित की गयी। जिसका काम विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों व अन्य मापदण्डों को ध्यान में रखते हुये फीस बढ़ोतरी की सिफारिश की जाती है। भौतिक सत्यापन में आने वाले निरीक्षण दल के सदस्यों द्वारा सत्यापन के दौरान कैश बुक, रसीद बुकों की जाँच का ही अधिकार होने पर भी अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के नाम पर नाजायज तंग किये जाने से नाराज संचालकों ने समस्या समाधान नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## मेघवाल महासभा की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( महेश कुमार )।** राजस्थान में मेघवाल महासभा की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया । कार्यकारिणी के प्रस्ताव संख्या 92 के अनुसार राजस्थान राज्य के मेघवाल महासभा कि प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी में साहब राम कटारिया को बीकानेर संभाग अध्यक्ष, लालचंद लाखोटिया को हनुमानगढ़ जिला अध्यक्ष, ओर कालूराम मेघवाल को गंगानगर जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया सभी ने भगत राष्ट्रीय अध्यक्ष मेघवाल महासभा नई दिल्ली, प्रदेश अध्यक्ष इंद्र राज सिंह मेघवाल प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल सहित मेघवाल महासभा और समाज जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आज समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का शुभ अवसर मिला है। इस अवसर का पूरा पूरा लाभ उठाते हुए मेघवाल महासभा के हर कार्य में अपनी सहभागिता निभाएंगे।

## पूर्व इंटक नेताओं ने चिकित्सालय प्रबंधन से मांगी सात सूत्री मांगों का समाधान

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** परमाणु ऊर्जा विभाग और नाभकीय विद्युत निगम से पूर्व आरआर साइट इंटक महासचिव डी.पी. सिंह ने सेवानिवृत्त हुए इंटक नेताओं और वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर आरआर साइट चिकित्सालय की अधीक्षक के साथ मरीजों की समस्याओं, ओषधियों और अन्य मांगों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान आक्रोश व्यक्त किया गया और चिकित्सालय प्रबंधन को आगाह किया गया कि सात सूत्री मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमें शामिल हैं-

- स्थायी क्रॉनिक मरीजों को जन ओषधि की जगह ब्रांडेड दवाइयां दी जाएं।
- सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मेडिकल बिल और टी.ए. बिल का एक महीने में भुगतान किया जाए।
- मेडिकल और टी.ए. बिल को पेश करने की समय सीमा एक महीने से बढ़ाकर तीन महीने की जाए।
- रेफरल और एंबुलेंस की सुविधा को सुगम और सरल बनाया जाए।
- रावतभाटा के बाहर पैनल अस्पतालों में आउटडोर की सुविधा महीने में कम से कम 7 दिन उपलब्ध कराई जाए।
- मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रिस्क्राइब की गई दवाइयां ही दी जाएं।

गंभीर बीमारियों वाले सभी मरीजों के रेफर लेटर में विशेष वार्ड में भर्ती की सिफारिश की जाए। यदि प्रबंधन समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो धरना, प्रदर्शन, आमरण अनशन और गांधीवादी तरीकों से बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। इस बैठक में चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अंजलि गाडगिल, वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, और कई सेवानिवृत्त कर्मचारी व समाजसेवी शामिल हुए।

## महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी ) बने मेघवाल महासभा में राजस्थान प्रदेश के मीडिया प्रभारी

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** मेघवाल महासभा राजस्थान की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी के प्रस्ताव संख्या 92 के अनुसार राजस्थान राज्य के मेघवाल महासभा कि प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी में महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) पिता लालचंद मेघवाल (बुरनखेड़ी) को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। जानकारी के लिए बता दें महेश कुमार मेघवाल रामगंज मण्डी विधान सभा क्षेत्र के बुरनखेड़ी गांव के निवासी हे और पिछले कई वर्षों से झालावाड़ में रहकर समाज हित के अनेकों कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं । महेश कुमार मेघवाल ने बात चीत में बताया कि आज जो भी हु परमपिता परमेश्वर कबीर साहेब की असीम दया माता पिता के शुभ आशीर्वाद और मेरे समाज बंधुओ के सहयोग से हूं। वहीं महेश कुमार मेघवाल के पिता का कहना है लोगों की भीड़ में जब कोई कहता है की महेश कुमार मेघवाल के पिता है तो सुनकर बड़ा गर्व होता है।

आज मेरे बेटे की मेहनत से मेरा मेरे परिवार और गांव के साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन हो रहा है। साथ ही महेश कुमार मेघवाल ने भगत राष्ट्रीय अध्यक्ष मेघवाल महासभा नई दिल्ली, प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज सिंह मेघवाल, प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल, प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल, कोटा संभाग अध्यक्ष सांवरलाल मेघवाल, उदयपुर संभाग अध्यक्ष प्रहलाद मेघवाल, कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल, चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधाकिशन मेघवाल सहित मेघवाल महासभा के सभी सदस्यो और समाज जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो विश्वास सभी ने मुझ पर किया है उस विश्वास पर खरा उतरूंगा और मैं मेघवाल महासभा और समाज के प्रति हर कार्य में हमेशा तत्पर रहूंगा ।

## फिजा दृष्टि बाधित बालिका ने गोवा में आयोजित 24वीं राष्ट्रीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीते

### गांव सहित बारां जिले का नाम रोशन किया

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( शफीक मंसूरी )।** गोवा में आयोजित 24वीं राष्ट्रीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 2024 में साबिर हुसैन की पुत्री फिजा ने दो गोल्ड मेडल प्राप्त किये दृष्टि बाधित होने के बाद भी अपने जीवन में संघर्ष करती रही और पिता की प्रेरणा से खेलों में आगे बढ़ती रही 7 व 8 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीन गोल्ड मेडल प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई और कोच शेराराम के मार्गदर्शन में तैयारी करते हुए फिजा ने 50 मीटर ब्रेस्ट में गोल्ड मेडल व 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में दो स्वर्ण मेडल प्राप्त किए इसके अलावा भी राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में 20 से अधिक मेडल प्राप्त करके अपने गांव रायपुरिया तथा बारां जिले का नाम रोशन कर रही है। जिसमें देशभर के पैरा-स्विमर्स ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और अटूट संकल्प का प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों के एथलीट्स ने भाग लिया, जो अपनी खेलकला और साहस का प्रदर्शन किया। तैराकी कोच शेराराम ने संवाददाता को बताया कि 8 साल में तैयार किए 100 से ज्यादा दिव्यांग तैराक दिव्यांग खिलाड़ियों के कोच शेराराम परिहार 2015 से खिलाड़ियों को तैराकी का प्रशिक्षण दे रहे हूं शेराराम ने फिज़ा सहित 100 से अधिक दिव्यांगों को तैराकी में तैयार किया। इनसे प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पदक विजेता हैं।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले की सुरक्षा सखियों से सवांद कार्यक्रम

## सराहनीय कार्य करने वाली नौ सुरक्षा सखियों को सम्मानित कर प्रशंसा पत्र प्रदान किये

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़( सुरेश मोमिया )।** पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य में महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा, उन्हें अधिकारों व कानून के प्रति जागरूकता तथा उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में स्थानीय पुलिस से संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आज पुलिस लाईन स्थित मीटिंग सभागार में सुरक्षा सखी सवांद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिसमें पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में चिरंजी लाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विजय कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की उपस्थित में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों की करीब सौ सुरक्षा सखियों ने भाग लिया। सुरक्षा सखियों से महिलाओं से संबंधित अपराधों एवं कानूनों एवं अन्य मुद्दों के बारे में चर्चा की गई, उनसे विचार-विमर्श उपरान्त सुझाव प्राप्त किये गये है। जिनका शीघ्र ही क्रियान्वयन किया जावेगा । जिले की सुरक्षा सखियों द्वारा थाना क्षेत्रों के विद्यालयों में जाकर महिलाओं / बालिकाओं को नये महिला अपराध कानून, साईबर अपराध (फेसबुक, इन्स्ट्राग्राम, वाट्सअप पर वीडियो कॉल, चैंटिग व पोस्ट), घरेलु हिंसा के संबंध में जागरूक किया गया। सुरक्षा सखियो के द्वारा सुरक्षा सखी संवाद पखवाडा के दौरान थाना क्षेत्र के गांवो / विद्यालयो में जाकर महिलाओं / बालिकाओं को गुडटच - बेडटच, स्वंय आत्मरक्षा तथा महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के बारे में महिलाओं / बालिकाओं को जागरुक किया गया। इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली जिले की मनभर बाई (अमृतखेडी, अकलेरा), सुश्री सौरव यादव (इकवासा, असनावर), आभा जोशी ( खानपुर), भगवती बाई (मुण्डला रोड, रायपुर), सुश्री चेतना कंवर (गोरधनपुरा, मण्डावर ), रेखा सुमन ( सारोला कलां), भगवती (खानपुर), अनिता बाई (कोलाना, मण्डावर) एवं सुश्री प्रतिभा सिंह चौहान ( सुभाष कॉलोनी झालावाड़) नौ सुरक्षा सखियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित कर प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये। साथ ही उनकी समस्यायें सुनकर समाधान का आश्वासन दिया गया। सुरक्षा सखियों को यातायात के नियमों, साईबर फ्रॉड एवं शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता से अवगत कराया तथा छोटे-छोटे विवादों को आपसी समझाईश से हल करवाने की अपील की गई एवं आपराधिक गतिविधियों के संबंध में यदि कोई जानकारी / सूचना प्राप्त होती है तो आवश्यक रूप से पुलिस को डायल 100 व पुलिस हेल्पलाईन नम्बर 7688977000 पर देने हेतु समझाईश की गई ।

# ठेके पर चल रहा सहायक खनि अभियंता खान एवं भू-विज्ञान विभाग निम्बाहेड़ा का कार्यालय

## कर्मचारी ने ठेके पर रखा अपना खुद का कार्मिक

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा( प्रकाश खत्री )।** चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा तहसील मे सहायक खनिज अभियंता खान एवं भू विज्ञान विभाग द्वारा एक अलग ही परिपाटी शुरू कर दी गई है जिसमे कार्यालय मे कार्य कर रहे अंकित जैन लिपिक का कार्य करते है जिन्होंने अपना खुद का निजी कार्मिक दिनेश वैष्णव को कार्य पर लगा रखा है और वह खुद अपना निजी कार्य करने के कारण कार्यालय से गायब रहते है ।उनकी गैर मौजूदगी मे उनका निजी कार्मिक सरकारी कार्य करता है। अंकित जैन द्वारा रखे गए निजी कार्मिक द्वारा कार्यालय की गुप्त जानकारिया बाहर जाने का अंदेशा काफी है कभी कोई घटना दुर्घटना हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा ? इस सम्बन्ध मे जब अंकित जैन द्वारा लगाए गए कार्मिक से पूछा गया की आप इस कार्यालय मे क्या कर रहे हो तो निजी कार्मिक बोला मे तो गेहलोत कंसेल्टीसी का कार्मिक हूं मे यहाँ पर ईसी का कार्य कर रहा हूं । इस सम्बन्ध मे जब हमने गेहलोत कन्सेल्टीसी के मालिक से नारायण सिंह गेहलोत से बात करी तो उन्होंने दिनेश वैष्णव को अपना कार्मिक नहीं बताया उन्होंने बताया की मेरे तो सिर्फ 2 कार्मिक है। जिसमे एक का नाम धीरज कुमावत है और जसवंत जीनगर है और इनकी सेलरी भी आपके यूनियन वाले ही देते है जब एजेंसी वाले ने दिनेश वैष्णव को अपना कार्मिक नहीं बताया तो अंकित जैन के ऑफिस मे यह निजी कार्मिक किसकी परमिशन से कार्य कर रहा है जब कर्मचारी ही अपना काम करने के बजाय ठेके पर कार्यालय चला रहे है और खुद ऑफिस से बाहर जाकर अपना निजी कार्य कर रहे है तो सरकार को जिम्मेदार कर्मचारियों को कार्य करवाने की जरुरत ही नहीं फिर तो कोई भी आओ जाओ कुछ भी करो सरकारी फ़ाइल से छेड़ छाड़ करो कोई रोकने टोकने वाला नहीं। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा ,क्या प्रशासन इस और ध्यान देकर चल रही परिपाटी बंद होकर जिम्मेदारो पर कोई कार्यवाही करेंगे या फिर ऐसे ही चलता रहेगा

### नशे के बाजार में एम डी ने कायम की हुकूमत

## रजनी गंधा गुटका के साथ खा रहे हैं रईसजादे पच्चीस सौ रुपए एक ग्राम

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( सुरेश मोमिया )।** झालावाड़ जिले में नशा बेचने, सेंवन करने की पूरी छूट है कहीं भी बैठकर शराब पीना आसान है, पान की दूकानों से ज्यादा स्मैक बेचने वालों की दूकाने ज्यादा है, गांजा पीना जितना ही आसान है उतना ही मिलना। सब-कुछ होता खुले आम प्राप्त जानकारी के अनुसार झालावाड़ में एक ज्यूस की दुकान पर साधारण ज्यूस का गिलास में दस रुपए में मिलता है लेकिन स्पेशल ज्यूस के ग्राहकों की लाइन लगी रहती है जो पचास रुपए में वही गिलास देता है जिसमें नशा आता है क्या मिलता है यह कार्य पुलिस की जांच का है। एम डी के नाम से नया नशा चलन में आया है सुत्र बताते मध्यप्रदेश की सीमा से डग भवानी मण्डी होते हुए झालावाड़ व झालरापाटन शहर में पहुंचता है। इस नशे के की शोकिन तो भवानी मण्डी तक लेने जाते हैं। महंगा होने के कारण आम आदमी से दूर होकर अधिकांश तौर पर पैसे वालों लोगों के घरों में अपनी जड़ें मजबूत कर चुका है। जानकार बताते हैं एम डी नामक नशे को रजनी गंधा गुटका में मिलाकर खाया जाता है बताते हैं गुटके को आधा धन्टा मुंह के अन्दर रखा जाता है नशा केसे आता है यह तो पता नहीं लेकिन आठ आठ दस दस जनों की मेजूरेटी बनी हुई है जो आपस में मिलकर नशे में सहभागिता निभाते हैं। पुलिस महकमा अपने विश्वसनीय सुत्रों व ईमानदार कर्मचारीयों को इस नेट वर्क को समाप्त करने का प्रयास करें तो ये नामुमकिन भी नहीं है।

## दो माह पूर्व लापता हुई बालिका का अभी तक कोई पता नहीं,ब्राह्मण समाज ने जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में दो माह पूर्व घर से कोचिंग के लिए निकली बालिका लापता हो गई थी जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना गंगधार में दर्ज करवा दी थी जिसका पता दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस नही लगा सकी और पुलिस के हाथ खाली है जिस पर बुधवार को चौमहला गंगधार के समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर लापता बालिका का पता लगाने की गुहार लगाई है। बालिका के पिता कन्हैयालाल शर्मा ने ज्ञापन में बताया कि 21 अगस्त को शाम चार बजे मेरी लड़की वर्षा शर्मा घर से कोचिंग के लिए घर से निकली थी।जो वापस घर नही लोटी जिसकी रिपोर्ट गंगधार थाने में दर्ज करवा दी थी। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है कोई सुराग नही लगा है। बालिका के पिता ने बताया कि मैने इस संबंध में सवाई राम पिता वीराराम जाती माली निवासी कुंडला बाड़मेर पर संदेह व्यक्त किया था ,यह लड़का 10 व 11 अप्रैल 2024 को चौमहला के जैन अतिथि गृह में भी रुका था और लापता बालिका के भाई सागर शर्मा से आधा घंटा बातचीत की थी और मोबाइल टेबलेट देने की कोशिश की थी। तथा काल डिटेल के अनुसार मार्च 2024 में भी वर्षा के मोबाइल पर बात की थी। उक्त लड़का पिछले एक वर्ष से सोशल मीडिया के माध्यम से वर्षा के संपर्क में था। लेकिन अभी तक बालिका की कोई जानकारी नहीं मिली है। ज्ञापन देते दौरान अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, रमेश चंद शर्मा ,सुरेश चंद शर्मा, गोपाल शर्मा , सत्यनारायण जोशी, लोकेश त्रिवेदी ,मोहनलाल शर्मा , रघुनंदन शर्मा ,राजेश तिवारी, पूरण शर्मा ,अशोक कौशिक, मंगल शर्मा, संजय शर्मा, उमेश तिवारी, मुकेश शर्मा, कौशल शर्मा, आशीष भट्ट ,भरत शर्मा, राकेश शर्मा, समाज के लोग मौजूद रहे।

# नहर निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी: सीएडी अधिकारियों की लापरवाही

### दाई मुख्य नहर में गुणवत्ता से काम नहीं होने पर जल प्रवाह के वक्त होते हैं रिसाव

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** दाई मुख्य नहर के निर्माण कार्य में लिपा-पोती के मामलों में भ्रष्टाचार की खबरें सामने आई हैं। कॉलेज के सामने दाईं मुख्य नहर पर चल रहे रपट कार्यों में गुणवत्ताहीन सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे नहर में रिसाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के ठेकेदार अपने मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं, और अधिकारियों के साथ उनकी सांठ-गांठ है। इसके कारण दाईं मुख्य नहर में लगातार रिसाव हो रहा है, जो जल प्रवाह के समय गंभीर समस्या उत्पन्न करता है। चंबल नहर के दाईं मुख्य नहर के सब माइनरों के जीर्णोद्धार और नवनिर्माण का काम भी ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री से किया जा रहा है। सीएडी विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते ठेकेदार सेफ्टी दीवारों को बिना गुणवत्ता के बना रहे हैं, जो जल्द ही कमजोर हो जाती हैं। जल प्रवाह बढ़ने पर नहर में रिसाव होने से लाखों रुपए की मिट्टी बह जाती है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण रिसाव रोकने के लिए अनायास ही लागत बढ़ जाती है। यदि अधिकारी समय पर गुणवत्ता की जांच करते, तो नहर में रिसाव जैसी समस्याएं उत्पन्न नहीं होतीं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मौके पर मौजूद रहना चाहिए, ताकि इस तरह की गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।

## भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान शुरू



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल रावतभाटा द्वारा मुख्य पदाधिकारीयों की बैठक रखी गई जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाने हैं।

जो कार्यकर्ता कम से कम 100 सदस्यों से अधिक आमजन को ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराएगा उसे पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा।

बुधवार को आशा व्यास को सक्रिय सदस्य बनाकर अभियान का शुभारंभ किया।

भारतीय जनता पार्टी ने ऑफलाइन सदस्यता का भी आज शुभारंभ किया जिसके तहत जो कार्यकर्ता ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण नहीं कर पा रहा है उन्हें भी घर-घर जाकर ऑफलाइन सदस्यता से भाजपा से जोड़ा जाएगा।

मीडिया प्रमुख पदमा सोनी ने बताया की जिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन माध्यम से 100 से अधिक सदस्य जोड़ लिए हैं उन सभी को सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान 30 अक्टूबर तक चलाया जाएगा साथ ही जिन व्यक्तियों ने ऑफलाइन 100 से अधिक सदस्य बनाए हैं उन्हें पुनः सक्रिय सदस्य बनाने के लिए पार्टी बाद में विचार करेगी।

बैठक में उपाध्यक्ष आशा व्यास, जितेंद्र जैन सदस्यता अभियान की सह प्रमुख रंजना पुरोहित, मंत्री लाला देराश्री, जसवीर चौधरी, लीला धाकड़ कार्यालय प्रमुख मनोज मेहरा पार्षद एवं प्रचार प्रसार प्रमुख मनीष गिरी आदि मौजूद थे।

# खेलों में पुरस्कार जीत कर विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (महेश कुमार )।** मंगलम विद्या विहार ने कोटा में चल रही 68 वीं एथलीट प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों में पुरस्कार जीत कर विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया जिसमें अरुण सोनी को डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल( -17 वर्ष),यदुवीर सिंह को डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल( -14), नेहा वर्मा को डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल( -19),शीतल मेहता को डिस्कस थ्रो में ब्रोंज मेडल ( -19) व इशिका राठौर को गोला फेंक में कांस्य पदक मिला। इन सभी विजेताओं में से नेहा वर्मा, यदुवीर सिंग, अरुण सोनी व शीतल मेहता का राज्य स्तर पर चयन भी हुआ है । 68 वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता से कक्षा 11वीं के छात्र शार्दूल खंडेलवाल का चयन भी राज्य स्तर पर कोटा की टीम में चयन हुआ । कोटा टीम ने 31 वर्ष बाद राज्य स्तर पर जीत प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा ने कहा कि सभी विजेताओं व उनके कोच व शारीरिक शिक्षक चंद्र मोहन नाटला के लगातार प्रयास व कठोर परिश्रम से ही यह संभव हुआ है। प्राचार्य ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चंबल के सेवर घाट पर बन रहा है हाईलेवल पुल

## डांग के रास्ते मध्यप्रदेश का खुलेगा नया रास्ता, धौलपुर और मुरैना के गांवों की घटेगी दूरी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी उपखंड के डांग क्षेत्र में सोने का गुर्जा थाने से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेवर घाट पर चंबल पर हाईलेबल पुल का निर्माण हो रहा है। जिसके बनने का पिछले 30 वर्ष से डांग के ग्रामीण और बाड़ी शहर के लोग इंतजार कर रहे है। पुल निर्माण के लिए आवश्यक 13 पिलर बनकर तैयार हो गए है। इन पिलर पर 12 स्पान डाली जाएगी, जिनमे से 05 स्पान डाली जा चुकी है। अन्य शेष 7 स्पान डालने का काम तेज गति से चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार यदि सब कुछ ठीक रहा तो आगामी पांच महीने में काम को पूरा कर लिया जाएगा। पुल निर्माण होते ही राजस्थान के धौलपुर और मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के लोगों का जुड़ाव हो जाएगा।



### 90 के दशक में भी बना था पुल, लेकिन नहीं हो सका पूरा

सेवर घाट पर चंबल के ऊपर 90 के दशक में भी पुल बनाया गया था लेकिन उस वक्त ब्रज कॉरपॉरेशन के अभियंताओं से पिलर निर्माण में दो पिलर के बीच दूरी को लेकर ऐसी तकनीकी खामी हुई की वह पुल फिर कभी पूरा नहीं हो सका। ऐसे में लगातार हुई जांच के बाद उस पुल ऐसे ही अधूरा छोड़ दिया गया। जो आज भी अधूरा खड़ा हुआ है। जिसके बाद किसी भी सरकार ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### डांग के विकास को लेकर पूर्व विधायक ने किये प्रयास

पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने जब तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत से अधूरे पुल के निर्माण को पूरा कराने की मांग की और मुख्यमंत्री सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री और अधिकारियों के कई चक्कर लगाए। जिसके बाद वर्ष 2021 में सेवर घाट पर एक नया पुल बनाने की सीएम ने स्वीकृति दी। जिसके बाद बजट मिलने पर नये पुल का निर्माण कार्य 03 फरवरी 2022 को शुरू किया गया। 76 करोड़ की लागत से बन रहे इस पुल का निर्माण करने वाली कंपनी रंजीत बिल्डिकॉन लिमिटेड गुजरात के संवेदक का कहना है कि पुल का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शेष काम पांच महीने में पूरा हो जाएगा। इस पुल की अप्रोच रोड को मिलाकर कुल लंबाई 1520 मीटर है अर्थात करीब डेढ़ किलोमीटर का पुल चंबल नदी पर निर्माणाधीन है। चंबल के उफान से नहीं आएगी बाधा आरएसआरडीसी के परियोजना अधिकारी संतोष कुमार का कहना है कि मार्च 2025 तक पुल का काम कंप्लीट कर दिया जाएगा। मध्य प्रदेश की सीमा में चंबल के पुल के पांच पिलर हैं बाकी 08 पिलर राजस्थान सीमा में है। दोनों प्रदेशों की सीमा के बीच चंबल नदी बह रही है। जिस पर यह पुल तैयार किया जा रहा है। इस पुल की लम्बाई 720 मीटर है और 12 मीटर चौड़ाई का यह पुल 25 मीटर ऊंचाई का बनाया जा रहा है। जिससे भारी बारिश होने या कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद चंबल में आये उफान से भी वाहनों के आवागमन में कोई बाधा नहीं आएगी।

**टाइगर रिजर्व कॉरिडोर बनने से नहीं आएगी कोई समस्या :** आरएसआरडीसी के परियोजना अधिकारी गोपाल बैरवा, संतोष कुमार ने बताया कि राजस्थान में पांचवें टाइगर रिजर्व के रूप में धौलपुर करौली के क्षेत्र को मिलाकर कॉरिडोर बनाया जा रहा है। लेकिन इससे पुल निर्माण या सड़क मार्ग में कोई परेशानी नहीं आएगी। क्योंकि इसकी परमिशन पूर्व में ही वन विभाग द्वारा जारी की है। ऐसे में कॉरिडोर को पुलिस की ओर आने वाले सड़क मार्ग से बचकर बनाया जाएगा। जिससे आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आये।

### इनका कहना है

प्रोजेक्ट डायरेक्टर राकेश दीक्षित का कहना है कि बाड़ी उपखंड के डांग क्षेत्र में हाईलेवल पुल सोने का गुर्जा सेवरपाली का निर्माण कार्य जारी है। चार महीने से बारिश के चलते काम को गति नहीं दी जा रही थी। लेकिन अब फिर से काम शुरू कर दिया गया है। यदि कोई समस्या नहीं आई तो चंबल का यह पुल मार्च 2025 तक बनकर तैयार हो जायेगा।

# मनोचिकित्सक ने मनाया सामाजिक सरोकार भरा अनूठा जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ प्रदीप डागुर ने परित्यक्त गौवंश के गले में रेडियम पट्टा बांधकर अपना 46वां जन्मदिन मनाया। गोवंश के गले में पट्टा बांधने का शुभारंभ किला स्थित बिहारी जी मन्दिर पर भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने गाय माता का पूजनकर ,गुड खिलाकर तथा गले में रेडियम पट्टा बांधकर किया। कार्यक्रम से पूर्व डागुर दम्पति ने एस पी भरतपुर के साथ बिहारी जी मंदिर में पूजा अर्चना कर माता-पिता से आशीर्वाद लिया तथा अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को दुहराते हुए सड़कों पर छोड़े गए लगभग 1000 गोवंश के गले में रेडियम पट्टा बांध कर रात्रि के समय गौवंश तथा उनके कारण होने वाली दुर्घटनाओं से आमजन को बचाने का संकल्प व्यक्त किया।मुख्य अतिथि मृदुल कच्छावा ने डॉ डागुर को माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके द्वारा शुरू की गई



अनूठी पहल की प्रशंसा की। डागुर परिवार द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, भाजपा नेता गिरधारी तिवारी,एबीवीपी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी, किसान नेता नैम सिंह फौजदार का मंदिर प्रांगण में माला साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पशु चिकित्सक डा महेश चंद्र,सी पी सिंह, एबीवीपी जिला संयोजक दौलत शर्मा, ग्राहक पंचायत प्रमुख रीतेश शर्मा, ई एन टी विशेषज्ञ डॉ चेतन डागुर, सुघड़ सिंह , प्रांशु पाठक,देवेन्द्र पण्डा गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित थे। मंदिर में नियमित आने वाले दर्शनार्थियों ने डॉ डागुर की इस प्रकार जन्मदिन मनाने की पहल को समाज के लिए प्रेरणा बताया।डागुर परिवार ने मंदिर प्रांगण में जरूरतमंद लोगों की आर्थिक मदद भी की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इस वर्षाकाल में डा डागुर ने हास्पीटल आने वाले अधिकांश मरीजों के परिजनों को पीपल बरगद विल्वपत्र के बड़े पौधे वितरण कर उनकी संभाल करने का संकल्प पत्र भरवाया।विगत वर्षों में डा डागुर ने विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक जगहों पर लगभग 5000 बडे पौधे लगाए हैं।पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी साहब सिंह डागुर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बस-टेंपो हादसे के बाद जांच कमेटी पहुंची घटना स्थल

## ग्रामीणों ने बताई समस्याएं, जल्द सुझाव और कमियों को लेकर रिपोर्ट सौंपेगी टीम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर से गुजर रहे हाईवे 11 बी पर सुनीपुर गांव के पास शनिवार की रात हुए बस, टेंपो सड़क हादसे के बाद घटना की जांच को लेकर प्रशासन द्वारा जांच कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी के अधिकारियों ने आज सुनीपुर गांव पहुंच घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया गया। इस दौरान बाड़ी एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीणा, बाड़ी सर्किल अधिकारी महेंद्र सिंह के साथ एनएचआई और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिनको मौके पर ही ग्रामीणों ने कई समस्याओं से अवगत कराया। वहीं अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मौके पर मिली कमियों को नोट डाउन किया है। बड़ी सीओ महेंद्र सिंह ने बताया की घटना के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक जांच कमेटी बनी है। जो घटना स्थल के साथ तमाम पहलुओं की जांच कर रही है।

कमेटी को जांच में जो भी कमियां मिलेगी और जो भी सुझाव होंगे उनको नोट डाउन कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट दी जाएगी। अभी आज बाड़ी एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीणा, तहसीलदार उत्तमचंद बंसल, एनएचआई के अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी देवानंद के साथ



परिवहन इंस्पेक्टर एवं अन्य अधिकारियों ने सुनीपुर गांव पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण किया। जहां ग्रामीणों ने सड़क पर घूमने वाले आवारा जानवरों की समस्या से अवगत कराया साथ में सड़क पर बीच में डिवाइड लगाने और जहां एक्सीडेंट की संभावना है। वहां गति अवरोधक लगाने के साथ संकेतक लगाने की मांग की है। मौके पर जो कमियां पाई गई हैं और लोगों ने जो सुझाव दिए हैं वह नोट डाउन किए हैं। जल्द कमेटी पूरे मामले की जांच के बाद जिला कलेक्टर को जांच रिपोर्ट देगी।

**हाईवे पर वाहनों की संख्या अधिक, ग्रामीणों की मांग-फोरलेन हो हाईवे :** धौलपुर से करौली वाया सपोटरा होकर जयपुर-आगरा हाईवे से जुड़ने वाला मेगा हाईवे 11 बी करीबन 10 वर्ष पूर्व बनाया गया था। इस मेगा हाईवे पर डिवाइडर नहीं है। केवल बीच सड़क पर पट्टी डाली गई जो अब मिट्टी में दब गई है। ऐसे में जब तेज गति वाहन आमने-सामने होते हैं तो दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसको लेकर धौलपुर करौली सहित मेगा हाईवे से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की मांग है कि इसे फोरलेन किया जाए। जिससे दुर्घटनाएं खत्म हो।

### गड़रिया लुहार परिवार के मदद की मांग

सुनीपुर गांव में सड़क हादसे के दौरान बस ने टेंपो को कुचलते हुए जहां 12 जान ली। वहीं पास में रखी गडरिया लुहार परिवार की गाड़ी को भी तोड़ते हुए रामलाल के घर की दीवार तोड़ दी। इस दौरान गाड़ी में रखा सारा सामान खत्म हो गया। पीड़ित गडरिया लोहार बद्री प्रसाद ने बताया कि वे उसे दिन करौली गए थे। जहां किसी की मौत हो गई थी। इसी के चलते उनका पूरा परिवार बच गया लेकिन उनका सारा सामान और गाड़ी में रखे रूपए पैसे चोरी हो गए। जिसको लेकर प्रशासन से मदद की मांग की है ।

# पूर्व मंत्री बनवारी लाल शर्मा का निधन

## धौलपुर से लगातार 5 बार रहे विधायक

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के ब्राह्मण समाज के कद्दावर नेता और पूर्व राज्य मंत्री बनवारी लाल शर्मा का बुधवार को पैतृक निवास पर हृदय गति रुकने से निधन हो गया। पूर्व मंत्री बनवारी लाल शर्मा का जन्म 1 दिसंबर 1940 को हुआ था, वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 9 बजे मुक्तिधाम पर होगा। सीएम भजनलाल शर्मा सहित प्रदेश के कई नेताओं ने शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बनवारी लाल शर्मा राजस्थान की चौथी विधानसभा में वर्ष 1967 में पहली बार धौलपुर से विधायक बने थे। 1967 से 2008 तक बनवारी लाल शर्मा पांच बार विधायक बनकर राजस्थान की विधानसभा में पहुंचे। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे बनवारी लाल शर्मा इससे पूर्व राजस्थान विधानसभा में संसदीय परामर्शदात्री सदस्य, सरकारी आश्वासन संबंधी समिति सदस्य, विशेषाधिकार समिति सदस्य, राजकीय उपक्रम समिति सदस्य, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति सदस्य जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके थे। इनके अलावा बनवारी लाल शर्मा राजस्थान सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तौर पर भी राजस्थान सरकार के मंत्रालय में अपनी सेवाएं दे चुके थे।

# चंबल किनारे से 300 बीघा वन्यभूमि हुई अतिक्रमण मुक्तः लोग कर रहे थे सरसों-अरहर की खेती, डीसीएफ के नेतृत्व में की गई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी उपखंड के डांग वसई थाना क्षेत्र में चंबल किनारे वन्य भूमि पर अतिक्रमण कर सरसों और अरहर की फसल उगाई जा रही थी। यह अतिक्रमण केवल एक-दो बीघा भूमि पर नहीं, बल्कि 300 बीघा भूमि पर किया गया था। जैसे ही राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभ्यारण के डीसीएफ को इस मामले की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत एक टीम बनाकर मौके पर जाकर कार्रवाई की। डीसीएफ ने जेसीबी की मदद से 300 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया और वहां हो रही अरहर और सरसों की फसल को नष्ट किया। राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभ्यारण के धौलपुर उप वन संरक्षक नाहर सिंह सिनसिनवार ने बताया कि वन्य क्षेत्र में जंगली जीवों की सुरक्षा के साथ-साथ वर्तमान में धौलपुर जिले में टाइगर प्रोजेक्ट अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# अहमदाबाद लायंस क्लब भरतपुर डायमंड के सेवा सप्ताह का समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. )।** भरतपुर के लायंस क्लब डायमंड द्वारा सेवा सप्ताह का समापन एवम सम्मान समारोह व रीजन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा का आयोजन बृज की लाडली राधा रानी जी सरकार के धाम बरसाना में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार ने मंचासीन अतिथियों व सभागार में उपस्थित लायन सदस्यों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया । उन्होंने सेवा सप्ताह को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम संयोजकों व सभी लायन साथियों का आभार व्यक्त किया । इस अवसर रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार , रीजन एडमिंस्ट्रेटर प्रेम पाल सिंह, जोन चेयरमैन डा जनक बाबू शर्मा, सेवा सप्ताह संयोजक हरिओम बंसल, कार्यक्रम संयोजक सुभाष जी



जयंती वाले, पुष्पेंद्र गोयल, संस्थापक अध्यक्ष मोहन लाल महेश्वरी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया ।

सेवा सप्ताह संयोजक हरिओम बंसल ने क्लब द्वारा सेवा सप्ताह में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा सेवा सप्ताह के सहयोगियों को दुपट्टा तथा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया, जिनमे निशुल्क भोजन वितरण के लिए कपूर गोयल, ओमप्रकाश एडवोकेट, सड़क सुरक्षा एवम जागरुकता के लिए शिवलहरी शर्मा, रविंद्र अग्रवाल, दिव्यांग सहायता के लिए मोहन माहेश्वरी, ओमप्रकाश गुप्ता, डा राकेश सोलंकी, धनेश सिंघल, सूरज भान गर्ग, रमेश गर्ग, डायबिटीज चेकअप के लिए पंकज बंसल, सुभाष रेलवे वाले, स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कपिल गुप्ता, राकेश गुप्ता, अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए फल वितरित करने के लिए दीपक धुवालिया, राजेंद्र गर्ग, मातृ -पितृ सम्मान के लिए विष्णु गोयल, राजेन्द्र सिंघल और समापन कार्यक्रम में भोजन प्रसादी के लिए सुभाष जयंती वाले, पुष्पेंद्र गोयल को सम्मानित किया। उन्होंने बताया सेवा सप्ताह के अंतर्गत क्लब सदस्यो द्वारा लगभग 2.50 लाख रूपए की सहायता राशि जरूरत मंद लोगों पर खर्च की गई। इस मौके पर तीन लक्की ड्रा भी निकाले गए जिनमें बंपर पुरुस्कार सुमन बंसल सेकेंड पुरुस्कार मीरा गोयल, थर्ड पुरुस्कार सुशील कंसल को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्लब के महिला पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने बरसाना धाम स्थित कीर्ति माता मंदिर श्री राधा रानी मंदिर भ्रमण कर पूजा अर्चना की। संचालन राकेश गुप्ता ने तथा आभार मोहन लाल माहेश्वरी ने किया।

# ओवरलोड वाहनों पर पुलिस की सख्ती, कार्रवाई कर की जब्ती

## बाड़ी हादसे के बाद चेता प्रशासन, ऑटो से निकलवाई एक्स्ट्रा सीट्स


बढ़ता राजस्थान


**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** 19 अक्टूबर को बाड़ी में सड़क दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे के शिकार सभी लोग एक ऑटो में सवार थे। जिसके बाद धौलपुर पुलिस ने जहां ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। वहीं, शहर की ट्रैफिक पुलिस भी ओवरलोड चलने वाले ऑटो के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई हैं। ट्रैफिक इंचार्ज टीनू सोगरवाल ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा पूर्व में भी ऑटो में लगी ऐक्सट्रा सीट्स को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। जिसके बावजूद बड़ी में हुई घटना में एक ऑटो में ही एक दर्जन से अधिक लोगों के होने की बात सामने आई। घटना के बाद से ही एक बार फिर से ट्रैफिक पुलिस ने युद्ध स्तर पर जिले में ऑटो के खिलाफ अभियान छोड़ दिया हैं। ट्रैफिक पुलिस ने घटना के बाद से अब तक 50 से अधिक ऑटो से एक्स्ट्रा सीट हटाकर ऑटो चालकों को ओवरलोड ना ले जाने के लिए पाबंद किया हैं। वहीं ओवरलोड बड़े वाहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शहर की चंबल चेक पोस्ट के साथ बरेठा चेक पोस्ट पर दो दर्जन से अधिक ओवरलोड वाहनों को रोककर कार्रवाई की गई



हैं। बरेठा चौकी प्रभारी देवेश कुमार नेबताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हैं।

# भरतपुर, महाराजा सूरजमल ब्रिज विश्वविद्यालय में अनियमितताओं की शिकायत











बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** भरतपुर स्थित महाराजा सूरजमल ब्रिज विश्वविद्यालय में हाल ही में अनियमितताओं को लेकर राजभवन को पत्र भेजा गया है। इस पत्र में विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्यों एवं विधायकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कुलपति प्रोफेसर रमेश चंद्र को पद से हटाने और जांच के लिए एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) गठित करने की मांग की है। उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. हरिशंकर मेवाड़ा ने राज्यपाल की सचिव को पत्र भेजा है, जो सीएमओ के उप सचिन द्वारा भेजे गए यूओ नोट के आधार पर तैयार किया गया है। इस नोट के साथ विधायक बहादुर सिंह कोली का पत्र भी संलग्न है, जिस पर डीग कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह और कामा विधायक नौक्षम चौधरी के हस्ताक्षर हैं। ये सभी विधायक विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य भी हैं। पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि कुलपति की विद्या अनियमितताओं और धांधली की जांच के लिए गठित हाई पॉवर कमेटी को निरस्त किया जाए और इसकी जांच एसआईटी से कराई जाए। इसके साथ ही, जांच में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कुलपति को तत्काल पद से हटाने की मांग की गई है। इस मुद्दे पर जल्द कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है, ताकि विश्वविद्यालय की प्रशासनिक स्थिति में सुधार किया जा सके और छात्रों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

# बड़े-बड़े होर्डिंग्स एवं मार्गो पर लगे स्वागत द्वार कपासन की यातायात व्यवस्था को कर रहे चौपट

## त्यौहारी सीजन में क्षैत्र के बाजारों एवं मार्गो से आमजन का गुजरना हुआ दूभर





बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** त्यौहारी सीजन में नगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों एवं सड़क मार्गो के किनारे स्थित प्रतिष्ठानों के बाहर अपने व्यवसाय के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बड़े-बड़े स्वागत द्वार एवं होर्डिंग्स लगाए गये है।जिससे नगर कपासन क्षेत्र के प्रमुख बाजार एवं सड़क मार्ग सिकुड़ जाने से यातायात व्यवस्था पूर्णतया प्रभावित हो रही है।त्यौंहारी सीजन में हर समय आमजन एवं राहगीरों को आवागमन ने जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।जिससे क्षेत्रवासियों ने रोष व्याप्त है। यहां नगर के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहा से हाइवे मार्ग की सड़क किनारे स्थित प्रतिष्ठानों के बाहर बड़े-बड़े स्वागत द्वार एवं बैनर होर्डिंग्स लग जाने से उक्त मार्ग पर हर समय जाम जैसी स्थिति बनने से नगरवासियों एवं ग्रामीण अंचल से आने वाले पैदल राहगीरों एवं वाहनधारियो को गौर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां लगे बड़े-बड़े स्वागत द्वार एवं बैनर होर्डिंग की आड़ में खड़े बेतरतीब दुपहिया वाहनो से आधा मार्ग गिरा रहता है।तो वहीं आधा मार्ग सड़क किनारे खड़े थेलों की छांव से ढका रहता है।उक्त हालातों में पैदल राहगीरों के साथ वाहनधारियो को आवागमन में गौर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**राहगीरों का चलना दूभर :** बहरहाल चहुंओर पसरी उदासीनता तले त्यौंहारी सीजन में नगर पालिका कपासन क्षेत्र के सड़क मार्गो पर पैदल राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। त्यौंहारी सीजन में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के व्यापक प्रचार-प्रसार का क्षेत्रीय आमजन,पैदल राहगीरों सहित वाहनधारियो को जाम जैसी स्थिति का सामना कर भुगतान करना पड़ रहा है।नगर के प्रमुख बाजारों एवं मुख्य मार्गो पर यातायात अव्यवस्था के चलते क्षेत्रीय जनता जनार्दन में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत चर्चा में बनी हुई है।ऐसे ही हालात नगर क्षेत्र के मध्य स्थित प्रमुख बाजारों की सकड़ी गलियों के बने रहते है।जिससे उक्त मार्गो पर भी ऊहापोह वाली स्थिति हर समय बनी रहती हैं।

गौरतलब है कि चहुंओर पसरी उदासीनता तले नगर पालिका कपासन क्षेत्र की यातायात अव्यवस्था आमजन के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है।फिर भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक गलियारों पर कुंभकर्णीय निंद्रा हावी रहने से आमजन की समस्याओं का समाधान किसी भी स्तर से नहीं हो पा रहा है।जिससे जनता जनार्दन में रोष व्याप्त है।

इधर जनता जनार्दन के गलियारों में समस्याओं का समाधान नहीं होने से सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष की भी किरकिरी बनी हुई है।यहां विपक्ष से नेता प्रतिपक्ष की जनता जनार्दन की समस्याओं पर मुखदर्शिता की भूमिका चर्चा का विषय बनी हुई है।

## लंबित कृषि कनेक्शन शीघ्र करने एवं नये जीएसएस प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने के निर्देश दिये

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा विद्युत विभागीय अधिकारियों के साथ मंगलवार सांय विधायक कार्यालय पर बैठक आयोजित कर क्षैत्र के किसानों को रबी की फसल के दौरान पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।बैठक में विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने अधिशासी अभियंता भेरूलाल मेघवाल,सहायक अभियंता कपासन मुनीश कावंत,सहायक अभियंता भूपालसागर हरिशंकर मीणा,सहायक अभियंता राशमी नरेंद्र पुरी गोस्वामी के साथ क्षेत्रीय विद्युत समस्या की समीक्षा की गयी।इस दौरान विधायक जीनगर ने विद्युत विभागीय अधिकारियों को 2019 तक के लंबित कृषि कनेक्शन दीपावली तक करने एवं भूपालसागर,भादसोड़ा,राशमी व कपासन हेतु नये जीएसएस प्रस्ताव सरकार को भेजने के निर्देश दिये। इस बैठक में ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,मंडल अध्यक्ष राशमी जिनेंद्र कोठारी,नगर मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय, ग्रामीण मंडल कपासन महामंत्री दिनेश पाराशर, शनिमहाराज मंडल महामंत्री रतननाथ योगी,पूर्व पंस सदस्य कैलाश अहीर,सदस्यता अभियान सहसंयोजक चेतन शर्मा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राईजिंग राजस्थान : ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट में भाग लेगें नगरीय विकास मंत्री खर्रा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में गुरुवार 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राईजिंग राजस्थान - ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत जिला इन्वेस्टर मीट में राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा होगें। इस मौके पर वह देलवाड़ा रोड़ पर गीता रिसोर्ट पर आयोजित इन्वेस्टर मीट में अपना उद्बोधन देगें। श्री खर्रा पाली के फालना में भी इन्वेस्टर मीट में भाग लेने के बाद ब्यावर पहुँचेगें।

## छबड़ा कॉलेज में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 कार्यक्रम में बताए तंबाकू के दुष्परिणाम

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा( नि.स. )।** अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन विश्व भारती स्नातकोत्तर महाविद्यालय छबड़ा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधी लाल बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार की जन घोषणा एवं निरोगी राजस्थान अभियान के अंतर्गत तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.सी. मीणा ने महाविद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान नहीं करके परिसर में तंबाकू मुक्त वातावरण बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए तंबाकू के दुष्प्रभाव बताए।

## नकली वकील को पकडक़र पुलिस के हवाले किया

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर में असली वकीलों ने जिला अभिभाषक संस्था के पदाधिकारी के सहयोग से नकली वकील को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया, पदाधिकारी का कहना है कि उक्त व्यक्ति के बैग में वकील का लोगो लगी दो डायरियों के साथ ही कई फाइलें भी मिली है। उधर, पुलिस का कहना है कि उक्त व्यक्ति को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। जिला अभिभाषक संस्था के सेक्रेटरी नौनिहाल सिंह ने बताया कि बीते कुछ महीने से शिकायतें आ रही थी कि यहां कोई व्यक्ति बिना डिग्री के सफेद शर्ट और काली पेंट पहन कर प्रेक्टिस कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को कई बार आगाह कर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर को वे, पैरवी कर लौट रहे थे, तब उन्होंने महावीर सौलंकी को पकड़ा और पूछताछ की कि तो उसने खूद को अंबालाल वकील का जूनियर होना बताया। इस पर सेक्रेटरी सिंह ने उक्त अधिवक्ता अंबालाल को बुलवाकर उक्त जानकारी दी। इस पर उन्होंने साफ तौर पर मना किया कि महावीर न तो उनका जूनियर है और न ही मुंशी। इसके बाद सौलंकी के बच्चे के हाथ में बैग देखा और इस बैग को खोला तो उसमें काफी फाइलें थी। साथ ही अधिवक्ता की दो डायरियां भी मिली। इसके अलावा इसकी गाडी पर भी मोनोग्राम लगे हैं। सेक्रेटरी सिंह ने कहा कि इससे प्रतित होता है कि इस व्यक्ति ने अधिवक्ता बनकर कई मासूम लोगों को लूटा है। सिंह ने आमजन से अपील की कि अगर उनके द्वारा कोई वकील किया जाता है तो पहले उसकी जांच कर लें ताकि ठगी का शिकार न हो। सिंह ने कहा कि इस व्यक्ति की सूचना पुलिस को दी। पुलिस उसे कोतवाली थाने ले गई। सिंह ने कहा कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ संस्था की ओर से रिपोर्ट भी दी जायेगी। वहीं कोतवाली थाने के सहायक उप निरीक्षक सीपी विश्नौई ने बताया कि कोर्ट में पकड़े गये महावीर सौलंकी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 थीम स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत में दौड़े छबड़ा के युवा

बढ़ता राजस्थान



**छबड़ा ( मुख्तार अहमद खान )।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार एवं पंचायती राज मंत्रालय के निर्देश के क्रम में पंचायत समिति छबड़ा द्वारा उपखण्ड अधिकारी राम सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत,पंचायत समिति स्तर पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत के अंतर्गत बुधवार को दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उत्साह से युवाओं ने दौड़ लगाई। देवकिशन गुर्जर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अनुसार रेणुका नदी दरवाजे से तहसीलदारअभिषेक पारीक द्वारा झंडी दिखा कर फिट इंडिया,फ्रीडम रन को रवाना किया गया।रन में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी,तहसीलदार अभिषेक पारीक एवं कार्यवाहक विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार मीणा,नगर पालिका ईओ संदीप गहलोत,सहायक विकास अधिकारी हरि बल्लभ कुमावत,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश गालव,ओम नारायण गालव,देवकिशन गुर्जर स्वच्छ भारत अभियान कॉर्डिनेटर,पालिका के कार्मिक सीनियर विद्यालय बालिका और बॉयज स्कूल के संस्था प्रधान चन्द्र प्रकाश गुप्ता,गर्ल्स के प्रधानाचार्य अशोक कुमार यादव, व्याख्याता अशोक कुमार यादव,सुनील भार्गव,हैप्पी चिल्ड्रन विद्यालय के बच्चों ने फीट इंडिया दौड़ में भाग लिया। दौड़ में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक,स्थानीय खिलाड़ी, विभागीय कर्मचारी समुदायों के व्यक्तिगण, एनजीओ ट्रस्ट,स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाएं,व्यापारी,आम नागरिक गण ने बड़ी संख्या में दौड़ में भाग लिया। दौड़ के बाद नगर पालिका कार्यालय में शपथ का आयोजन किया गया जिसमें तहसीलदार पारीक ने शपथ दिलवाई अंत में कार्यवाहक विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार मीणा ने दौड़ में भाग लेने वाले सभी नागरिकों कर्मचारियों विभाग के अधिकारियों को दीपावली पर स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत के लिये शुभकामनाएं,बधाई संदेश प्रेषित कर आभार जताया।

## ब्यावर सीईटी परीक्षा देने जा रही छात्राओं की गाड़ी पलटी, कई घायल; परीक्षा नहीं दे सकी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिले के गुड्डा गांव के पास समान पात्रता परीक्षा देने जा रही छात्राओं से भरी पिकअप एक गाड़ी अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। इस हादसे में अभ्यर्थियों के गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घायल पांच अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित रहना पड़ा है। सामाजिक संगठनों ने घायल छात्रों के प्रवेश पत्र और पहचान पत्र जिला कलेक्टर को दिखाकर अगली परीक्षाओं में शामिल होने की गुहार लगाई है।

### ये अभ्यर्थी नहीं दे सके परीक्षा

ब्यावर जिले के गुड्डा गांव निवासी गायत्री प्रजापत पुत्री गोपाल लाल, सोनू बैरवा पुत्री हरचंद बैरवा, गटका प्रजापत पुत्री मंगल प्रजापत, शर्मिला प्रजापत पुत्री सुखपाल प्रजाप,



दिनेश प्रजापत पुत्र रामलाल प्रजापत और सावित्री कुमार पुत्री गोपाल कुमार. परीक्षा देने से वंचित हो गए।

### कलेक्टर को लगाई परीक्षा देने के लिए गुहार

दुर्घटना की सूचना मिलते ही लोगों ने चिकित्सालय पहुंचकर घायल छात्र-छात्राओं को संभाला। परीक्षा में शामिल होने करने की बात पर जिला कलेक्टर का कहना है कि जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी वह अमल में लाई जाएगी।

## छबड़ा में धरनावदा चौराहे पर लगा लंबा जाम, आमजन हुए परेशान

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा ( नि.स. )।** कस्बे में को बढ़ते ट्रेफिक लोड व भारी वाहनों की आवक एवं किसानों की ट्रेक्टर ट्रॉलियों के चलते मंगलवार शाम को धरनावदा चौराहे पर लंबा जाम लग गया जिससे घण्टों तक यातायात व्यबस्था बिगड़ी रही।जानकारी के अनुसार शाम को साढ़े चार बजे करीब से ही धरनावदा चौराहे पर जाम के हालात बन गए स्टेशन रोड पर राख से भरे बलगर,जिंस से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों व अन्य छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई जिसके चलते देर शाम तक यातायात व्यवस्था बिगड़ी रही आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से पूर्व कपासन में मैराथन दौड़ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




कपासन ( नि .स. ) । पंचायत समिति मुख्यालय पर फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5 .0 कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को पंचायत समिति कपासन कार्यालय से सांवलिया चौराहा तक मेराथन दौड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं पंस कपासन विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल ने बताया कि जिला कलेक्टर मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी कपासन राजीव सुहालका की उपस्थिति में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की थीम पर फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5 .0 कार्यक्रम आयोजित किया गया।पंचायती राज विभाग के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती से पूर्व पंचायत समिति स्तरीय मेराथन दौड आयोजित की गयी।इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक हरलाल यादव एवं विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल, तहसीलदार कमलेश कुलदीप द्वारा उक्त मेराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखा रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में समन्वयक सहायक विकास अधिकारी लोकेश चण्डालिया,सहायक अभियंता फतेहलाल सोनी,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा,मुख्य ब्लॉक चिकित्साधिकारी डॉ . महेन्द्र कुमार शर्मा,विद्युत विभाग कपासन सहायक अभियंता मुनीश कावंत,पंस कपासन सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र गर्ग, उपकोषाधिकारी पुष्कर मीणा,आरपी सत्यप्रकाश, महेन्द्र कुमार,स्वच्छता समन्वयक मोहन प्रजापत, आशिष त्रिपाठी,सहायक विकास अधिकारी बंशीलाल खटीक,मांगीलाल गुर्जर,नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा कोदली,एमआईएस रिया गर्ग,शिक्षक उज्जव दाधीच,प्राध्यापक प्रकाश नंदवाना,सहायक अभियंता दिनेश पुर्बिया,वरिष्ठ सहायक माधवलाल नायक,कनिष्ठ अभियंता लोकेन्द्र सिंह एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

# खनिज क्षैत्र में 14 एमओयू पर 26. 40 करोड़ का होगा निवेश

## ब्यावर में 52 एमओयू पर 2845 करोड़ का निवेश होगा, करीब ढाई हजार से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, सबसे बड़ा निवेश श्री सीमेन्ट व अल्ट्रा सीमेन्ट का होगा

### आज गीता रिसोर्ट देलवाड़ा रोड़ पर जिला स्तरीय निवेशकों की होगी बैठक

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट 2024 के अन्तर्गत ब्यावर जिले में जिला स्तरीय निवेशकों की बैठक का आयोजन 24 अक्टूबर 2024 को गीता रिसोर्ट देलवाड़ा रोड़ पर किया जायेगा। इस बैठक का उद्देश्य जिले में विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों में निवेश आकर्षित कर जिले के आर्थिक विकास को नई ऊंचाईयों पर ले जाना है। यह समिट राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य में उद्योंगों के विस्तार के साथ-साथ रोजगार के अवसरों को भी बढावा देना है। ब्यावर जिले में अब तक कुल 52 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। जिनके तहत दो हजार 8 सौ पैतालिस करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेशों से जिले में लगभग 8 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। ब्यावर जिले में प्राप्त इन निवेश प्रस्तावों के अंतर्गत सीमेंट, एग्रो-प्रोसेसिंग, खनिज उद्योग, होटल और रिसॉर्ट, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण, माइनिंग और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है। ये सभी क्षेत्र जिले के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएँगे और नए व्यवसायों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे।

ब्यावर जिले में सबसे बड़ा निवेश श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित किया गया है, जिसमें 1,872 करोड़ का निवेश होगा। इस निवेश के जरिए जिले में 2,270 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। खनिज आधारित उद्योगों के क्षेत्र में भी 14 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनके तहत 26.40 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। खनिज उद्योग ब्यावर जिले की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, और इस क्षेत्र में निवेश से न केवल खनिज संसाधनों का दोहन होगा, बल्कि नए रोजगार सृजित होंगे और संबंधित उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, अन्य क्षेत्रों जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, खाद्य प्रसंस्करण, होटल और रिसॉर्ट, टेक्सटाइल और स्वास्थ्य सेवाओं में भी निवेश प्रस्तावित हैं, जो जिले के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेंगे। इन निवेशों से जिले के व्यापारिक और औद्योगिक ढांचे को और सुदृढ़ बनाया जाएगा और स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कुल मिलाकर, ब्यावर जिले में आयोजित इस निवेशकों की बैठक से प्राप्त निवेश प्रस्ताव जिले के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। इससे न केवल जिले का औद्योगिक परिदृश्य बदलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ जिले के निवासियों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

## छबड़ा में बिना अनुज्ञा पत्र के 69 बेग संदिग्ध उर्वरक जब्त, एफआईआर कराई दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा ( मुख्तार अहमद खान )।** संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर के आदेशानुसार 22 अक्टूबर को बारां जिले में सीआईएल (कोरोमण्डल) के 500 मीट्रिक टन व एचयूआरएल के 1300 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण किया गया है, प्रति किसान अधिकतम 5 बैग डीएपी का वितरण आधार कार्ड व जमीन की नकल के आधार पर कृषि पर्यवेक्षकों की मौजुदगी करवाया गया है,निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 5 डिलर्स को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।डीएपी वितरण के दौरान पूरे जिले में उर्वरक निरीक्षको, एवं सहायक कृषि अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान छबड़ा में 69 बैग आई.पी.एल कम्पनी का डीएपी उर्वरक संदिग्ध व बिना अनुज्ञा पत्र के पाये जाने उर्वरक निरीक्षक राज कुमार मीणा द्वारा पुलिस प्रशासन की मौजुदगी में उर्वरक जब्त कर एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई तथा जब्त उर्वरक को कय विक्रय सहकारी समिति के हस्ते किया गया है। तथा संदिग्ध उर्वरक का मौके पर ही नमूना लिया गया है, जिसकी जांच हेतु निरीक्षण प्रयोगशाला में भिजवाया जाएगा, इस दौरान सहायक निदेशक कृषि चौथमल मीणा व पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहे।

# वजन बढ़ाने के लिए रोटी या चावल क्या है अधिक फायदेमंद?



जिस तरह वजन घटाना किसी बड़े टास्क से कम नहीं होता है, उसी तरह वजन बढ़ाना भी आसान नहीं होता है। जो लोग दुबले-पतले हैं, वे वजन बढ़ाने के लिए कई तरकीबे अपनाते हैं। लेकिन कई लोग वजन बढ़ाने के लिए रेगुलर डाइट को ही बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। ऐसे में उनके मन में अकसर सवाल रहता है कि उन्हें अपनी डाइट में रोटी या चावल में से क्या शामिल करना चाहिए? यानी रोटी या चावल में से वजन बढ़ाने के लिए क्या फायदेमंद हो सकता है?

**क्या रोटी खाने से वजन बढ़ सकता है :** रोटी तरह-तरह के आटे या अनाज से बनाई जाती है। लेकिन अधिकतर घरों में गेहूं की रोटी खाई जाती है। ऐसे में हम वजन बढ़ाने के लिए गेहूं की रोटी के बारे में बात करेंगे। गेहूं की रोटी में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर काफी अधिक मात्रा में होता है। जिन खाद्य पदार्थों में फाइबर अधिक होता है, उन्हें अधिक मात्रा में नहीं खाया जा सकता है। क्योंकि फाइबर से पेट जल्दी भर जाता है, साथ ही जल्दी से भूख भी नहीं लगती है। फाइबर ओवरइटिंग से भी बचाता है। इसलिए रोटी को वजन बढ़ाने के लिए कारगर नहीं माना जाता है। लेकिन अगर आप रोटी खाकर भी वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो इसमें गेहूं के साथ दूसरे अनाज को भी शामिल किया जाना चाहिए। इसके लिए गेहूं के आटे में थोड़ा सा रागी आटाभी मिलाएं। रागी के आटे में कैल्शियम अच्छी मात्रा में होता है, साथ ही वेट गेन में भी मदद करता है।

**क्या चावल खाने से वजन बढ़ सकता है :** अकसर जो लोग पतले होते हैं, उन्हें अधिक मात्रा में चावल खाने की सलाह देते हैं। डॉक्टर सुगीता बताती हैं कि वजन बढ़ाने के लिए सबसे पहले आपको अपनी पाचक अग्नि तेज करनी चाहिए। तभी शरीर खाद्य पदार्थों को आसानी से अवशोषित कर पाता है। चावल आसानी से डायजेस्ट हो जाता है और वजन बढ़ाने में मदद कर सकता है। शरीर चावल में मौजूद पोषक तत्वों को आसानी से अवशोषित भी कर लेता है। अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में दाल-चावल शामिल कर सकते हैं। इसके लिए आप खिचड़ी में देसी घी डालकर खाएं। रोजाना दिन में एक बार चावल खाएंगे, तो इससे आपको वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

**वजन बढ़ाने के लिए रोटी या चावल क्या है ज्यादा फायदेमंद :** वजन बढ़ाने वाले लोगों को आसानी से डायजेस्ट होने वाले फूड्स का सेवन करना चाहिए। क्योंकि ऐसे फूड्स बॉडी आसानी से ऑर्ब्जव कर लेती है. वैसे तो रोटी और चावल दोनों ही वजन बढ़ाने के लिए अच्छे होते हैं। लेकिन चावल जल्दी पच जाता है और कैलोरी को तेजी से बढ़ाता है। इसलिए इसे वेट गेन के लिए अधिक फायदेमंद माना जाता है। जबकि रोटी या चपाती धीमी गति से पचती है। इसलिए अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं तो आपको चावल का भरपूर सेवन करना चाहिए। चावल खाने से वजन बढ़ना आसान हो सकता है। अगर आपको वजन बढ़ाना हैं, तो सिर्फ चावल खाना काफी नहीं है। वजन बढ़ाने के लिए बैलेंस डाइट लेना जरूरी है। इसके लिए आपको अपनी डाइट में प्रोटीन, कार्ब्स और हेल्दी फैट लेना चाहिए। इसके साथ ही डेयरी प्रोडक्ट्स भी वजन बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

# मेकअप को मेल्ट होने से बचाने के लिए अपनाएं ये खास उपाय



प्रदूषण की वजह से चेहरे पर दाने, मुंहासे, झाइयां व टैनिंग की समस्या होने लगती है। लेकिन इसके साथ ही मेकअप को चेहरे से मेल्ट होने से बचाना भी एक बड़ा टास्क होता है। मेकअप मेल्ट होने की वजह से गर्मियों में कई महिलाएं दोपहर में बाहर जाने से कतराती हैं। धूप व पसीने की वजह से मेकअप पैचेस में बदल जाता है। गर्मियों में पसीना आना एक स्वभाविक प्रक्रिया है, जिसको रोका नहीं जा सकता है। लेकिन यदि आप मेकअप करते हुए कुछ आसान टिप्स को फॉलो करें, तो इससे मेकअप को मेल्ट होन से बचाया जा सकता है। इस लेख में आपको गर्मियों में मेकअप मेल्ट होने की समस्या से बचने के लिए कुछ उपयोगी टिप्स बताए गए हैं। आगे जानते हैं इन टिप्स के बार में विस्तार से।

**स्किन को मॉइश्चराइजर करना न भूलें :** गर्मियों में अधिकतर लोग त्वचा को मॉइस्चर नहीं करते हैं। ऐसे में फेस पर पसीना अधिक आने लगता है, जबकि वजह से मेकअप के मेल्ट होने की समस्या बढ़ सकती हैं। इसलिए जब आप मेकअप नहीं लगाते हैं तो त्वचा को मॉइस्चर अवश्य करें।

**सही प्राइमर का करें उपयोग :** यदि आप चाहती हैं कि गर्मियों में आपका मेकअप खराब न हो तो इसके लिए आप सही प्राइमरी का उपयोग करें। एक अच्छा प्राइमर आपके चेहरे के मेकअप के ऑयल को बैलेंस करने का काम करता है। इस समय आप ऑयली स्किन के लिए बनाए गए प्राइमर को यूज कर सकते हैं।

### हल्के फाउंडेशन का इस्तेमाल करें :

गर्मियों में हल्के फाउंडेशन का उपयोग करना सही माना जाता है। यदि आप हेवी फाउंडेशन का उपयोग करती हैं, तो इससे त्वचा की ऑक्सीजन लॉक हो जाती है। जिसकी वजह से पोर्स से पसीना अधिक आने लगता है और मेकअप मेल्ट होने की संभावना बढ़ जाती है।

### मेकअप को पाउडर से सेट करें :

गर्मियों के मौसम में मेकअप को पाउडर से सेट करना बहुत जरूरी है। अपने फाउंडेशन और कंसीलर को सेट करने के लिए आप बाजार में आने वाले ट्रांसलूसेंट पाउडर का उपयोग कर सकती हैं।

### वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें

अगर आप गर्मियों में मेकअप का यूज करती हैं, तो ऐसे में वाटर प्रूफ प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। बाजार में मेकअप किट में शामिल होने वाले अधिकतर प्रोडक्ट वाटरप्रूफ उपलब्ध होते हैं। ये प्रोडक्ट मेकअप को मेल्ट होने से बचाते हैं। गर्मियों में मेकअप को सही बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लेकिन ये मुश्किल टास्क नहीं है। सही तरह के उपायों को अपनाकर आप मेकअप को मेल्ट होने से बचा सकती हैं। फेस पर यूज करने वाले प्रोडक्ट के साथ किसी तरह का समझौता न करें और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद को ही खरीदें।

# पेट दर्द से छुटकारा पाने के लिए आजमाएं ये घरेलू उपाय



पेट में दर्द की परेशानी से व्यक्ति को कभी न कभी दो-चार होना पड़ता है। खराब जीवनशैली, ज्यादा जंक फूड का सेवन, पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना और अपच के कारण पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पेट दर्द होने पर व्यक्ति को काफी तकलीफ होती है और किसी काम में मन नहीं लगता है। पेट दर्द से राहत पाने के लिए कई लोग दवाइयों का सेवन करते हैं।

## पेट दर्द से राहत पाने के उपाय

### सौंफ

सौंफ पेट दर्द को दूर करने के साथ ही पाचन क्रिया को बेहतर बनाने का काम करती है। सौंफ में मौजूद गुण पेट के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। इससे पेट में गैस और सूजन जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है। इसका प्रयोग करने के लिए आप एक कप पानी में एक चम्मच सौंफ डालकर 10 मिनट तक उबालें। फिर इसे ठंडा करके इसका सेवन करें। दिन में दो से तीन बार इसका सेवन करने से आपको पेट दर्द से काफी राहत मिलेगी।

### अदरक

पेट दर्द से राहत पाने के लिए आप अदरक का सेवन कर सकते हैं। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पेट दर्द और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके लिए एक गिलास पानी में एक टुकड़ा अदरक घिसकर डालें। इसे उबलने दें और फिर गैस बंद कर दें। इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर दिन में दो से तीन बार लें।

### हींग

पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत पाने के लिए हींग का उपयोग सदियों से किया जा रहा है। पेट दर्द से राहत पाने के लिए आप हींग के पानी का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में एक चुटकी हींग डालें। इसे अच्छी तरह से मिला लें और दिन में दो से तीन बार पिएं। इससे आपको पेट दर्द से जल्द आराम मिलेगा।



### पुदीना

पुदीने का उपयोग पेट दर्द के घरेलू उपचार के रूप में किया जा सकता है। इसके लिए एक कप पानी में 5-6 पुदीने की पत्तियों को डालकर 10 मिनट तक उबालें। फिर इस मिश्रण को छानकर, इसमें थोड़ा शहद मिलाएं। दिन में दो से तीन बार इसका सेवन करें। इससे आपको पेट में दर्द और गैस की समस्या से राहत मिलेगी।

### गर्म सिकाई

अगर आपको पेट में हल्का दर्द हो रहा है, तो आप गर्म सिकाई कर सकते हैं। इसके लिए एक हीटिंग पैड को थोड़ी देर के लिए अपने पेट पर रखें। गर्म सिकाई करने से मांसपेशियों को आराम मिलता है। साथ ही दर्द और ऐंठन की समस्या भी दूर होती है।

# लिवर को ठंडा रखने के लिए रोज पिएं ये जूस, डिटॉक्स भी होगी बॉडी



गर्म हवाओं और धूप की वजह से न सिर्फ बाहरी शरीर प्रभावित होता है। बल्कि गर्मी शरीर के अंदरूनी अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। गर्मियों के मौसम में वातावरण के साथ ही शरीर का तापमान भी बढ़ने लगता है। पेट और शरीर में गर्मी बढ़ने की वजह से कई दिक्कतें होने लगती हैं। इतना ही नहीं, इस मौसम में लिवर में भी गर्मी बढ़ने लगती है। जब लिवर में गर्मी बढ़ती है, तो व्यक्ति को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लिवर में गर्मी बढ़ने पर चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, सिर में झुनझुनी जैसे लक्षणों का अनुभव हो सकता है। इसके अलावा, लिवर में गर्मी बढ़ने की वजह से त्वचा पर फोड़े-फुंसियां, खुजली और रेडनेस नजर आ सकती है। यह सीने और पेट में जलन का कारण भी बन सकता है। इसलिए लिवर को हेल्दी और ठंडा रखना बहुत जरूरी होता है। गर्मी में लिवर को ठंडा रखने के लिए आप जूस का सेवन कर सकते हैं। तो आइए, इस लेख में आरोग्य डाइट और न्यूट्रीशन क्लीनिक की डाइटीशियन डॉ. सुगीता मुटरेजा से जानते हैं गर्मी में लिवर को ठंडा रखने के लिए कौन-से जूस पीने चाहिए।

### तरबूज का जूस

गर्मियों में तरबूज का सेवन खूब किया जाता है। अधिकतर लोगों को तरबूज खाना पसंद होता है। तरबूज में पानी की मात्रा अधिक होती है, जिससे शरीर हाइड्रेट रहता है। अगर आप गर्मियों में रोजाना तरबूज का जूस पिएंगे, तो इससे पेट और लिवर को ठंडक मिलेगी। तरबूज का जूस लिवर को डिटॉक्स करने का एक अच्छा नैचुरल उपाय है। इस जूस को पीने से लिवर में जमा गंदगी और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इसके साथ ही, तरबूज के जूस में मौजूद पोषक तत्व आपको हेल्दी रखने में भी मदद करते हैं। गर्मी में तरबूज का जूस पीने से शरीर ठंडा बना रहता है। इससे लिवर हेल्दी और ठंडा रहता है, जिससे आप फ्रेश महसूस करते हैं।

### व्हीटग्रास जूस



व्हीटग्रास जूस विटामिन सी और ई का अच्छा सोर्स होता है। इसके अलावा, इसमें फाइटोन्यूट्रिएंट्स, आयरन और प्रोटीन भी पाए जाते हैं। इसलिए व्हीटग्रास जूस को संपूर्ण शरीर के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसकी तासीर ठंडी होती है, इसलिए गर्मियों में इसका सेवन करने से शरीर को ठंडक मिलती है। गर्मी में लिवर को ठंडा रखने के लिए भी आप व्हीटग्रास जूस पी सकते हैं। इस जूस को पीने से लिवर डिटॉक्स होता है। यह लिवर की सूजन को भी कम करने में सहायक होता है। लिवर को हमेशा स्वस्थ बनाए रखने के लिए आपको व्हीटग्रास जूस का सेवन जरूर करना चाहिए। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स लिवर को नुकसान पहुंचने से बचाते हैं।

### पालक का जूस

पालक का जूस सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस जूस में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। खासकर, गर्मियों में पालक का जूस पीने से शरीर में ठंडक बनी रहती है। अगर लिवर में गर्मी बढ़ गई है, तो इस जूस का सेवन करना लाभकारी हो सकता है। पालक का जूस लिवर की सफाई करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण लिवर को ऑक्सीडेटिव तनाव की वजह से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। गर्मियों में ग्रीन जूस पीने से आपके पेट और लिवर में ठंडक बनी रहेगी।

### बेल का जूस

बेल की तासीर बेहद ठंडी होती है। इसलिए गर्मियों में बेल का जूस पीना फायदेमंद होता है। गर्मी में लिवर को ठंडा रखने के लिए आप बेल का जूस पी सकते हैं। बेल के जूस में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो लिवर को डैमेज होने से रोकने में मदद करते हैं। बेल का जूस पीने से शरीर में जमा विषाक्त पदार्थों को भी बाहर निकालने में मदद मिलती है। यानी यह लिवर और बॉडी को डिटॉक्स करने में भी मदद करता है। इस जूस को पीने से आपको एनर्जी मिलेगी। गर्मी में रोजाना बेल का जूस पिएंगे, तो हमेशा हेल्दी महसूस करेंगे।

# कोलन कैंसर को रोकने के लिए अपनाएं ये उपाय



आंत का कैंसर, जिसे मेडिकल भाषा में कोलन या कोलोरेक्टल कैंसर भी कहते हैं, कैंसर का एक गंभीर प्रकार है। यह हमारी आंतों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इसके कारण आंतों में ब्लॉकेज के साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में कैंसर फैलने का जोखिम बहुत बढ़ जाता है। हालांकि, अगर समय रहते इसके लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो भविष्य में इसके जोखिम को कम करने और उपचार में बहुत मदद मिल सकती है। आमतौर पर आंत का कैंसर होने पर पेट संबंधी समस्याएं, दस्त, पेट में दर्द, ऐंठन, बाउल मूवमेंट ठीक से न होना, कब्ज, कमजोरी और थकान महसूस होना, अचानक वजन घटने जैसी समस्याएं देखने को मिल सकती हैं। कैंसर का यह प्रकार बहुत गंभीर है। यह हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अगर आप एक स्वस्थ जीवनशैली को फॉलो करें, तो भविष्य में कोलन कैंसर के जोखिम को कम कर सकते हैं। जिनकी मदद से आप कोलन कैंसर के विकास को रोक सकते हैं।

### स्क्रीनिंग कराएं

अगर आप नोटिस करते हैं कि आप लंबे समय से पेट संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, तो एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं, जिससे कि इसके सही कारणों का पता चल सके।

### फल और सब्जियों अधिक खाएं

स्वस्थ और संतुलित आहार लेना सेहत के लिए बहुत आवश्यक है। लेकिन जब आंत को स्वस्थ रखने की बात आती है, तो फल और सब्जियों को डाइट में अधिक मात्रा में शामिल करने की सलाह दी जाती है। साथ ही, साबुत अनाज खाएं। क्योंकि इनमें डाइट्री फाइबर की अच्छी मात्रा होती है। लेकिन कोशिश करें कि रेड मीट (बीफ, पोर्क या भेड़ का बच्चा), जंक और प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन कम से कम करें।

### वजन रखें कंट्रोल

शरीर का अधिक वजन यह दर्शाता है कि आपका पाचन और मेटाबॉलिज्म अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है। यह आंतों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। अध्ययन में यह पाया गया है कि मोटापे से ग्रस्त लोगों में कोलन कैंसर का जोखिम अधिक देखा गया है।

### एक्सरसाइज करना है जरूरी

शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना सिर्फ आंत के कैंसर ही नहीं, बल्कि कैंसर के अन्य प्रकारों के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है।

# हाई ब्लड प्रेशर के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं साइलेंट, ज्यादातर लोग कर देते हैं नजरअंदाज

खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान की वजह से लाखों लोग हाई ब्लड प्रेशर के शिकार हो रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर एक गंभीर बीमारी है और इस स्थिति में लापरवाही जानलेवा हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर को हाइपरटेंशन भी कहा जाता है। इस बीमारी के कारण आपको हार्ट स्ट्रोक, हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर और किडनी से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में हाई ब्लड प्रेशर की शुरुआत होने पर दिखने वाले लक्षणों को पहचानकर सही कदम उठाने से आप गंभीर रूप से इसका शिकार होने से बच सकते हैं। हाई ब्लड प्रेशर के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करने से यह बीमारी बढ़ जाती है और मरीज की मौत भी हो सकती है।

**हाई ब्लड प्रेशर के शुरुआती साइलेंट लक्षण :** शरीर में ब्लड प्रेशर यानी रक्तचाप का असंतुलन दो तरह से होता है। पहला जब आपके शरीर में हार्ट से धमनियों में सामान्य से ज्यादा ब्लड पंप होता है, इसे हाई ब्लड प्रेशर कहा जाता है। वहीं जब आपकी धमनियों में हार्ट से सामान्य से कम ब्लड पंप होता है, इसे लो ब्लड प्रेशर कहते हैं। लखनऊ के मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. के के कपूर कहते हैं कि शरीर में सामान्य ब्लड प्रेशर सिस्टोलिक - 120 एमएम एचजी और डायास्टोलिक - 80 एमएम एचजी होना चाहिए। जब आपके शरीर में ब्लड प्रेशर की रीडिंग सिस्टोलिक - 130 से 139 एमएम एचजी के बीच और डायास्टोलिक - 80 से 90 एमएम एचजी के बीच हो जाती है, तो इसे हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन माना जाता है। शरीर में हाई बीपी की शुरुआत के समस्या कई ऐसे लक्षण दिखाई देते हैं, जिन्हें सामय पर पहचानकर सही कदम उठाने से आप गंभीर समस्या का शिकार होने से बच सकते हैं।

**शरीर में हाई ब्लड प्रेशर के साइलेंट लक्षण इस तरह से दिखते हैं**

### बार-बार पेशाब आना



बार-बार पेशाब आना भी हाई ब्लड प्रेशर का शुरुआती लक्षण माना जाता है। आमतौर पर लोग इसे सामान्य या किसी दूसरी समस्या का लक्षण समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, ऐसा करना आपके लिए जानलेवा हो सकता है। अगर आपको भी लंबे समय से बार-बार पेशाब आने की समस्या हो रही है, तो सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें।

### आंखों का लाल होना

हाई ब्लड प्रेशर की शुरुआत होने पर आपकी आंखें लाल होने लगती हैं। शरीर में ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण धमनियों में ज्यादा ब्लड पंप होता है और इसकी वजह से आपकी आंखों पर गंभीर असर पड़ता है। अगर आप भी लंबे समय से इस समस्या से परेशान हैं, तो अपना ब्लड प्रेशर जरूर चेक करें।



### तेज सिरदर्द

हाई ब्लड प्रेशर की वजह से आपको तेज सिरदर्द की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से होने वाला सिरदर्द ज्यादा दर्दनाक होता है। हाई बीपी की वजह से आपको एक तरह का सेंसेशन महसूस होता है। ज्यादातर हाई बीपी के मरीजों को इस तरह का सिरदर्द सुबह के समय होता है।

### सीने में तेज दर्द

हार्ट और ब्लड प्रेशर से जुड़ी परेशानी में आपको सीने में तेज दर्द की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से आपको सांस लेने में दिक्कत और दिल की धड़कन बढ़ने की समस्या भी हो सकती है। इन लक्षणों को नजरअंदाज करना जानलेवा हो सकता है।

### धुंधला दिखना

शरीर में हाई बीपी की शुरुआत होने की वजह से आंखों पर गंभीर असर पड़ता है। इसकी वजह से आपकी आंखों के ब्लड वेसल्स डैमेज हो जाते हैं, इस स्थिति में मरीज को धुंधला दिखना शुरू हो जाता है।

### उल्टी और जी मिचलाने की समस्या

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में व्यक्ति को उल्टी और जी मिचलाने की समस्या का भी सामना करना पड़ता है। अगर आप भी लंबे समय से इस परेशानी का शिकार हैं, तो सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करें। शरीर में हाई बीपी के शुरुआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर की सलाह लेकर सही इलाज और हेल्दी डाइट का सेवन करना चाहिए।

# पर्यटकों को आकर्षित करता है खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला

महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित लोनावला खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह पुणे से लगभग 64 किमी पश्चिम में और मुंबई से 96 किमी पूर्व में है। लोनावला को हार्ड कैंडी चिक्की के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। लोनावला आने के लिए पुणे जंक्शन से लोकल ट्रेनें उपलब्ध हैं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग भी लोनावाला से होकर गुजरते हैं। वर्तमान लोनावला सेउना (यादव) राजवंश का हिस्सा था। बाद में मुगलों को इस क्षेत्र के रणनीतिक महत्व का एहसास हुआ और उन्होंने इस क्षेत्र को लंबे समय तक अपने पास रखा। इस क्षेत्र के किलों और मावला योद्धाओं ने मराठा साम्राज्य और पेशवाओं के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1871 में लोनावाला और खंडाला हिल स्टेशनों की खोज लॉर्ड एलफिंस्टन ने की थी, जो उस समय बॉम्बे प्रेसीडेंसी के गवर्नर थे। लोनावाला और निकटवर्ती खंडाला सह्याद्रि पर्वतमाला में स्थित जुड़वां हिल स्टेशन हैं। हिल स्टेशन लगभग 38 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैले हुए हैं। मानसून के मौसम में यहां पर्यटन चरम पर होता है। लोनावला नाम लेनी शब्द से बना है जिसका अर्थ है गुफाएं और अवली जिसका अर्थ है श्रृंखला। एक और दिलचस्प जगह तुंगी किला है, जो कर्जत गांव के पास मलिक अहमद द्वारा कब्जा किए गए किलों में से एक है। लोनावला के पर्यटन स्थलों की बात करें तो उनमें राजमाची प्वाइंट काफी मशहूर है। इस बिंदु से शिवाजी महाराज के किले, राजमाची (रॉयल टेराकोइओस) और आसपास की घाटी का दृश्य दिखाई देता है। राज्य परिवहन बस स्टैंड से राजमाची प्वाइंट और लोनावाला के बीच नियमित राज्य परिवहन बसें चलती हैं। वाघजई दारी भी यहीं स्थित है। राजमाची किला लोनावाला के नजदीक एक ऐतिहासिक किला है और मानसून के मौसम में बहुत सारे ट्रैकर्स को आकर्षित करता है। किले में दो अन्य किले भी शामिल हैं- श्रीवर्धन किला और मनरंजन किला। इसके अलावा, यह किला जुगनूओं के लिए जाना जाता है जो रात में आसपास को रोशन कर देते थे। रायवुड पार्क और शिवाजी उद्यान लोनावला में स्थित एक विस्तृत उद्यान है। इस बगीचे में कई ऊँचे पेड़ हैं, जिनमें से कुछ बहुत पुराने हैं। पार्क में एक पुराना शिव मंदिर है।



## वलवन बांध

वलवन बांध एक ब्रिटिश निर्मित उद्यान है और एक शताब्दी से भी अधिक पुराना है। इस बांध की दीवार के नीचे एक बगीचा है और यह शहर से 2 किमी दूर है। यह बांध बिजली पैदा करने के लिए सह्याद्रि की तलहटी में खोपोली बिजली स्टेशन को पानी की आपूर्ति करता है।

## डेला एडवेंचर पार्क

डेला एडवेंचर पार्क भारत का सबसे बड़ा एडवेंचर पार्क है जो लोनावला हिल स्टेशन में स्थित है। यह पार्क 36 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। डेला एडवेंचर पार्क करीब 52 साहसिक गतिविधियों की पेशकश करता है।

## लोनावला झील


लोनावाला झील शहर से लगभग 1.6 किमी दूर प्राकृतिक दृश्यों से घिरी हुई है। सर्दी और गर्मी के महीनों के दौरान झील सूख जाती है और इसमें हरी घास उग आती है जिसका उपयोग वॉकर और जॉगर्स द्वारा किया जाता है। यह स्थान अपने स्ट्रीट फूड के लिए पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड में भुट्टे, स्मोक्ड कॉर्न, शेव्ड आइस (गोला), वड़ा पाव, चाट और अदरक चाय जैसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

## ड्यूक की नाक

ड्यूक की नाक लोनावला से 12 किमी दूर है, जो मुंबई की ओर गाड़ी चलाते समय राजमार्ग से स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। खंडाला के इस ऐतिहासिक स्थल को पैदल यात्री देखने आते हैं। इसे स्थानीय रूप से नागफनी (कोबरा का हुड) के रूप में भी जाना जाता है, इस चट्टान का नाम ड्यूक ऑफ वेलिंगटन के नाम पर रखा गया है, जिनकी नाक जैसी यह दिखती है।

## टाइगर प्वाइंट

टाइगर्स लीप को टाइगर्स पॉइंट के नाम से भी जाना जाता है, जो 650 मीटर से अधिक की ढलान वाली एक चट्टान है। किंवदंती है कि एक बार एक बाघ द्वारा पीछा किए जाने पर मराठा साम्राज्य के राजा शिवाजी पहाड़ी पर से एक खाई में कूद गए और बाघ ने भी घाटी में छलांग लगा दी, तभी से इस स्थान को बाघ की छलांग का नाम दिया गया। बाघ की छलांग के ठीक आसपास एक छोटा-सा झरना है जो केवल मानसून के दौरान सक्रिय रहता है।





## कार्ला गुफाएँ

लोनावाला के पास स्थित कार्ला गुफाएं तीसरी से दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास बौद्ध भिक्षुओं द्वारा निर्मित गुफा मंदिरों का एक परिसर है। यहां देवी एकवीरा देवी का एक मंदिर भी मौजूद है।

## लोहागढ़ किला

मलावली रेलवे स्टेशन से लगभग 11.2 किमी की कठिन चढ़ाई आपको आयरन फोर्ट तक ले जाती है, जो कभी शिवाजी का दुर्जेय युद्ध स्थल था। किले से आसपास की पहाड़ियों और बस्तियों का दृश्य दिखता है।

## विसापुर किला

लोहागढ़ किले के निकट विसापुर किला स्थित है जो लोहागढ़-विसापुर किले का हिस्सा है। विसापुर किला अपने जुड़वां लोहागढ़ की तुलना में बड़ा और अधिक ऊंचाई पर है। इसका निर्माण 1713-1720 ई. के दौरान बालाजी विश्वनाथ द्वारा करवाया गया था।

## सिंह बिंदु


यह भूशी बांध और एम्बी वैली के बीच में एक दृश्य बिंदु है, जहां से एक गहरी घाटी और पहाड़ दिखाई देते हैं। यह स्थान भुने हुए मकई और प्याज के पकौड़ों के लिए जाना जाता है। इस पॉइंट पर कोई शेर नहीं है, लेकिन इसका यह नाम इसलिए रखा गया है क्योंकि यह लोनावाला के लायंस क्लब से जुड़ा है।

## नारायणी धाम मंदिर

नारायणी धाम एक मंदिर है जिसका निर्माण 2002 में हिंदू देवी नारायणी के सम्मान में किया गया था। यह लोनावला रेलवे स्टेशन से 2 किमी की दूरी पर है। मंदिर में दुर्गा माता, सालासर बालाजी (हनुमान) और गणपति की मूर्तियाँ संगमरमर की संरचना में स्थित हैं।

## तुंगरली बांध

यह झील और बांध मानसून के मौसम में जीवंत हो उठते हैं, जहां कुछ लोग पहाड़ की चोटी पर चढ़कर बांध तक पहुंचते हैं। यह बांध ब्रिटिश काल के दौरान बनाया गया था और इसमें पेड़ों और पहाड़ियों का एक शांत वातावरण है।



# जम्मू कश्मीर जाने की न करें मलाल हिमाचल की यह जगह है इसकी कॉपी

हिमाचल प्रदेश देश का एक प्रमुख पर्यटन राज्य है। हिमाचल अपनी असीम खूबसूरती, मनमोहक नजारे और अद्भुत जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। उंची-उंची घाटियां, झील-झरने, हसीन पहाड़ और पहाड़ों में मौजूद कुछ अनदेखी जगहें सैलानियों को काफी आकर्षित करती हैं। हिमाचल में ऐसी कई जगहें मौजूद हैं, जो जम्मू-कश्मीर से कम नहीं है।



## सुजानपुर टीहरा

हमीरपुर में स्थित सबसे बेहतरीन जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले सुजानपुर टीहरा का नाम जरूर लिया जाता है। आपको बता दें कि सुजानपुर टीहरा एक फोर्ट है, जिसका इतिहास कटोच राजवंश से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि सुजानपुर टीहरा फोर्ट का निर्माण कटोच राजवंश ने 1748 में किया था। ब्यास नदी के किनारे स्थित होने के चलते यह फोर्ट सैलानियों के बीच में भी काफी फेमस है। फोर्ट से व्यास नदी और आसपास के अद्भुत दृश्यों को सिर्फ और सिर्फ निहारने का ही मन करेगा। अगर आप एडवेंचर का शौक रखते हैं, तो रिवर राफ्टिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।



## चमेरा झील

हमीरपुर की खूबसूरती में कोई चीज सबसे अधिक चार चांद लगाने का काम करती है तो वो है चमेरा झील है। चमेरा झील हमीरपुर में घूमे जाने वाली सबसे चर्चित और लोकप्रिय जगहों में से एक है। हसीन पहाड़ और खूबसूरत देवदार के पेड़ों के बीच में मौजूद चमेरा झील नौकायन के लिए काफी फेमस मानी जाती है। ऐसे में झील में आप बोटिंग का अद्भुत लुत्फ भी उठा सकते हैं। झील के आसपास कई खाने-पीने की स्टॉल भी लगे होते हैं। मानसून या बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।

## नदौन

मुख्य शहर से करीब 20 किमी की दूरी पर मौजूद नदौन एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक जगह है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जगह की स्थापना कटोच वंश के शासकों द्वारा स्थापित किया गया था। नदौन की खूबसूरती में व्यास नदी बखूबी चार चांद लगाती है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में कटोच वंश के शासकों द्वारा नदौन में ही मछली पकड़ने का काम किया जाता था। नदौन एक प्राचीन मंदिर है, जिसे बेहद ही पवित्र मंदिर माना जाता है। महादेव मंदिर ने फेमस यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

## हमीरपुर टी गार्डन

हमीरपुर चाय बागानों के लिए काफी फेमस शहर माना जाता है। ऐसे में अगर आप किसी बेहतरीन चाय बागान में घूमने का शौक रखते हैं और चाय पीने का शौक रखते हैं, तो फिर आपको हमीरपुर चाय बागान पहुंच जाना चाहिए। हमीरपुर टी गार्डन अद्भुत नजारों के लिए भी काफी फेमस स्थान माना जाता है।

## हमीरपुर में घूमने की जगहें

हमीरपुर में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें हैं, जिन्हें आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे-टीरा सुजानपुर वन्यजीव अभयारण्य, अवाह देवी मंदिर और बाबा बालक नाथ मंदिर। इन जगहों पर घूमने के साथ-साथ ट्रेकिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

# महाराष्ट्र की छिपी हुई यह हसीन जगह किसी जन्नत से कम नहीं

महाराष्ट्र देश का एक ऐसा राज्य है जो अपनी हसीन और मनमोहक जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। महाराष्ट्र में स्थित लोनावला, खंडाला, महाबलेश्वर और पंचगनी जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करने हर दिन पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में स्थित चर्चित जगहों के अलावा कुछ ऐसी छिपी हुई जगहें हैं जहां एक बार घूमने के बाद आप हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड को भूल जाएंगे। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में स्थित मालवन भी एक छिपा हुआ खजाना है।



## मालवन बीच

मालवन में घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले मालवन बीच का नाम जरूर लिया जाता है। इस समुद्र तट की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि यहां हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। मालवन बीच को लेकर कहा जाता है कि जो पर्यटक प्रकृति से प्रेम करते हैं, वो यहां जरूर पहुंचते हैं। चमकदार सफेद रेत और समुद्र के नीले पानी पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं। समुद्र तट के किनारे-किनारे मौजूद नारियल और काजू के पेड़ खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। आपको बता दें कि मालवन बीच काफी साफ-सुथरा भी माना जाता है।

## सिंधुदुर्ग फोर्ट

मालवन से कुछ ही दूरी मौजूद सिंधुदुर्ग फोर्ट एक ऐतिहासिक फोर्ट होने के साथ-साथ लोकप्रिय पर्यटक भी स्थल है। कहा जाता है कि इस ऐतिहासिक फोर्ट का निर्माण 1664 में डच, पुर्तगाली और ब्रिटिशों के आक्रमण को विफल करने के लिए बनाया गया था। अरब सागर के किनारे स्थित यह फोर्ट मनमोहक दृश्यों के लिए भी काफी फेमस है। करीब 48 एकड़ में फैले इस फोर्ट से समुद्र की मनमोहक लहरों को निहार सकते हैं। फोर्ट से आप हसीन तस्वीरों को भी कैमरे में कैद कर सकते हैं।

## रॉक गार्डन

मालवन में स्थित रॉक गार्डन एक बेहद ही मनमोहक और खूबसूरत पर्यटन स्थल है। चिलवा समुद्र तट के किनारे स्थित रॉक गार्डन शांत वातावरण के लिए भी काफी फेमस माना जाता है। रॉक गार्डन सूर्योदय और सूर्यास्त के नजारों के लिए भी काफी फेमस है। खासकर सुबह और शाम के समय रॉक गार्डन कई पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। गार्डन में मौजूद छोटे-बड़े पत्थर भी सूर्य की रोशनी पर चमकते रहते हैं। जब समुद्र की लहरें चट्टानों से टकराती है तो देखना का एक सुखद अनुभव प्राप्त होता है। रॉक गार्डन से कुछ ही दूरी पर फूलों का एक बगीचा भी मौजूद है।

## मालवन में घूमने की अन्य जगहें

मालवन में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें मौजूद हैं, जहां परिवार, दोस्त या पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। देवबाग बीच और अर्चना बीच जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा जय गणेश मंदिर और केलबाई मंदिर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## स्कूबा डाइविंग का लुत्फ उठाए

महाराष्ट्र के कई समुद्र तट स्कूबा डाइविंग के लिए काफी फेमस माने जाते हैं। वॉटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाने के लिए कई लोग परिवार, पार्टनर या दोस्तों के साथ पहुंचते रहते हैं। मालवन में मालवन बीच, देवबाग बीच और अर्चना बीच में स्कूबा डाइविंग का बेहतरीन लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा मालवन में पैरासेलिंग, स्पीड बोट और जेट स्काई का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

## मालवन कैसे पहुंचें?

देश के किसी भी कोने से आप मालवन आसानी से पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप कोल्हापुर से आसानी से पहुंच सकते हैं। कोल्हापुर से मालवन की दूरी करीब 157 किमी है। इसके अलावा पुणे से करीब 7 घंटे की दूरी पर मालवन मौजूद है। मुंबई से मालवन की दूरी लगभग 530 किमी है। ऐसे में आप कोल्हापुर, पुणे या मुंबई जैसे शहर से आसानी से मालवन पहुंच सकते हैं।

# भारत में यहां स्थित है दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा

क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा भारत में स्थित है। लेकिन इस गुरुद्वारे तक पहुंचने के लिए आपको पहाड़ों, नदियों, झरनों को पार करना होगा। यह सुनकर आपको आसान लग रहा होगा, लेकिन फिर भी वहां पहुंचना कोई आसान काम नहीं है। सबसे ऊंचे गुरुद्वारे तक पहुंचने के लिए कम से कम 4 दिन की पैदल यात्रा करनी होती है। अगर अभी भी आपको समझ नहीं आया है तो बता दें कि हेमकुंड साहिब की बात कर रहे हैं। यह हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित है। इसकी ऊंचाई 14,100 फीट है, जिसकी वजह से यह दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा है।

**पंचकोणीय गुरुद्वारा :** यह गुरुद्वारा सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह को समर्पित है।




हेमकुंड साहिब में सिर्फ सिख ही नहीं, पूरे भारत के विभिन्न धर्मों के लोग आते हैं। लेकिन यहां आने के लिए एक बात ध्यान रखना होगा कि यहां कुछ समय पर ही एंट्री मिलती है। हेमकुंड साहिब में प्रवेश की अनुमति केवल साल में कुछ निश्चित समय पर ही दी जाती है। इसके अलावा अगर आप हेमकुंड साहिब जाना चाहते हैं, तो आपको वहां तक पहुंचने के लिए 4-5 दिन की पैदल यात्रा करनी होगी। इसलिए अगर आप इतनी यात्रा कर सकते हैं, तो ही यहां जाने का प्लान बनाएंगे।

**गुरुद्वारे का खूबसूरत नजारा :** यहां फूलों की घाटी ट्रेक पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस फूलों की घाटी पार करने के बाद ही हेमकुंड साहिब जाने का मौका मिलेगा। इस फूलों की घाटी की खासियत यह है कि आप 300 से अधिक प्रजातियों के फूल देख सकते हैं। यहां आपको ब्रह्म कमल भी देखने को मिलेगा। फूलों की घाटी और हेमकुंड साहिब की यात्रा जोशीमठ से शुरू होती है। जोशीमठ से पहले गोविंदघाट फिर घांघरिया आता है। यह घांघरिया हेमकुंड साहिब का पहला बेस कैंप है। इस घांघरिया से फूलों की घाटी के दर्शन करते हुए हेमकुंड साहिब पहुंचा जा सकता है। हेमकुंड साहिब के बगल में जमी हुई लोकपाल झील है। झील सात पर्वत चोटियों से घिरी हुई है। ऐसा कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह ने इसी झील के किनारे तपस्या की थी। इसलिए कहा जाता है कि इस जमी हुई झील में पैर डुबाने से आपके सारे पाप धुल जाते हैं। कई लोग हेमकुंड साहिब का जल बोतलों में भरकर घर लाते हैं।

**कब से शुरू होती है यात्रा :** फूलों की घाटी की यात्रा जून से शुरू होती है। उस समय हेमकुंड साहिब के कपाट पर्यटकों के लिए खोल दिये जाते हैं। आप जून की शुरुआत से सितंबर तक हेमकुंड साहिब की यात्रा कर सकते हैं। फूलों की घाटी मूलत:, एक मानसून ट्रेक है, लेकिन अक्टूबर से हेमकुंड साहिब में तापमान गिरना शुरू हो जाता है और सर्दियों के मौसम में दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा बर्फ की सफेद चादर से ढक जाता है। हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए दोपहर 2 बजे तक खुले हैं। इसके अलावा 14,000 फीट की ऊंचाई पर मौसम कभी भी बदल सकता है। इसलिए खतरे से बचने के लिए सुबह जल्दी यात्रा शुरू करनी चाहिए और दोपहर तक हेमकुंड साहिब के आसपास फिर से नीचे आ जाना चाहिए।

ऊंचाई पर वे ही पहुंचते हैं, जो बदला नहीं बदलाव लाने की सोच रखते हैं !

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# तुर्किये में एयरोस्पेस कंपनी पर हमला, 4 की मौत

## पहले बम ब्लास्ट किया, फिर महिला समेत 2 हमलावरों ने फायरिंग की; टैक्सी में पहुंचे थे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** तुर्किये में एयरोस्पेस और डिफेंस कंपनी TUSAS पर बुधवार, 23 अक्टूबर को हमला हुआ। इस हमले में 4 लोगों की मौत हो गई है जबकि 14 घायल हैं। हमला भारतीय समय के मुताबिक शाम 6:30 बजे हुआ।

तुर्किये के गृहमंत्री आली यरलीकाया ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि ये हमला राजधानी अंकारा से 40 किमी दूर कहरामंकाजान में हुआ। सुरक्षा बलों ने 2 हमलावरों को भी मार गिराया है। हालांकि ये अभी तक साफ नहीं है कि हमले के पीछे कौन हैं। हमलावर एक टैक्सी में पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने पहले बम ब्लास्ट किया और फिर फायरिंग शुरू कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टैक्सी में कुल 3 लोग सवार थे। इनमें एक महिला भी थी। इनमें से एक आत्मघाती हमलावर था, जिसने खुद को बम से उड़ा दिया। बाकी 2 ने लोगों पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। फिलहाल मौके पर सुरक्षा बलों, एंबुलेंस और दमकलकर्मियों को भेजा गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक इस कंपनी में करीब 15 हजार लोग काम करते हैं।

### हमले के पीछे हो सकता है उग्रवादी संगठन पीकेके

तुर्किये में पहले भी इस भी तरह के हमले होते रहे हैं। इनके पीछे उग्रवादी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) का नाम आ चुका है। स्थानीय मीडिया में इस हमले के पीछे भी इसका हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। पीकेके की स्थापना अब्दुल्लाह ओकालन ने 1978 में की थी। पीकेके तुर्किये में पहले भी कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पीकेके ने 1984 में कुर्दों के लिए अलग आजाद देश बनाने की मांग को लेकर विद्रोह शुरू किया था।

# पुलिस विभाग में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सतत फोकस हो : पुलिस महानिदेशक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (आरपीआईडीसीएल) के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने कहा कि पुलिस विभाग के तहत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सतत फोकस जरूरी है। साहू बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आरपीआईडीसीएल के तहत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निगरानी और रख-रखाव के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कॉरपोरेशन द्वारा बनाई गई बिल्डिंग्स के लीक से हटकर डिजाइन और कार्यों में क्वालिटी के लिए एडीजी हाऊसिंग तथा आरपीआईडीसीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती बिनीता ठाकुर और निगम की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उनको बधाई दी।



# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने स्व. भैरोंसिंह शेखावत की 101वीं जयन्ती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**जयपुर।** माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत के स्मृति स्थल पहुंचे। श्री शर्मा ने स्व. शेखावत की 101वीं जयन्ती पर विद्याधर नगर स्थित स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने स्व. शेखावत के परिजनों से मुलाकात की तथा प्रार्थना सभा में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्व. भैरोंसिंह जी का सम्पूर्ण जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और आदर्श हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, विधायक गोपाल शर्मा सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

# राजस्थान में रात में बढ़ेगी सर्दी

## बारिश के बाद अब मौसम साफ रहने की संभावना

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले दो-तीन दिन से चल रहा बारिश का दौर मंगलवार दोपहर बाद थम गया। आज से प्रदेश में एक बार फिर मौसम शुष्क रहने लगेगा। अगले दो-तीन दिन में कई शहरों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं, रात में तापमान गिरने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिमी राजस्थान और पाकिस्तान की सीमा पर एंटी साइक्लोन बनने से वेस्टर्न विंड का प्रभाव फिर से बढ़ेगा। मंगलवार को जयपुर, सीकर, हनुमानगढ़ के अलावा कोटा, उदयपुर संभाग के जिलों में बादल छाए और कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी हुई। हनुमानगढ़ में कल सुबह कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। वहीं, पश्चिमी राजस्थान के जिलों में भी कुछ जगहों हल्के बादल छाए रहे। इससे यहां दिन के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। मौसम केन्द्र जयपुर की रिपोर्ट के मुताबिक कल जोधपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, पिलानी, बीकानेर, चूरू, गंगानगर और हनुमानगढ़ में 1.5 से लेकर 3.4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट हुई।

# इंडस्ट्रियल अल्कोहल केस-7 जजों की बेंच का फैसला पलटा

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कानून बनाने का अधिकार राज्यों के पास, इसे नहीं छीना जा सकता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंडस्ट्रियल शराब पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों का है, इसे छीना नहीं जा सकता है। 9 जजों की बेंच ने 7 जजों की बेंच के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि इंडस्ट्रियल शराब को रेगुलेट करने का अधिकार केंद्र के पास है। साल 2010 में यह केस 9 जजों की बेंच में ट्रांसफर हुआ था। इस साल अप्रैल में इस केस में 6 दिन लगातार सुनवाई हुई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज 9 जजों की बेंच ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने फैसले का विरोध किया। इंडस्ट्रियल अल्कोहल इथेनॉल का अशुद्ध रूप है। आमतौर पर सॉल्वेंट के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। ये लोगों के पीने के लिए नहीं होती। अनाधिकृत उपभोग से बचने के लिए, इंडस्ट्रियल शराब में उल्टी पैदा करने वाला पदार्थ मिलाकर भी बेचा जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट के पास ये केस क्या था?

केस यह था कि क्या राज्य सरकारों के पास इंडस्ट्रियल अल्कोहल की सेल्स, डिस्ट्रीब्यूशन, प्राइसिंग को रेगुलेट और कंट्रोल करने की शक्ति है या नहीं। इंडस्ट्रियल अल्कोहल का उपयोग फार्मास्यूटिकल्स, कीटाणुनाशक, रसायन और यहां तक कि जैव ईंधन के निर्माण में होता है।




### याचिकाकर्ताओं ने कहा- इंडस्ट्रियल शराब पर टैक्स की शक्ति जरूरी

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि लस्स्ञ के बाद इंडस्ट्रियल शराब पर टैक्स लगाने की शक्ति महत्वपूर्ण है। ये राज्यों की आय का एक महत्वपूर्ण जरिया है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि यदि औद्योगिक शराब को विनियमित करने की शक्ति केंद्र के पास चली जाती है, तो औद्योगिक शराब की अवैध खपत से निपटने के मामले में उनके हाथ बंधे रहेंगे। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को औद्योगिक शराब के उत्पादन की तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम से यह भी समझाने की कोशिश की कि सभी शराब नशीली होती है चाहे पीने योग्य हो या नहीं।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- औद्योगिक शराब पर टैक्स का अधिकार राज्य के पास

**औद्योगिक शराब संविधान की लिस्ट ढ्ढ्ढ की एंट्री 8 के तहत नशीली शराब की परिभाषा के तहत आती है, जिससे राज्यों को इसके उत्पादन को विनियमित करने और टैक्स लगाने का अधिकार मिलता है। औद्योगिक शराब पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति छीनी नहीं जा सकती।**

### केंद्र ने कहा- औद्योगिक शराब को विनियमित करने की शक्ति केंद्र की

**केंद्र ने तर्क दिया कि औद्योगिक शराब को विनियमित करने की शक्ति हमेशा उनकी रही है। स्टेट लिस्ट की एंट्री 8 का उस शराब से कोई लेना-देना नहीं है जो पीने योग्य नहीं है।**

# पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट की हरियाणा-पंजाब सरकार को चेतावनी

## कहा- सख्त आदेश देने को मजबूर न करें; जुर्माना कम लगाया, जानकारी भी गलत दी

बढ़ता राजस्थान



**हिसार (एजेंसी)।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पंजाब और हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी कोर्ट में पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट ने गलत जानकारी देने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। हरियाणा सरकार की कार्रवाई से भी सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट नजर नहीं आया। कोर्ट ने कहा कि हमें सख्त आदेश देने के लिए मजबूर न करें। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस ए अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने पंजाब और हरियाणा सरकार की खेतों में पराली जलाने से रोकने की कोशिशों को महज दिखावा बताया। कोर्ट ने कहा कि अगर ये सरकारें वास्तव में कानून लागू करने में रुचि रखती हैं तो कम से कम एक मुकदमा तो चलना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा कि अब समय आ गया है कि केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को याद दिलाया जाए कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। प्रदूषण में रहना अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है।

### केंद्र सरकार को दो हफ्ते का समय दिया

सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत नियम बनाने और जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए केंद्र सरकार को दो हफ्ते का समय दिया। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण के चलते सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- आयोग ने प्रदूषण रोकने के लिए लागू होने वाली सख्तियों को लागू करवाने के लिए कोई मैकेनिज्म तैयार नहीं किया।

# खींवसर हार गए तो आरएलपी राजस्थान से मिट जाएगी : बेनीवाल

## कहा : मैं कांग्रेस से गठबंधन तोड़ना नहीं चाहता, आज करूंगा टिकट का फैसला

बढ़ता राजस्थान



**नागौर (नि.स.)।** खींवसर में उपचुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल का कहना है कि वे पहले प्रत्याशी की घोषणा कर गठबंधन नहीं तोड़ेंगे। बुधवार को बेनीवाल ने नागौर स्थित अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बैठक बुलाई। इसमें रायशुमारी के बाद उन्होंने कहा कि वे गुरुवार की सुबह रालोपा प्रत्याशी का फाइनल फैसला करेंगे।

उन्होंने कहा- एक बार कांग्रेस का रुख भी देख लेता हूं। उसके बाद हम घोषणा करेंगे और नामांकन के बचे हुए 2 दिन में नामांकन दाखिल करने का मुहूर्त भी देख लेंगे। अगर सरकार आपको तंग करेगी तो हनुमान सड़क पर आ जाएगा, जिसके बाद राजस्थान की सरकार जाम हो जाएगी। लेकिन 15 दिन शांति रखनी है, उसके बाद कलेक्टर-एसपी और थानेदारों की कुर्सियों पर आपको ही बैठना है। भाजपा से डरने की कतई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने समर्थकों से कहा कि ये चुनाव जीते तो लिखा जाएगा कि चुनाव खींवसर की जनता और आरएलपी ने जीता। यदि हार गए तो लिखा जाएगा कि आरएलपी राजस्थान से मिट गई, आरएलपी का खाता नहीं रहा विधानसभा में।

### सांसद पर लगाया धोखा देने का आरोप

हनुमान बेनीवाल ने उम्मेदाराम बेनीवाल का नाम लिए बिना कहा कि एक व्यक्ति को मैंने पूछा कि तुमने मेरे साथ धोखा क्यों किया? तो उसने कहा कि धोखा नहीं करता तो सांसद नहीं बनता। मैंने कहा कि मैं ही हाथ पकड़कर कांग्रेस में बिठा देता तो वो बोला कि धोखा देकर सांसद बन गया, आपके क्या फर्क पड़ता है? लेकिन भई इंसानों के तो फर्क पड़ता ही है।

### बैठक में बोले- कांग्रेस से गठबंधन तोड़ना नहीं चाहता

मैं समर्थकों से बात भी करूंगा, टेलीफोन के माध्यम से भी बात करूंगा। टिकट घोषणा में देरी इसलिए हो रही है कि मैं पहले टिकट घोषित करके कांग्रेस से गठबंधन तोड़ना नहीं चाहता। इंडी गठबंधन की लोकसभा चुनावों के समय घटक दल रही भारतीय आदिवासी पार्टी ने 2 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। मैं चाहता तो मैं भी डिक्लेयर कर देता, मुझे कौन रोकता है? लेकिन फिर लोग कहते कि हनुमान बेनीवाल जिससे गठबंधन करता है उसी से तोड़ लेता है। मैंने हाल ही में कहा था कि बीजेपी मेरी नंबर वन दुश्मन है। भाजपा को हराने के लिए अगर जहर का घूंट भी पीना पड़ा तो पिएंगे, लेकिन हम हमारी तरफ से राजस्थान में गठबंधन नहीं तोड़ेंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com